नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in





वर्ष :02 | अंक : 219 | नई दिल्ली, गुरुवार 07 नवंबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |



अमिषा को चलते-चलते रिजेक्ट करने का है मलाल ← पेज-12


## एक नजर

### मुर्मु ने छठ पूजा पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को अपने संदेश में कहा, व्रत और निष्ठा से जुड़े लोक आस्था के पावन पर्व छठ पूजा के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा देश के प्राचीनतम त्योहारों में से एक है जिसमें सभी श्रद्धालुगण सूर्यदेव की आराधना करते हैं। इस त्योहार पर हम प्रकृति की अनुपम देन के रूप में नदियों और तालाबों की भी पूजा करते हैं। कठोर उपवास का यह पर्व हमें निर्मल बनाता है और आध्यात्मिक रूप से जागृत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का यह अनूठा पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने कहा,आइए, छठ पूजा के अवसर पर भगवान सूर्य, नदियों और धरती मां के प्रति हम अपनी आस्था प्रकट करें। मेरी कामना है कि यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशहाली लाए तथा हमें प्रकृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित करे।

### सामाजिक समरसता के लिये कार्य करता है आरएसएस : भागवत

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस सामाजिक समरसता के लिए काम करता है और इस अवधारणा से बाहर निकलना होगा कि संगठन केवल हिंदुओं और मनुवादियों के लिए है। अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत मंगलवार को मध्यप्रदेश के सतना जिले के पवित्र नगर चित्रकूट पहुंचे श्री भागवत प्रांत के संघ चालक वर्ग सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संघ संचालकों का दायित्व है कि वे समाज में व्याप्त विषमताओं को दूर करें और सामाजिक समरसता कायम करने के लिये कार्य करें। श्री भागवत ने संघ चालकों को दायित्व बोध कराते हुये कहा कि चूंकि समाज में संघ चालक ही संघटन के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करते है, इसलिये समाज उन्हें आशा भरी नजरों से देखता है। उन्होंने कहा कि इस अवधारणा से बाहर निकलना होगा कि संघ केवल हिन्दुओं और मनुवादियों के लिये है।

### डेपसांग में गश्त को लेकर किसी तरह की बाधा नहीं : सेना

**नई दिल्ली।** सेना ने बुधवार को स्पष्ट किया कि भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख के डेपसांग में गश्त के बारे में बनी आम सहमति का पालन कर रहे हैं और किसी भी पक्ष की ओर से इसमें बाधा उत्पन्न नहीं की जा रही है।

सेना ने एक अंग्रेजी दैनिक में डेपसांग में गश्त बहाल करने पर बातचीत बाधित हुई शीर्षक से प्रकाशित समाचार पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि गत 21 अक्टूबर को बनी सर्वसम्मति के आधार पर, दोनों पक्षों ने प्रभावी ढंग से सैनिकों को पीछे हटाया है । भारतीय पक्ष ने अपने पारंपरिक गश्त वाले क्षेत्रों में गश्त फिर से शुरू कर दी है। दोनों पक्ष आम सहमति का पालन कर रहे हैं और किसी भी पक्ष द्वारा कोई बाधा उत्पन्न नहीं की गई है। सेना ने कहा है कि यह स्पष्ट किया जाता है कि इस अंग्रेजी दैनिक में बुधवार को प्रकाशित लेख काल्पनिक और तथ्यों से परे है।

सेना ने मीडिया से अनुरोध किया है कि वह ऐसे संवेदनशील लेख प्रकाशित करने से पहले तथ्यों को सत्यापित कर लें।

# अमेरिकी चुनाव: ट्रंप की ऐतिहासिक वापसी

## एक हार के बाद फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने वाले दूसरे राष्ट्रपति

- 78 साल की उम्र में ट्रंप व्हाइट हाउस में कदम रखने वाले सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** डोनाल्ड जॉन ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया। भारतीय समयनुसार शाम 5.30 तक उन्होंने 277 इलेक्टोरल वोट हासिल कर लिए थे जो कि बहुमत के 270 के जादुई आंकड़े से कहीं अधिक थे।

हालांकि राज्यों को आधिकारिक परिणामों की घोषणा करने में कई दिन या सप्ताह लगेंगे क्योंकि उन्हें औपचारिकताएं और मतगणना पूरी करनी होगी, लेकिन परंपरा के अनुसार मीडिया ने मतगणना के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर उन्हें विजेता घोषित किया।

78 साल की उम्र में, वह व्हाइट हाउस में कदम रखने वाले सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे। वह पराजित होने के बाद चुने जाने वाले अमेरिकी इतिहास के दूसरे राष्ट्रपति बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सिर्फ ग्रोवर क्लीवलैंड के नाम था जो 1892 में दूसरी बार चुनाव जीते थे।

डोनाल्ड ट्रंप की यह दूसरी जीत इस लिहाज से भी खास है कि इस बार रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है।

ट्रम्प इस जीत को अपने इस दावे की पुष्टि के रूप में देखेंगे कि 2020 का चुनाव 'चुराया हुआ' था और उन्होंने बिडेन को हराया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार दोपहर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत के लिए डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं।

पीएम मोदी ने कहा, मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके पिछले कार्यकाल की सफलताओं की तरह ही, मैं भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं. आइए मिलकर अपने लोगों के कल्याण, वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए काम करें।

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में समर्थकों को संबोधित करते हुए अपनी जीत का एलान किया। हालांकि उनकी जीत की आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

ट्रंप ने जीत को अमेरिका का 'स्वर्ण युग' बताया। रिपब्लिकन उम्मीदवार ने कहा, यह अमेरिकी लोगों के लिए एक शानदार जीत है, जो हमें अमेरिका को फिर से महान बनाने का अवसर देगी।

### पूरी दुनिया मोदी को प्यार करती है, भारत एक अद्भुत देश, जीत के बाद मोदी से बोले ट्रंप



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत की और उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर फिर से बधाई दी। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने वैश्विक शांति के लिए साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया उन्हें प्यार करती है। उन्होंने भारत को एक महान देश और पीएम मोदी को एक महान नेता बताया। राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को एक सच्चा मित्र माना और कहा कि पीएम मोदी उनके चुनावी जीत के बाद सबसे पहले संपर्क करने वाले विश्व नेताओं में से एक हैं। पीएम मोदी ने कहा, "मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ सार्थक बातचीत हुई, उनकी शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी। प्रौद्योगिकी, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बार फिर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं। सूत्रों के मुताबिक, ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि पूरी दुनिया उन्हें प्यार करती है, भारत एक अद्भुत देश है और वह एक शानदार व्यक्ति हैं। ट्रंप ने मोदी से कहा कि वह उन्हें और भारत को सच्चा दोस्त मानते हैं और भारतीय प्रधानमंत्री उन शुरुआती वैश्विक नेताओं में से एक हैं जिनसे उन्होंने जीत के बाद बात की है।

### जीत पर विश्व के नेताओं ने दी बधाई



अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने पर विश्व के नेताओं ने श्री डोनाल्ड ट्रम्प को बधाई दी है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री ट्रम्प की जीत की सराहना की है और बधाई दी है।

श्री स्टारमर ने श्री ट्रम्प को उनकी 'ऐतिहासिक चुनावी जीत' पर बधाई दी। श्री स्टारमर ने कहा, 'मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।' उन्होंने कहा, 'सबसे करीबी सहयोगी के रूप में हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।'

श्री नेतन्याहू ने कहा, 'विकास और सुरक्षा से लेकर नवाचार और तकनीक तक मुझे पता है कि आने वाले वर्षों में अटलांटिक के दोनों ओर ब्रिटेन-अमेरिका के विशेष संबंध समृद्ध होते रहेंगे।'उन्होंने कहा 'इतिहास की सबसे बड़ी वापसी पर बधाई! व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए एक नयी शुरूआत और इजरायल और अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता प्रदान करती है।यह एक बहुत बड़ी जीत है।'

श्री ओर्बन ने कहा,'अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी वापसी! राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनकी शानदार जीत पर बधाई। दुनिया के लिए एक बहुत जरूरी जीत।'

श्री अल्बानीज ने एक बयान में कहा, 'मैं राष्ट्रपति ट्रम्प को उनकी चुनावी जीत पर बधाई देता हूँ। अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव हमेशा दुनिया, हमारे क्षेत्र और ऑस्ट्रेलिया के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। हमारी सरकार हमारी मजबूत आर्थिक साझेदारी के लाभों को महसूस करने के लिए नए ट्रम्प प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगी।' उन्होंने कहा कि अमेरिका ने लंबे समय से इंडो-पैसिफिक की स्थिरता और सुरक्षा में नेतृत्व की भूमिका निभाई है।

## एफसीआई में होगा 10700 करोड़ रुपये का निवेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार सार्वजनिक खरीद के उपक्रम भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिये 10 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले दिनों सरकार ने किसान और कृषि तथा सार्वजनिक जन वितरण के महत्व को समझते हुये कई महत्वपूर्ण फैसले किये हैं। सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। इस कारण से बाजार में एमएसपी से जुड़ी फसलों की आमद ज्यादा हुई है और एफसीआई का कामकाज बढ़ गया है। इसको देखते हुये सरकार ने एफसीआई को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने का फैसला किया है। इसके लिये एफसीआई में शेयर पूंजी के रूप में 10 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह निवेश एफसीआई में वित्तीय वर्ष 2024-25 में होगा। सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना और देश भर के किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना है।

### बिना उचित प्रक्रिया घर तोड़ना पड़ा उप्र सरकार को महंगा

## 25 लाख मुआवजा देने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने 'बिना उचित प्रक्रिया के पालन' बुलडोजर से एक पत्रकार का घर गिराने पर उत्तर प्रदेश सरकार को पीड़ित को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का बुधवार को आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वर्ष 2019 में महाराजगंज जिले में सड़क चौड़ीकरण की एक परियोजना के लिए पत्रकार मनोज टिबरेवाल का घर गिराने के मामले में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

पीठ ने मुआवजा देने का निर्देश देते हुए कहा कि अदालत के इस आदेश की प्रति सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को भी भेजी जाए। पीठ ने मुआवजा देने का आदेश पारित करते हुए कहा, आप (सरकार) बिना उचित प्रक्रिया का पालन किए बुलडोजर लेकर नहीं आ सकते और रातों-रात घर को ध्वस्त नहीं कर सकते।' शीर्ष अदालत ने राज्य के अधिकारियों को तोड़फोड़ करने पर फटकार लगाई और इसे 'अराजकता' करार दिया।

पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को महाराजगंज जिले में अवैध तोड़फोड़ की जांच करने का निर्देश दिया।

न्यायालय ने पत्रकार मनोज टिबरेवाल आकाश द्वारा भेजी गई शिकायत के आधार पर 2020 में स्वतः संज्ञान करवाई की थी। टिबरेवाल का महाराजगंज जिले में स्थित घर 2019 में तोड़ दिया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आकाश का पक्ष रखा।

राज्य सरकार ने दावा किया कि आकाश ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया है।

पीठ ने राज्य के वकील से पूछा, "आप कहते हैं कि वह 3.7 मीटर तक अतिक्रमण था।

## शारदा सिन्हा का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

द न्यूज 15 ब्यूरो

**पटना।** 'बिहार कोकिला' शारदा सिन्हा के पार्थिव शरीर को दिल्ली से पटना लाया गया। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। छठ के पहले दिन (मंगलवार देर रात) दिल्ली AIIMS में उनका निधन हो गया। छठ के गाए उनके गीत बेहद मशहूर हैं। इस पर्व के पहले ही दिन उन्होंने अंतिम सांस लीं। फ्लाइट से उनके पार्थिव शरीर पटना लाया गया। पटना में इसे अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। कल (गुरुवार) को सुबह 8 बजे के बाद गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान का साथ शारदा सिन्हा को अंतिम विदाई दी जाएगी। 26 अक्टूबर को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली अक्क्टर में भर्ती कराया गया था। शारदा सिन्हा के निधन पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी और सीएम नीतीश के अलावा कई राज्यों के गवर्नर और मुख्यमंत्री ने शोक जताया है। शारदा सिन्हा के गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत कई दशकों से काफी लोकप्रिय है। छठ महापर्व से जुड़े उनके गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी।

'बिहार कोकिला' शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर फ्लाइट से पटना लाया गया। एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, जदयू के नेता और मंत्री महेश्वर हजारी समेत कई नेताओं और कलाकारों ने स्वर्गीय शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। पटना के जिलाधिकारी भी मौजूद थे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शारदा सिन्हा के राजेंद्र नगर स्थित आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी।



### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

दीपक कुमार तिवारी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित प्रख्यात लोकगायिका बिहार कोकिला शारदा सिन्हा के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास पहुंचे और स्वर्गीय शारदा सिन्हा के पार्थिव शरीर पर पुष्प-चक्र अर्पित कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में सांत्वना दी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और सांसद संजय कुमार झा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा सिन्हा का निधन बिहार और भारतीय संगीत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके गीतों ने बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और पूरे देश में प्रसिद्ध करने का कार्य किया।

### मां को मिले पद्म विभूषण: अंशुमान

पटना। बिहार कोकिला के नाम से प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार को निधन हो गया. उनके निधन से उनके चाहने वाले गहरे शोक में हैं. शारदा सिन्हा उत्तर प्रदेश और बिहार में बेहद लोकप्रिय थीं, साथ ही पूरे देश में उनके प्रशंसक थे. 72 वर्षीय लोक गायिका लंबे समय से मायलोमा रक्त कैंसर से जूझ रही थीं और दिल्ली के एम्स में उन्होंने अंतिम सांस ली. गुरुवार को उनके निधन के बाद उनके बेटे अंशुमान ने मीडिया से बातचीत की और मांग की कि उनकी मां को देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण, प्रदान किया जाए. अंशुमान ने कहा, मेरी मां ने बहुत कुछ किया, और वह सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि देश-विदेश में भी बेहद लोकप्रिय थीं. हालांकि हम किसी शिकायत या विशेष मांग की अपेक्षा नहीं रखते, लेकिन हमें हमेशा लगता था कि उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाना चाहिए था.

अंशुमान ने आगे कहा, मेरी मां ऐसी नहीं थीं, जो कभी मन में शिकायत पालें . हमें खुशी के साथ जो कुछ भी मिला, उसमें संतुष्ट रहना हमने उनसे ही सीखा था. हम जानते हैं कि सरकार मरणोपरांत भी लोगों को सम्मानित कर सकती है. अगर मेरी मां को मरणोपरांत पद्म विभूषण से नवाजा जाता है, तो इससे उनके लाखों-करोड़ों प्रशंसकों को बहुत खुशी होगी. ज्ञात हो कि शारदा सिन्हा को पहले ही पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित किया जा चुका था. दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान अपनी मां के साथ रहे अंशुमान ने उनके अंतिम पलों को याद करते हुए कहा, उनकी मां ने एक जानलेवा बीमारी के खिलाफ कठिन लड़ाई लड़ी, लेकिन अंत में वह उसे हरा नहीं सकीं. उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखे जाने से पहले ही उन्हें महसूस हो गया था कि अंत नजदीक है.

## एकाधिकारवादियों की एक नई पीढ़ी ने 'ईस्ट इंडिया कंपनी' की जगह ले ली है : राहुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि 'ईस्ट इंडिया कंपनी' भले ही बहुत पहले खत्म हो गई हो, लेकिन उसने जो डर पैदा किया था, वह आज फिर से दिखाई देने लगा है और एकाधिकारवादियों की एक नई पीढ़ी ने उसकी जगह ले ली है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रगतिशील भारतीय व्यापार के लिए 'न्यू डील' एक ऐसी सोच है, जिसका समय आ गया है।

वर्ष 1933 से 1938 के बीच आर्थिक महामंदी से उबरने के लिए अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने 'न्यू डील' नामक कार्य-योजना की घोषणा की थी जिसके अंतर्गत कई सामाजिक उदारवादी नीतियों को अमल में लाया गया।

राहुल गांधी ने एक हिंदी समाचार पत्र में लिखे एक लेख में कहा, ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत की आवाज कुचल दी थी। यह आवाज उसने अपनी व्यापारिक शक्ति से नहीं, बल्कि अपने शिकंजे से कुचली थी।

उन्होंने कहा, हमने अपनी आजादी किसी दूसरे देश के हाथों नहीं गंवाई, हमने इसे एक एकाधिकारवादी निगम के हाथों खो दिया था, जो हमारे देश में दमन तंत्र को चलाता था। कंपनी ने प्रतिस्पर्धा खत्म कर दी थी। वही यह तय करने लगी थी कि कौन क्या और किसे बेच सकता है।

कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे बस इतना पता है कि कंपनी ने एक क्षेत्र में अफीम की खेती पर एकाधिकार हासिल कर लिया था और दूसरे क्षेत्र में नशा करने वालों का एक बाजार विकसित कर लिया था। जब कंपनी भारत को लूट रही थी, तब उसे ब्रिटेन में एक आदर्श कॉरपोरेट निकाय के रूप में दशार्या जा रहा था।

उन्होंने दावा किया कि ईस्ट इंडिया कंपनी भले ही सैकड़ों साल पहले खत्म हो गई हो, लेकिन उसने जो डर पैदा किया था, वह आज फिर से दिखाई देने लगा है।

राहुल गांधी के अनुसार, एकाधिकारवादियों की एक नई पीढ़ी ने इसकी जगह ले ली है। परिणामस्वरूप जहां भारत में हर किसी के लिए असमानता और अन्याय बढ़ता जा रहा है, वहीं यह वर्ग अकूत धन एकत्रित करने में लगा है। हमारी संस्थाएं अब हमारे लोगों की नहीं रहीं। वे एकाधिकारवादियों के आदेश मानती हैं।

उन्होंने दावा किया कि आज लाखों व्यवसाय तबाह हो गए हैं और भारत युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में असमर्थ है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ह्यह्यभारत माता अपने सभी बच्चों की मां है। उसके संसाधनों और शक्ति पर कुछ चुनिंदा लोगों के एकाधिकार और बहुजनों की उपेक्षा ने गहरी चोट पहुंचाई है।

# दिल्ली सरकार की छठ पर्व की तैयारियां पूरी करने में विफलता जगजाहिर : सचदेवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज जब छठ महोत्सव अपने अंतिम दिन की ओर बढ़ा है, तब एक ओर दिल्ली सरकार की छठ पर्व की तैयारियां पूरी करने में विफलता जगजाहिर हो गई है तो वहीं दूसरी ओर सरकार के विधायकों एवं मंत्रियों के द्वारा छठ समितियों पर दबाव डाल कर छठ घाटों के राजनीतिकरण की भी पोल खुल गई हैदिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में छठ महोत्सव यमुना किनारे करने देने को लेकर एक याचिका की सुनवाई थी जिसमें न्यायालय में स्पष्ट हुआ की यमुना का जल साफ नही, पूजा करने के लिए उतरने योग्य नहीं जिसने दिल्ली सरकार के छठ के लिए यमुना मे स्वच्छ जल देने के दावों की पोल खोल दी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि नहाय खाय से शुरू हुई छठ पूजा के दूसरे दिन आज माताओं बहनों ने खरना की पूजा की पर चारों ओर छठ समितियां हों या छठ व्रती सभी इस बात को लेकर चिंतित है की कल दोपहर बाद से सूर्य देव को अर्क देने की पूजा होनी है पर घाट आज शाम तक भी तैयार नहीं हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ता सैकड़ों छठ समितियों से जुड़े हैं और हमारे पूर्वांचल मोर्चा का फीडबैक है की दिल्ली के 1060 में से 600 से अधिक अस्थाई घाटों में शाम भी पूजा पंडाल टैंट इंफ्रास्ट्रक्चर आधा भी तैयार नहीं है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के लगभग सभी 1060 अस्थाई घाटों के साथ ही यमुना किनारे के घाटों पर भी स्थिती इतनी बदहाल है की टेंट ठेकेदार स्वीकृत टेंट सामान जैसे बैरिगेट्स, मेज, तम्बू एवं कुर्सी में से आधा भी समितियों को देने को तैयार नहीं जिसके चलते अनेक जगह समिति वालों की ठेकेदारों से झगड़े की स्थिती बनी। भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने आज अनेक टेंट ठेकेदारों से बात की और पाया की उन पर स्थानीय "आप" विधायकों का कमीशन का इतना दबाव है वह काम पूरा करने की स्थिती मे नहीं है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में गत लगभग 2 दशक से छठ महोत्सव की व्यवस्था सरकारी स्तर पर होती है पर इस वर्ष जैसी अव्यवस्था पहले कभी नहीं देखा गई। इसी तरह दिल्ली में सैकड़ों पूर्वांचल बहुल कॉलोनियों एवं गलियां हैं पर दिल्ली नगर निगम ने वहां आज सांय तक भी सफाई की पूरी व्यवस्था नहीं की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति ना होगा की दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता के चलते दिल्ली छठ माता के स्वागत के लिए तैयार नहीं है।

## दिल्ली की हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार, 358 रहा औसत एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार को दिल्ली की औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 358 रहा। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की हवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली वासियों को खासतौर पर बच्चे और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने के दौरान सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंदीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 7.30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 358 अंक रहा। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 234, गुरुग्राम में 304, गाजियाबाद में 276, ग्रेटर नोएडा में 274 और नोएडा में 266 एक्यूआई रहा।

दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर मापा गया, जिसमें बवाना में 412, मुंडका में 419, एनएसआईटी द्वारका में 447 और वजीरपुर में 421 एक्यूआई दर्ज किया गया। जबकि दिल्ली एनसीआर के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच में दर्ज किया गया। अलीपुर में 372, अशोक विहार में 398, आया नगर में 334, बुराड़ी क्रॉसिंग में 370, चांदनी चौक में 311, मथुरा रोड में 333, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 367, डीटीयू में 355, द्वारका सेक्टर 8 में 355, आईजीआई एयरपोर्ट में 347, आईटीओ में 327, जहांगीरपुरी में 398, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 315 और लोधी रोड में 309 एक्यूआई रहा।

इनके अलावा मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 354, मंदिर मार्ग में 356, नजफगढ़ में 354, नरेला में 377, नेहरू नगर में 376, न्यू मोती बाग में 381, नॉर्थ कैंपस डीयू में 373, ओखला फेस 2 में 357, पटपड़गंज में 381, पंजाबी बाग में 388, पूषा में 330, आर के पुरम में 373, शादीपुर में 372, सिरी फोर्ट में 341, सोनिया विहार में 354 और दिलशाद गार्डन में 358 एक्यूआई दर्ज किया गया। अगर एक दिन पहले की बात करें, मंगलवार को सुबह 7.15 बजे तक दिल्ली का औसत एक्यूआई लेवल 384 दर्ज किया गया था। दिल्ली के 14 इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 के ऊपर मापा गया था, जबकि 23 स्थानों पर ये 300 से 400 के बीच बना रहा।

## एक नजर

### आईजीआई एयरपोर्ट के पास एनएसजी कमांडो ने खुद को मारी गोली, मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईजीआई एयरपोर्ट के नजदीक एनएसजी के सुदर्शन कैंप में एनएसजी के कमांडो ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम नरेंद्र कुमार भंडारी है। आईजीआई थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौके से साक्ष्य एकत्रित किया गया। मामले की छानबीन एनएसजी व आईजीआई थाना पुलिस दोनों द्वारा अपने अपने स्तरों पर की जा रही है। पुलिस के अनुसार शिव मूर्ति के नजदीक एनएसजी सुदर्शन कैंप में एक जवान द्वारा आत्महत्या करने की सूचना पीसीआर के माध्यम से मिली। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने लहुलुहान हालत में जवान का शव बैरक के भीतर पड़ा हुआ पाया। छानबीन में पता चला कि नरेंद्र कुमार भंडारी भारतीय सेना में थे और इन दिनों प्रतिनियुक्ति पर एनएसजी में तैनात थे। नरेंद्र ने आत्महत्या क्यों की, इसे लेकर पुलिस उनके साथ काम करने वाले कर्मियों व उनके स्वजन से बात कर पता करने का प्रयास करेगी। मौके पर सुसाइड नोट मिला है या नहीं, इसे लेकर पुलिस अधिकारी कुछ नहीं बता रहे हैं।

### सम्मोहित करके ठगी करने वाले दो धरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जिले की जगतपुरी पुलिस ने मंगलवार को सम्मोहित करके ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान तिलक नगर के गुरु नानक नगर निवासी मलकीत सिंह व संतगढ़ निवासी गुरुबचन सिंह के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान जगतपुरी इलाके में दो वारदातें अंजाम देने की बात बताईं। आरोपियों की गिरफ्तारी से दोनों मामलों को सुलझाने का दावा पुलिस कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को आरोपियों ने एक महिला को सम्मोहित कर ठगी की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान दोनों आरोपियों की पहचान करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद अन्य मामलों का भी खुलासा हुआ।

### विस चुनाव की तैयारियों को लेकर 11 नवंबर से आआपा का 'जिला पदाधिकारी सम्मेलन'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आआपा) अपने बूथ स्तर के कार्यकताओं को चुनावी तैयारियों में सक्रिय करने के लिए 11 नवंबर से 'जिला पदाधिकारी सम्मेलन' कार्यक्रम शुरू करेगी। सम्मेलन को आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी लगातार सक्रिय है। दिल्ली सरकार के विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पिछले दिनों सभी विधानसभा क्षेत्रों में 'आपका विधायक, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा गया। उन्होंने बताया कि पार्टी बूथस्तर के लगभग एक लाख पदाधिकारियों को शपथ दिलाएगी जो 20 नवंबर के बाद विधानसभा चुनाव तैयारियों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### राज मंदिर मार्केट में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मीरा बाग में बुधवार को राज मंदिर मार्केट में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक करीब आठ राउंड फायरिंग हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंच गई और फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जांच के बाद ही फायरिंग की वजह का पता चल सकेगा। बता दें कि इससे तीन दिन पहले नांगलोई और अब मीरा बाग की घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। नांगलोई और मीरा बाग की घटना के पीछे एक ही गिरोह के हाथ है या फिर कोई और इसमें शामिल है। यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। सूत्रों की मानें तो कारोबारी को बदमाशों से कुछ दिन पहले ही धमकी मिली हुई थी, जिसकी शिकायत व्यवसायी ने पश्चिम विहार वेस्ट थाना में दी थी। शिकायत के आधार पर केस भी दर्ज हुआ, लेकिन शिकायत दर्ज होने के अगले ही दिन फायरिंग की घटना से सभी हैरान हैं।

### कालिंदी कुंज में ग्रोसरी शॉप पर गोली चलाने के मामले में तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की दक्षिणी रेंज की टीम ने हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के मामले में अजीत सिंह उर्फ अजीता नामक तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह मदनपुर खादर दिल्ली का रहने वाला है, जिसकी पुलिस को सात महीने से तलाश थी। इसके खिलाफ कालिंदी कुंज थाने में मामला दर्ज है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि 19 अप्रैल को मालवीय नगर में एक ग्रॉसरी शॉप पर फायरिंग हुई थी, जिसमें दुकान मालिक के पैर में गोली लगी थी।

उस मामले में पुलिस को अजीत सिंह की तलाश थी। क्राइम ब्रांच के एसीपी नरेश सोलंकी की देखरेख में इंस्पेक्टर विजयपाल दहिया की टीम को इस वांछित के बारे में सूचना मिली। उसी के आधार पर पुलिस टीम ने ट्रैप लगाया और उसे धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में अजीत ने बताया कि वह धन उगाही और फायरिंग के मामले में शामिल था। उसके साथी दीपक और सोनू नशे के आदी थे और वारदात के दिन गांजा खरीदने के लिए पैसे की जरूरत थी। इसीलिए वे रुपये की मांग करने के लिए उपरोक्त ग्रॉसरी शॉप पर गए थे। जब दुकान के मालिक ने रुपये देने से मना किया तो इन्होंने गोली चला दी थी। उस मामले में दीपक और सोनू पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। अजीत सिंह की कालिंदी कुंज इलाके की पुलिस को तलाश थी।

### चाकू से गोदकर हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मयूर विहार इलाके में शुक्रवार को बदमाशों ने मामूली विवाद में एक व्यक्ति को चाकू से गोद दिया। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान साजिद उर्फ मोदी व कन्नू के रूप में हुई है। पुलिस इनसे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को 27 ब्लॉक चौक, त्रिलोकपुरी इलाके में पुलिस गश्त पर थी। इसी बीच मयूर विहार थाने में एक युवक को चाकू से गोदने की पीसीआर कॉल मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। तब तक घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंची तो चिकित्सकों ने बताया कि पीड़ित के शरीर पर चाकू से गोदने के दो घाव मिले हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को दूसरे अस्पताल में भेज दिया क्योंकि उसकी हालत गंभीर थी। परिजन उसे लेकर वसुंधरा स्थित नारायणा धर्मशील अस्पताल लेकर गए जहां से पीड़ित को उपचार के बाद शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घायल की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी 25 वर्षीय अजय के रूप में हुई। स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान एक आरोपी साजिद उर्फ मोदी को गिरफ्तार कर लिया गया। वह त्रिलोकपुरी के 32 ब्लॉक झुग्गी इलाके में रहता है। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से वारदात में इस्तेमाल एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि उसने वारदात को अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने त्रिलोकपुरी के एक्सट्रा 31/ए निवासी कन्नू को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनके पास से वारदात के दौरान पहने खून से सने कपड़े भी बरामद हुए हैं।

## लूट के लिये गला घोंटकर युवक का किया था अधमरा,दिल्ली और नेपाल बॉर्डर से आरोपी पकड़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में एक युवक का गला घोंट गैंग के सदस्यों ने गला घोटकर अधमरी हालत करके उससे तीस हजार रुपये व अन्य कीमती सामान लूट लिया था। वारदात में शामिल दो बदमाशों दीपक उर्फ राजकुमार उर्फ दिल्ली उर्फ अका और राजेन्द्र उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया है। राजेन्द्र को भारत-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया। जब वह अपने घर भागने की कोशिश कर रहा था। आरोपियों के कब्जे से स्कूटी,लैपटॉप और आई-फोन बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शुक्रवार सवा छह बजे पीतमपुरा में रहने वाले राजेश शर्मा से उस समय वारदात हुई थी। जब वह घर से दिल्ली हाट पार्किंग की ओर जा रहे थे और वरदान संडोज, दिल्ली के पास पहुंचे, अचानक दो व्यक्ति स्कूटी पर आए और पीछे से उनकी गर्दन दबा दी। जिससे वह अधमरी हालत में हो गए। आरोपी उनसे फोन,लैपटॉप,तीस हजार व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए थे। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कुमार के निर्देशन में एसआई नीरज, एएसआई अजय, एएसआई यशपाल, एएसआई नीरज राणा, हेड कांस्टेबल राहुल हुड्डा,धर्मराज, मदन लाल,प्रदीप और कांस्टेबल मोहित को आरोपियों को पकडे का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के रूट पर लग सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पीड़ित से बदमाशों के हुलिये पता करने की कोशिश की। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता लेकर ऐसे बदमाशों की लिस्ट बनाई जो इस तरह से वारदात को अंजाम देते हैं। कुछ डंप डाटा को भी खंगाला गया। काफी मशक्कत के बाद दीपक उर्फ राजकुमार उर्फ दिल्ली उर्फ अका के बारे में पता चला। जिसको उसके ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर प्रशांत विहार से चोरी स्कूटी भी जब्त की। पूछताछ करने पर भारत-नेपाल बॉर्डर से उसके साथी राजेन्द्र उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर उसके घर से लूटा गया मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। आरोपी दीपक उर्फ राजकुमार उर्फ दिल्ली उर्फ अका नौ जबकि राजेन्द्र 13 वारदातों में शामिल रहा है। आरोपियों ने आसानी से पैसा कमाने के लिए वारदात करी शुरू की थी।

## परिवहन विभाग के बेड़े में शामिल होंगी नई ई-बसें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली परिवहन विभाग के बेड़े में जल्द ही और इलेक्ट्रिक बसें शामिल हो सकती हैं। इसके लिए कई डीटीसी के कई अन्य डिपो और वर्कशॉप में विद्युतीकरण का काम कराया जा रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से 2025 तक ई-बसों की संख्या 10 हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य तय है। फिलहाल बेड़े में दो हजार ई-बसें शामिल हैं। डीटीसी की ओर से द्वारका सेक्टर-2 स्थित डिपो, राजघाट-1 डिपो, श्रीनिवास पुरी डिपो, आंबेडकर नगर डिपो, केशोपुर डिपो, रोहिणी-4 डिपो, नांगलोई डिपो में विद्युतीकरण का काम कराया जा रहा है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। ऐसे में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले इलेक्ट्रिक बसों की नई खेप सड़कों पर उतारी जा सकती है। डीटीसी अधिकारियों का कहना है कि डिपो में काम दो से तीन महीनों में पूरा हो जाएगा। जैसे-जैसे कंपनी की ओर से बसों की आपूर्ति की जाएगी, वैसे ही उन्हें डिपो को आवंटित कर संचालन शुरू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मियाद पूरी कर चुकी 132 लो-फ्लोर बसें हटीं दिल्ली में 15 साल से सड़कों पर दौड़ रहीं सीएनजी बसों की अब मियाद पूरी होने लगी है। इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 356 बसें सड़कों से हटाई जा चुकी हैं, जबकि चार नवंबर को भी 132 लो-फ्लोर बसों को हटाया गया। इनमें 11 बसें नोएडा डिपो से और बाकी 121 बसें दिल्ली के अलग-अलग डिपो से संचालित हो रही थीं। दिसंबर तक करीब 200 बसें और सड़कों से हट जाएंगी। इसकी वजह से दिल्ली के रूटों पर बसों की कमी हो जाएगी। अगले साल यानी 2025 में भी तकरीबन 22 बसें मियाद पूरी हो जाने के कारण सड़कों से हट जाएंगी।

## दिल्ली मेयर शैली ओबेराय आज दिल्ली में सफाई व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली मेयर शैली ओबेराय आज दिल्ली में सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शाहदरा नॉर्थ जोन के गोरखपार्क जनता कॉलोनी रोड 65, बाबारपुर रोड़ ड्रेन 52, सुभाष मोहल्ला ढलावघर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्नल विनोद अत्री, पार्षद प्रियंका सक्सेना और निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। दिल्ली की मेयर शैली ओबेराय ने सफाई व्यवस्था एवं कचरा संवेदनशील बिंदु (जीवीपी) के ऐसे स्थान जहां कूड़ा जमा होता है, उनको चिन्हित करके एक्शन ले रही है। वह सभी जगहों से कूड़े के ढ़ेर को हटवा कर के दिल्ली को स्वच्छ वातावरण देना चाहती है।

इस दौरान शैली ने कहा कि जीवीपी को सुंदर बनाने के लिए एक ऊर्ध्वाधर उद्यान बनाने के निर्देश दिया, ताकि इसकी सुंदरता में निखार आए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र को सुंदर बनाने और अवैध डंपिंग को रोकने के लिए दैनिक निगरानी करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम हर सम्भव प्रयास कर रही है।

## ओपन बर्निंग के खिलाफ दिल्ली में आज से अभियान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों की शुरूआत के साथ वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है, जिसके खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार से ओपन बर्निंग यानि खुले में आग जलाने के खिलाफ एक महीने लंबा अभियान शुरू हो रहा है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ विंटर एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक की थी। इसमें उन्होंने खुले में आग जलाकर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करने का निर्णय लिया। एंटी ओपन बर्निंग कैंपेन एक महीने तक चलाया जाएगा। 588 गश्ती दल सख्ती से तय मापदंडों को लागू करवाने पर काम करेंगे। ये प्रदूषण से निपटने, निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने और पराली जलाने से रोकने के लिए किसानों में जागरूकता पैदा करने का भी काम करेंगे। गोपाल राय ने बताया, ह्यबुधवार से शुरू होने वाले इस अभियान का नेतृत्व दिल्ली नगर निगम, राजस्व विभाग, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सिंचाई और बाढ़ विभाग और दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम द्वारा किया जाएगा, जिसमें समन्वित कार्रवाई के लिए इन विभागों की 588 टीमें होंगी। राय ने कहा कि शहर भर में खुले में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी और रोकथाम के लिए पेट्रोलिंग टीमें 24 घंटे काम करेंगी। इसके अलावा, सरकारी विभागों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि रात्रि सुरक्षा गार्डों के लिए बिजली के हीटर उपलब्ध कराए जाएं ताकि खुले में कचरा जलाने की घटनाओं पर रोक लग सके। राय ने भाजपा शासित पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश और हरियाणा से प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाने की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि सामूहिक कार्रवाई का अधिक प्रभाव होगा।

## 11 नवंबर से आप शुरू कर रही है जिला पदाधिकारी सम्मेलन : गोपाल राय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को विधानसभा चुनाव को लेकर आप की तैयारियों के बारे में बताया। गोपाल राय ने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार सक्रिय है। पिछले दिनों हम लोगों ने पहले चरण में सभी विधानसभा क्षेत्रों में दिल्ली सरकार द्वारा किए कामों के साथ ही साथ विधानसभा क्षेत्र के अंदर विकास कार्यों से जनता को अवगत कराया। इस दौरान आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा कि अब आगामी विधानसभा को देखते हुए बूथ स्तर पर बैठक की जाएंगी। जिन लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समय देने के लिए जिम्मेदारी ली। ऐसे लोगों की बूथ कमेटी के गठन का काम कर लिया गया है। दिल्ली के लोगों के साथ सीधा संवाद करने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली के अंदर दीपावली से पहले सभी विधानसभा में पदयात्रा सफलतापूर्वक कर चुके हैं। दीपावली के बाद अरविंद केजरीवाल का अलग-अलग विधानसभाओं में पदयात्रा का दूसरा चरण चल रहा है। गोपाल राय ने कहा, आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए आप बूथ स्तर के कार्यकताओं को प्रेरित करने के लिए 11 नवंबर से जिला पदाधिकारी सम्मेलन शुरू करने जा रही है। इस सम्मेलन को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। गोपाल राय ने कहा कि इस सम्मेलन में बूथ स्तर के कार्यकताओं और पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा में आम आदमी पार्टी की प्रचंड जीत के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। जिला पदाधिकारी सम्मेलन की शुरूआत नॉर्थ वेस्ट लोकसभा के किराड़ी से की जाएगी। शाम पांच बजे यहां पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## दिल्ली हाईकोर्ट का यमुना में छठ पूजा की अनुमति देने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एएनआई, नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुनी नदी के तट पर छठ पूजा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने पूजा करने की अनुमति मांगने वाली दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई की थी। याचिका के जरिए अनुष्ठान पर प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुना नदी के गंभीर प्रदूषण का हवाला देते हुए कोई भी निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को नदी में पूजा करने की अनुमति देने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने हाल ही में एक मामले का हवाला दिया जिसमें एक व्यक्ति प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने के बाद बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोर्ट ने कहा कि पूजा के लिए लगभग एक हजार वैकल्पिक स्थान निर्धारित थे, जहां उत्सव के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई थी, लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अन्य घाट और निर्दिष्ट क्षेत्र हैं, जहां लोग सुरक्षित रूप से पूजा कर सकते हैं। कोर्ट ने बताया कि पूजा पर प्रतिबंध यमुना नदी में प्रदूषण उच्च स्तर पर होने के कारण लगाया था।

## दिल्ली महिला आयोग भर्ती मामले में स्वाति मालीवाल के खिलाफ दर्ज केस की सुनवाई टली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार को दिल्ली महिला आयोग में भर्ती अनियमितताओं से जुड़े मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के खिलाफ दर्ज मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह का बयान दर्ज नहीं हो सका।

स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आज स्वाति मालीवाल की ओर से बताया गया कि वे अमेरिका गई हैं और 29 अक्टूबर को कोर्ट ने उन्हें 2 नवंबर से 15 नवंबर तक अमेरिका जाने की अनुमति दी थी। इसके साथ कोर्ट को बताया गया कि अभियोजन पक्ष के जिस गवाह का आज बयान दर्ज होना था उसकी तबीयत खराब है। उसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई टाल दिया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिसंबर 2022 में स्वाति मालीवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। स्वाति मालीवाल ने आरोप तय करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन, हाईकोर्ट ने मालीवाल की याचिका खारिज कर दी थी। बता दें, राऊज एवेन्यू कोर्ट ने स्वाति मालीवाल के अलावा जिन लोगों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था, उनमें आयोग की सदस्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी और फरहीन मलिक शामिल हैं।

कोर्ट ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120(बी) और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13 (2), 13(1)(डी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से पूर्व विधायक बरखा शुक्ला ने 11 अगस्त 2016 को शिकायत कर आरोप लगाया था कि दिल्ली महिला आयोग में नियमों को दरकिनार कर आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों को नियुक्त किया गया। शिकायत में आयोग में नियुक्त हुए तीन लोगों के नाम बताए गए थे, जो आम आदमी पार्टी से जुड़े थे। एसीबी को दी गई शिकायत में आप से जुड़े 85 लोगों की सूची भी दी गई थी, जिनकी नियुक्ति आयोग में होने का दावा किया गया था। इस पर प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया था।

# नोएडा में पुलिस कमिश्नर द्वारा महिला बीट अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित

द न्यूज 15 ब्यूरो



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति-5 अभियान के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के द्वारा महिला बीट अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। बुधवार को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर बबलू कुमार व पुलिस उपायुक्त महिला एवं बाल सुरक्षा गौतमबुद्धनगर सुनिति के साथ सेक्टर 108 पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति-5 अभियान के अन्तर्गत महिला बीट अधिकारियों के साथ मीटिंग कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश। महिला बीट अधिकारी अपने-2 बीट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर आमजन से संवाद स्थापित कर, बीट प्रणाली को सुद्दढ करने हेतु बताया गया, पिंक बूथ के माध्यम से महिलाओं की बैठक कर व महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के माध्यम से महिला अपराध की मॉनीटरिंग कर मिशन शक्ति-5 के तहत महिलाओं को सरकारी योजनाओं व महिला अधिकारों से जागरूक करने के सम्बन्ध में बताया गया। गोष्ठी के दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि किस प्रकार वह अपनी बीट के क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं से निरंतर समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास कर समाधान निकालने की कोशिश करेंगी एवं महिला संबंधी अपराध या अन्य कोई भी समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा तुरंत उच्च पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। महिला बीट प्रणाली के माध्यम से गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं तक पुलिस सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा, महिला बीट अधिकारी खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों व झुग्गी झोपडियों में रहने वाली महिलाओं की समस्याओं को सुनेगें एवं उनका निस्तारण करेगें। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी बिना किसी संकोच के अपनी किसी भी पारिवारिक या सामाजिक समस्या से महिला बीट अधिकारी को अवगत करा सकें। महिला बीट प्रणाली ग्रामीण क्षेत्र की महिलाऐं एवं वह महिलाऐं जो पुलिस तक पहॅुचने में असमर्थ रहती है, उनको पुलिस के पास पहॅुचाने और सरल बनाने हेतू एक प्रभावी प्रयोग है।

# छठ पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट

## 76 मुख्य घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर लगाई गई है ड्युटियां



**फरीदाबाद, एजेंसी।** छठ पूजा महोत्सव को लेकर फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। सात और आठ नवंबर को मनाए जाने वाले इस त्यौहार पर काफी संख्या में लोग एकत्रित होते है और सूर्य की अराधना करते है, इसलिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए है। फरीदाबाद में 76 घाटों पर भी छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिसके मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को छठ पूजा घाट पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि 7 व 8 नवम्बर को छठ पूजा अवसर पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा पर्याप्त तैयारियां कर ली गई है। फरीदाबाद के 76 मुख्य घाटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। जिस संबंध में पुलिस आयुक्त द्वारा सभी प्रबंधक अफसर व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सभी प्रबंधक अफसर व चौकी प्रभारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्र में घाटों पर लगातार गश्त करते रहेगे। पल्ला पुल, खेडी पुल, एत्मादपुर पुल, सेक्टर-8 बाईपास व गुरुग्राम कैनाल मथुरा रोड बल्लबगढ़ पर एक/एक फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस नौका व गौताखोर उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त फरीदाबाद को पत्राचार किया गया है। साथ ही ड्युटी मैजिस्ट्रेट उपलब्ध कराने के लिए भी पत्राचार किया गया है। प्रबंधक अफसर थाना पल्ला, भूपानी, तिगांव व छायंसा को यमुना नदी के साथ- साथ निगरानी रखने व पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही यातायात पुलिस को भी छठ पूजा के घाटों के आस पास सूचारु रुप से यातायात को संचालन कराने के लिए पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिसकर्मी तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# यूट्यूब पर धन कमाने का झांसा देकर ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार




द न्यूज 15 ब्यूरो

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस द्वारा पीडित को व्हाट्सअप पर जोड़कर यू ट्यूब पर लाइक कर धन कमाने का झांसा देकर 16 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी/ठगी करने वाले 02 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार किया है। बता दे कि मंगलवार को थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये 2 साइबर अपराधियों को सेक्टर -35 नोएडा से गिरफ्तार है। वादी मुकदमा द्वारा दिनांक 19-09-2023 को थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था, जिसमें वादी द्वारा बताया गया कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से वादी से संपर्क किया गया और वादी को व्हाट्सअप पर जोड़कर यू ट्यूब पर लाइक कर धन कमाने का झांसा देकर 16 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी/ठगी की गयी।

जिसके संबंध में थाना साइबर क्राइम में अभियोग पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में पाया गया कि गिरफ्तार किये गए अभियुक्त-के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि ट्रांसफर हुई है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा स्वयं के व अपने साथी के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि अपने खाते से ट्रांसफर की गई है। अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी की धनराशि को एटीएम के माध्यम से निकाला गया है। अभियोग में साक्ष्य के आधार पर धारा 120बी आईपीसी की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्तगण को नोएडा से गिरफ्तार किया गया। अभियोग में वादी मुकदमा को 02 लाख 65 हजार रुपये वापस कराये जा चुके हैं।

# साथियों संग रेकी कर चोरी करने वाले बदमाश को मुठभेड़ में गोली लगी

**नोएडा, एजेंसी।** इल्डिको चौराहे के पास बुधवार सुबह चेकिंग के दौरान फेज-2 पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। वह अपने साथियों के संग रेकी कर चोरी की वारदात करता था। आरोपी के पास से एक तमंचा, एक कारतूस, बिना नंबर की बाइक और 2600 रुपये बरामद हुए हैं। सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस टीम इल्डिको चौराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर वह मुड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बाइक सवार नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर जेपी फ्लाईओवर की ओर सर्विस रोड पर भागने लगा। रास्ते में एटीएस तिराहे पर लगी चेकिंग टीम ने आगे से आकर उसको रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा।

# दो पहिया वाहन चोरों का गिरोह गिरफ्तार



द न्यूज 15 ब्यूरो

**नोएडा।** पुलिस ने बुधवार को एक गिरोह का भंड़ाफोड़ किया है यह गिरोह दो पहिया वाहनों की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देता था और यह बीते दो से तीन महीनों में इस गिरोह द्वारा कई घटनाओं के अंजाम दिया गया था। जिसके बाद नोएडा पुलिस ने गिरोह के तीन लोगों को पकड़ा है। जिसमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने चोरी की 9 बाइकें भी बरामद की हैं। नोएडा सेक्टर-113 पुलिस द्वारा नोएडा और एनसीआर क्षेत्र से मोटर साइकिल या दो पहिया वाहन चोरी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही गिरोह में शामिल एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। अभियुक्तों की पहचान अनुज और सचिन के तौर पर हुई है। येअनुज कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी अमित भाटी का किराए का मकान ग्राम सलारपुर थाना सेक्टर-39 नोएडा मूल पता ग्राम नंगला बक्श थाना सोरिख जिला कन्नौज का रहने वाला है। सचिन सोनी पुत्र संतोष कुमार निवासी गोयल कालोनी रामलीला मैदान भंगेल थाना फेस-2 का रहने वाला है। अनुज की उम्र 19 साल और सचिन की उम्र करीब 22 साल है। पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दोनों के सेक्टर-112 के पास एफएनजी मोड़ पर से गिरफ्तार किया गया है। एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 9 मोटर साइकिल और स्कूटी बरामद की गई हैं। साथ ही घटना में इस्तेमाल एक मोटर साइकिल भी मिली है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि ये लोग नोएडा और एनसीआर क्षेत्र से दो पहिया वाहनों मोटर साइकिल या स्कूटी आदि को चोरी करते है। फिर कुछ दिन तक चुराए गये वाहनों को कहीं पर छुपा कर रख देते है तथा मौका पाकर चोरी किये गये दो पहिया वाहनों को कम दामों में किसी भी राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है।

# एक नजर

## फरीदाबाद में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण का स्तर, ग्रेप थ्री नियम होंगे लागू

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिले में बढ़ते प्रदूषण को लेकर डीसी विक्रम सिंह यादव ने कहा कि कुछ कारणों के चलते हर साल इन दिनों में प्रदूषण बढ़ जाता है, लेकिन इस बार ओर बार दिनों की अपेक्षा प्रदूषण कम है। उनकी कोशिश है कि प्रदूषण को कम किया जाए इसको लेकर जिला प्रशासन की टीमें काम कर रही हैं

। उन्होंने बताया कि पूरे दिल्ली एनसीआर व अन्य क्षेत्रों के मुकाबले फरीदाबाद में सबसे कम प्रदूषण है। उन्होंने लोगों से भी अपील की लोग मिलकर प्रदूषण पर रोक लगाने में मदद करें, ताकि वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। साथ ही बीमारियों से भी बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदूषण बढ़ता है, तो ग्रेप थ्री के नियम भी लागू किए जाएंगे। गौरतलब है कि दीपावली पर आतिशबाजी के चलते फरीदाबाद में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है, हालांकि पिछले सालों के मुकाबले प्रदूषण का स्तर इस बार कम है, इसके बावजूद प्रशासन किसी तरह की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है और प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयासों में जुट गया है।

## डीएपी लेने उमड़ी किसानों की भीड, पुलिस तैनात

**फरीदाबाद, एजेंसी।** बल्लभगढ़ की अनाज मंडी में हैफेड की तरफ से बनाए गए सेंटर पर डीएपी पहुंचने के बाद लोगों की लंबी लाइन देखने को मिली। वहीं लोगों के भीड़ को कंट्रोल करने के लिए खाद केंद्र पर पुलिस के दो सिपाही भी लगाए गए हैं। बुधवार सुबह 6 बजे से डीएपी लेने के लिए लाइन में लगे लोगों ने कहा कि पिछले डेढ़ महीने से डीएपी नहीं मिला। इसी वजह से आज इतनी लंबी लाइन लगी है। करीब 100 से 200 लोग लाइन में लगे हुए हैं। बुधवार को सेंटर पर डीएपी आया है। इसकी जानकारी होते ही सभी लोग डीएपी लेने के लिए लाइनों में सुबह 6 बजे आकर लग गए। लाइन में लगी महिलाओं ने भी कहा पिछले तीन दिन से डीएपी लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। जब पता चला है कि इस केंद्र पर डीएपी मिल रही है, तो इसके लिए सुबह सात बजे घर से बिना कुछ खाए लाइन में आकर लग गए। डीएपी न मिलने की वजह से फसल भी काफी लेट हो रही है। वहीं हैफेड की तरफ से बनाए गए सेंटर के सेल्स मैनेजर ने कहा कि बुधवार को डीएपी की दो गाड़ियां आई हैं। काफी लोग सेंटर पर डीएपी लेने के लिए पहुंचे हैं। लोगों की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए दो पुलिस के सिपाही भी लगाए गए हैं। शाम तक सभी लोगों को डीएपी खाद मिल जाएगी। किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी, क्योंकि एक व्यक्ति पर पांच बैग डीएपी खाद दी जा रही है।

## गाजियाबाद में पति की मार से महिला की मौत, आरोपी के खिलाफ केस

**गाजियाबाद, एजेंसी।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में पति की पिटाई से घायल हुई महिला संगीता (41) की मौत हो गई। मामले में पति राजीव कटेरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। महिला के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि संगीता की मौत के मामले में पिता मुलायम सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि मूलरूप से मैनपुरी में रहने वाले राजीव कटेरिया पत्नी संगीता और बच्चों के साथ रहते हैं। वह मजदूरी करते हैं। शुक्रवार को राजीव ने अपनी पत्नी संगीता के साथ मारपीट की। मारपीट में उनकी पत्नी खून से लथपथ हो गई थी। राजीव अपनी पत्नी को लेकर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल पहुंचा था। उपचार के दौरान संगीता की मौत हो गई।

## लोटस परियोजना में 13 फ्लैटों की रजिस्ट्री

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-107 स्थित लोटस-300 परियोजना के 13 फ्लैट की रजिस्ट्री बुधवार को हुई। अब तक 27 फ्लैट की रजिस्ट्री इस परियोजना की हो चुकी है। बाकी फ्लैट की रजिस्ट्री दस दिन बाद होगी। पिछले महीने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर सेक्टर-107 स्थित लोटस-300 परियोजना में फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू हुई थी। प्राधिकरण ने बिना बकाया लिए रजिस्ट्री देने की अनुमति दी है। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 24 अक्तूबर से लोटस-300 परियोजना में रजिस्ट्री शुरू हुई। उस दिन 14 फ्लैट की रजिस्ट्री हुई थी। इसके बाद दूसरे चरण में बुधवार को रजिस्ट्री हुई। अब दस दिन बाद रजिस्ट्री होगी। इस परियोजना में रजिस्ट्री कराने के लिए नियोजन विभाग के अधिकारी वैभव गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

लोटस-300 अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष भुवन चतुर्वेदी ने बताया कि आईआरपी की तरफ से सत्यापन करने के बाद 102 फ्लैट खरीदारों की सूची नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। बाकी फ्लैट की रजिस्ट्री अगले सप्ताह होगी। इस सोसाइटी में टावर-1 और दो को ही प्राधिकरण से अधिभोग प्रमाण पत्र मिला है। इनमें 102 फ्लैट हैं। बाकी तीन से छह टावर को भी इसी महीने अधिभोग प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि इस परियोजना में कुल 336 फ्लैट हैं। इनमें से टावर-1 और दो के 102 फ्लैट के लिए वर्ष 2019 में प्राधिकरण की तरफ से आंशिक अधिभोग प्रमाण पत्र जारी कर चुका है। यह परियोजना करीब 40 हजार वर्ग मीटर में है। इस परियोजना पर प्राधिकरण का करीब 191 करोड़ रुपये बकाया है।

# वकीलों के धरने पर पहुंचे सांसद चंद्रशेखर



**गाजियाबाद, एजेंसी।** कचहरी में चल रहे वकीलों के धरना प्रदर्शन में नगीना से सांसद चंद्रशेखर भी पहुंचे। इस दौरान सांसद चंद्रशेखर ने वकीलों के धरना प्रदर्शन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। चंद्रशेखर ने कहा कि वो पहले एक वकील हैं और बाद में सांसद हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि गाजियाबाद में कोर्ट के अंदर जो कुछ भी हुआ वो ठीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ये सब भाजपा की शह पर हुआ है। भाजपा देश के सभी मुख्य स्तंभों पर चोट पहुंचाने का कार्य का रही है। उन्होंने कहा कि कहीं पत्रकारों की हत्या हो रही है तो कहीं पर वकीलों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। संसद और विधानसभा में जो हो रहा है वो भी किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि वो गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के मामले को संसद में प्रमुखता से उठाएंगे। सांसद चंद्रशेखर ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा से कहा कि जब भी जरूरत होगी आधी रात में भी उठकर चले आएंगे।

# गाजियाबाद में तीसरे दिन भी अदालतों में कामकाज ठप, हड़ताल जारी



**गाजियाबाद, एजेंसी।** जिला जज की कोर्ट में 29 अक्तूबर को किए गए लाठीचार्ज के विरोध में आज बुधवार को तीसरे दिन भी वकील हड़ताल पर हैं। वकीलों ने कचहरी गेट पर धरना-प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया। इस दौरान वकीलों ने कचहरी के गेट पर ताला लगा दिया। जिससे आने वाले वादकारियों को परेशानी हुई। गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने एलान कर दिया कि जिला जज अनिल कुमार की बर्खास्तगी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

तब तक कचहरी में वकील हड़ताल पर रहेंगे। वकीलों ने लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वकीलों ने कचहरी चौराहे पर धरना दिया। जहां बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, वकीलों ने बड़े आंदोलन के लिए कमर कस ली है। जिला जज की बर्खास्तगी होने तक कोई भी वकील न्यायिक कार्य नहीं करेगा। बार सचिव अमित नेहरा ने कहा कि जिला जज ने निहत्थे वकीलों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कराया। इसे बर्दाशत नहीं किया जा सकता है। बुधवार को धरना शुरू होने से पहले अधिवक्ताओं ने सभी अदालतों में जाने वाले रास्ते बंद करा दिए। इस कारण से कोई वादकारी अदालत में तारीख लेने नहीं जा सका। दूसरी तरफ हड़ताल के कारण हवालात में बंदी भी नहीं लाए गए। काफी संख्या में वादकारी कचहरी आए थे लेकिन, वह किसी भी अदालत में पेश नहीं हो पाए।

केस से संबंधित अधिवक्ताओं ने भी वादकारियों से दो टूक कह दिया कि अगर किसी तरह अदालत में जा सकते हो तो हाजिरी लगाकर तारीख ले लो। वादकारी अदालत परिसर की तरफ गए भी लेकिन, गेट पर तालाबंदी होने से लौट गए।

# सुरक्षा, साफ-सफाई के साथ घाटों पर गोताखोर और मेडिकल टीम की भी है तैनाती



**नोएडा, एजेंसी।** पूर्वांचलियों के लिए सबसे बड़ा पर्व छठ पर्व शुरू हो चुका है। इसकी तैयारी में भी प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। कहीं भी कोई भी कोर कसर और कमी ना रह जाए, इसके लिए लगातार पुलिस के आला अधिकारी निरीक्षण कर अपनी नजर बनाए हुए हैं। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में छठ पूजा को देखते हुए 6 नवंबर को पुलिस उपायुक्त नोएडा रामबदन सिंह के निर्देशन में एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र ने थाना सेक्टर 58 पुलिस बल के साथ नोएडा जोन के अन्तर्गत रामलीला ग्राउंड व डी पार्क में छठ पूजा स्थलों का निरीक्षण किया है। पूजा स्थलों पर साफ सफाई की व्यवस्था करायी गयी है। संयोजकों के साथ बात करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के द्दष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस द्वारा पुख्ता बन्दोबस्त किये गये हैं। ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी पहले ही जारी कर दी है। नोएडा जोन में यमुना नदी के घाट पर गोताखोर व एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है ताकि श्रद्धालुओं को समस्या का सामना न करना पड़े और श्रद्धालुओं द्वारा छठ पूजा पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। छठ पर्व में आज खरना मनाया जाता है। आज छठी मैया को खीर चढ़ाई जाती है। और फिर वही खीर सभी को प्रसाद के रूप में वितरित की जाती है। इसके बाद अगले दिन डूबते सूर्य को और फिर उसके अगले दिन उगते सूर्य को जल देकर इस छठ महापर्व को श्रद्धालु पूरा करेंगे। पूरे एनसीआर में इस पर्व को लेकर पूर्वांचलियों में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# दोपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का पदार्फाश

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-113 पुलिस ने रेकी कर दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को बुधवार को एफएनजी मोड़ से पकड़ा। इनमें एक नाबालिग है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की नौ बाइक बरामद हुईं। इनमें से चार बाइक नोएडा जोन के थाना क्षेत्रों से चुराई गई थीं। अन्य बाइकों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर-113 थाना प्रभारी की अगुवाई में बुधवार को पुलिस टीम सेक्टर-112 के पास एफएनजी मोड़ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर नाबालिग समेत तीन लोग उधर से गुजरे। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने तीनों को रोकना चाहा तो वह तेजी से बाइक भगाने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कन्नौज निवासी अनुज कुमार और भंगेल निवासी सचिन सोनी बताया। दोनों के साथ एक नाबालिग था। पूछताछ के दौरान पता चला कि अनुज और सचिन दोपहिया वाहन चोरी करते थे। वे नोएडा के अलावा एनसीआर के अन्य शहरों से वाहन चुराते थे। लोगों को शक न हो, इसके लिए अनुज कुमार नाबालिग से वाहनों की रेकी कराता था। अनुज ही गिरोह का सरगना है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्त में आए आरोपी आठवीं से दसवीं पास हैं और उन्होंने एक साल पहले ही वाहनों की चोरी शुरू की है। आशंका जताई जा रही है कि गिरोह के बदमाशों ने अब तक वाहन चोरी की 20 से अधिक वारदात की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं, नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। दोपहिया वाहनों की चोरी करने के बाद बदमाश उसे झाड़ियों में छिपा देते थे। इसके बाद ग्राहकों की तलाश शुरू की जाती थी। जैसे ही कोई ग्राहक मिलता तो बदमाश उसे दो हजार से लेकर दस हजार रुपये तक में बाइक बेच देते। राहगीर भी जब कम दाम में बाइक पाते तो फौरन खरीद लेते। वे भी वाहन को सुदूर गांवों में भेज देते। चोरी की स्कूटी को बदमाश पांच हजार रुपये में बेचते थे। चोरी के वाहन खरीदने वाले ग्राहकों की भी पुलिस तलाश कर रही है।

# युवक के प्राइवेट पार्ट में पोटाश भरकर फोड़ी

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सेक्टर-22 के शिवाजी नगर में युवक के प्राइवेट पार्ट में पोटाश भरकर फोड़ दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना बीते एक नवंबर की है, जब युवक शौच करके लौट रहा था कि तभी उसे आठ युवकों ने उसे घेर लिया। घायल युवक रमेश ने बुधवार को बताया कि घेरने वाले आठ युवकों ने पाइप में पोटाश भरकर उसके प्राइवेट पार्ट पर फोड़ दिया। जिसके चलते उसे काफी गंभीर चोट आई। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। भारतीय मानव संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहतास चौधरी ने बताया कि उनके पास भी बीते एक नवंबर को इस मामले की सूचना आई थी। उसके बाद पीड़ित परिवार ने इसकी लिखित शिकायत थाना मुजेसर में दी। लेकिन आज तक थाना मुजेसर पुलिस ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। रोहतास चौधरी ने लगाते हुए कहा कि पुलिस आरोपियों का बचाव कर रही है। अभी तक उसका इलाज भी नहीं कराया गया है। पीड़ित परिवार की महिलाएं जब थाना मुजेसर में इस मामले को लेकर जांच अधिकारी उमेश से मिलने के लिए गई। तब उमेश ने उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देकर भगा दिया। वहीं जब इस मामले की जांच अधिकारी उमेश से बात की गई, तो उन्होंने कोई भी शिकायत न मिलने की बात कह कर मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया।

# मोहसिन रजा के पत्र से यूपीसीए में मची हलचल, सीएम योगी करा सकते हैं जांच

**कानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) पर जो आरोप अभी तक लगते थे वह कुछ दिन बाद ठंडे बस्ते में चले जाते थे। इसके पीछे कारण रहता था कि आरोप लगाने वाले आगे हिम्मत नहीं जुटा पाते थे या उन्हे मैनेज कर लिया जाता था। लेकिन अबकी बार आरोप लगाने वाले पूर्व मंत्री मोहसिन रजा को समझना मुश्किल पड़ जाएगा। इसी के चलते उनके द्वारा लगाए गये आरोपों को लेकर जो पत्र यूपीसीए सचिव के पास आया है उसको लेकर यूपीसीए में हलचल मच गई। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी मोहसिन रजा ने यूपीसीए पर भ्रष्टाचार और अनियमितता का तो आरोप लगाया ही है साथ ही खिलाड़ियों से वसूली का भी आरोप लगाया है। यहां तक कि खिलाड़ियों से हो रही वसूली के रेट भी खोल दिये हैं।




यही नहीं मोहसिन रजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी शिकायत की है, जिससे यूपीसीए में डर है कि कहीं पूरे मामले की जांच न हो जाये।

**मुख्यमंत्री से की गई शिकायत**

पूर्व क्रिकेटर मोहसिन रजा ने इस सम्बंध में मुख्यमंत्री योगी से मिलकर यूपी क्रिकेट एसोसिएशन में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की है और कांग्रेस के बड़े नेता का हाथ होना बताया गया है। मोहसिन रजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का पिछले कुछ वर्षों से स्वरुप बदला गया है। उन्होंने कहा कि वह भी पूर्व में क्रिकेटर रहे हैं और उन्होंने कभी भी न पैसे दिए और न ही उसके पक्षधर हैं। यूपीसीए में भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर कई अभिवावकों ने इनसे सम्पर्क किया और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इस पर आरटीआई के माध्यम से सूचनाएं ली गयीं तो पता चला कि यह वह संस्था है ही नहीं जिसके तहत पूर्व में क्रिकेटर खेला करते थे। इसमें तो बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स हैं इसमें कांग्रेस के बड़े नेता का हाथ है जो वर्ष 2005 में यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्कालीन सचिव ज्योति बाजपेयी का सहारा लेकर आगे बढ़े। इसके बाद एसोसिएशन को प्राईवेट लिमिटेड में बदलकर इस पर उन्होंने खुद कब्जा कर लिया और स्व.बाजपेयी को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया। जाहिर सी बात है कि कांग्रेस का जैसा चरित्र है, उनके नेता भी वैसे ही करेंगे। इसके बाद प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बनाकर प्रदेश के युवाओं को गुमराह किया गया।

**सौ करोड़ से अधिक का आयकर का नोटिस**

आरोप है कि कांग्रेस नेता के बेहद करीबी कहे जाने वाला उनका पीए ही सारा खेल करता है। बच्चों को क्रिकेट खिलाने के लिए उनसे पैसे लिए जाते हैं, उनका शोषण किया जाता है। ऐसे ही तमाम प्रकरण सामने आए हैं। मोहसिन रजा ने बताया कि बीसीसीआई ने जब इनसे पूछा कि आपने कम्पनी क्यों बना ली? इस पर इन्होंने कहा कि राज्य सरकार से उनकी नहीं बनती, लिहाजा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बना ली। इनका यह दावा भी झूठा साबित हुआ। जिस सरकार से खराब रिश्तों का जिक्र किया, उसी सरकार ने कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम इन्हीं को 30 साल के लिए लीज पर दे दिया। यह सवाल तब उठा जब लोढ़ा कमेटी की रिपोर्ट आई कहा गया कि इसी रिपोर्ट के आधार पर बीसीसीआई और राज्य के सभी क्रिकेट एसोसिएशन चलने थे। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन लिमिटेड कम्पनी कहती है कि वह नो प्रॉफिट, नो लॉस पर चलती है। उसकी कोई आय नहीं है लेकिन 100 करोड़ से अधिक की इनकी आयकर विभाग की देनदारी है। अगर प्रॉफिट नहीं था तो यह इनकम टैक्स का नोटिस इन्हें क्यों आ गई।

**खिलाड़ियों से वसूला जाता है रुपया**

मोहसिन रजा ने आरोप लगाया कि इससे साबित हो गया है कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन अपनी पटरी से उतर चुका है। सरकारी सम्पत्तियों का दोहन बेदर्द तरीके से किया जा रहा है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो अब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने क्रिकेटरों से टीम में शामिल किए जाने के शुल्क को भी उजागर कर दिया है।

## महाकुम्भ के दृष्टिगत नगर निगम का अवैध प्रचार-प्रसार के खिलाफ कार्यवाही शुरू

**प्रयागराज, एजेंसी।** स्वच्छ महाकुम्भ के दृष्टिगत हो रहे कार्यों के अन्तर्गत डिवाइडरों पर लगे विद्युत पोलों पर तिरंगे के रंगों में प्रदर्शन हेतु स्पाइरल लाइटें लगायी गयी है, जिस पर कलात्मक सौन्दर्य बनाये रखने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्रियां न लगाये जाने के सम्बन्ध में सूचना बीते 30 अक्टूबर को जारी किया गया था। इसके बावजूद अवैध ढंग से प्रचार प्रसार जारी है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम के मीडिया प्रभारी ने बताया कि ऐसे लोगों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अधीन सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विधि सम्मत कार्यवाही करायी जा रही है। नगर निगम द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजना के अनुसार प्रतिदिन अभियान चलाकर अवैध रूप से लगी प्रचार सामग्री हटवायी जा रही है तथा अवैध रूप से प्रचार करने वालों, सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अधीन कार्यवाही भी की जायेगी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि सदन नगर निगम द्वारा पारित संकल्प संख्या 206 एवं प्रयागराज नगर निगम उपविधि-2018 में बैनर, वाल पेन्टिंग, पोस्टर के माध्यम से विज्ञापन करना पूर्णतयः प्रतिबन्धित है।

## घर में सो रही बच्ची को अगवा कर बलात्कार, मुकदमा दर्ज

**शाहजहांपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में घर में सो रही चार साल की बच्ची को गांव से दूर ले जाकर उससे कथित रूप से बलात्कार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि मामले में कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने बताया कि कांट थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली चार साल की बच्ची मंगलवार की रात अपने घर में सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव में ही रहने वाला एक व्यक्ति चुपके से घर में



घुसा और बच्ची को उठा ले गया। परिजनों को जब रात में बच्ची बिस्तर पर नहीं मिली तो उन्होंने गांव में तथा आसपास बच्ची की तलाश की।

कुमार ने बताया कि काफी तलाश करने के बाद बच्ची आज सुबह गांव से एक किलोमीटर दूर खेतों में बने ट्यूबवेल के पास निर्वस्त्र हालत में मिली। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

बच्ची के परिजनों की ओर से एक व्यक्ति को नामजद करते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) (रात में घर में घुसना), 137(2) (अपहरण), 65(2) (बलात्कार करना) एवं पाक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने गोपनीयता बनाये रखने के लिये मामले में नामजद आरोपी का नाम उजागर करने से इनकार किया है।

## हरदोई में भीषण सड़क हादसा: डीसीएम की टक्कर से आटो सवार 10 की मौत

**हरदोई, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बिलग्राम क्षेत्र में बुधवार दोपहर मिनी ट्रक की चपेट में आने से आटो रिक्शा पर सवार दस लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि माधवगंज कस्बे से एक सीएनजी ऑटो बिलग्राम कटरा बिल्हौर मार्ग पर बिलग्राम की तरफ आ रहा था कि रास्ते में एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ऑटो विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम से टकराकर पलट गया। ऑटो रिक्शा में 15 लोग सवार थे जिनमें से कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बिलग्राम स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टरों ने दस लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छह महिलाएं, दो बच्चे ,एक पुरुष और एक किशोरी शामिल है जबकि पांच



लोग घायल हैं जिनका उपचार चल रहा है। मृतकों में अभी दो महिलाओं की शिनाख्त हो पाई है। बाकी की पहचान करने में पुलिस प्रशासन जुटा हुआ है।

मृतक आसपास के क्षेत्र के ही बताये जा रहे है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सड़क हादसा बिलग्राम कोतवाली इलाके के कटरा बिल्हौर हाईवे पर हीरा रोशनपुर गांव के पास करीब साढ़े बारह हुआ जब माधवगंज से सवारी बैठा कर एक ऑटो बिलग्राम की तरफ आ रहा था। रास्ते में हीरा रोशनपुर गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ऑटो सामने से आ रही एक डीसीएम से टकराकर पलट गया। ऑटो में 15 सवारियां सवार थी। मृतकों में माधुरी और सुनीता नाम की दो महिलाओं की पहचान हुई है जबकि बाकी की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। घायलों में रमेश, संजय, विमलेश आनंद और किशोर शामिल हैं, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है।

## प्रत्याशी को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देने वाला गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी रवि कुमार पांचाल को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से मोबाइल फोन पर धमकी देने के मामले के आरोपी को थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है।



डीसीपी (ट्रांस हिंडन) निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि थाना शालीमार गार्डन पर रवि कुमार पांचाल निवासी द्वितीय फ्लोर ईडब्लएस शुभम धाम अपार्टमेंट सेक्टर 2 राजेन्द्र नगर थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद को अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के नाम से गैंग का सदस्य बनकर धमकी दी थी। इस सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसके सम्बन्ध में थाना शालीमार गार्डन पर टीमें गठित कर मुखबिर की सूचना, मैनुअल इनपुट व सर्विलांस की सहायता से आज पुलिस ने दीपू निवासी ग्राम चक पोस्ट लखलौर थाना पचदेवरा जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर लिया है। उसे लोहिया पार्क राजेन्द्र नगर के पास से गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण**

दीपू ने पूछताछ में बताया कि मैं रवि कुमार पांचाल को फेसबुक पर वीडियो देखता रहता था और रवि कुमार पांचाल को फॉलो व वीडियो को लाइक करता था । मैने एक दिन अपने नंबर से रवि कुमार पांचाल को फोन लगाया तो रवि कुमार पांचाल ने काट दिया फिर मैं इनकी वीडियो देखता रहा फिर एक दिन मैने फोन लगाया तो रवि कुमार पांचाल ने मुझे गाली दी और इन्होने मेरे नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया।

## जागरूकता हेतु रैली का आयोजन



**बिजनौर।** आज विवेक ग्रुप के छात्र छात्राओं शिक्षक एवं प्रबंध समिति द्वारा बिजनौर महोत्सव की जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया । कदमताल रैली का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, विवेक ग्रुप के अध्यक्ष अमित गोयल सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक धर्मेन्द्र अग्रवाल एवं डॉ एन के गुप्ता द्वारा रैली को हरी झंडी दिखा कर किया गया। रैली नुमाइश ग्राउंड से प्रारंभ होकर शक्ति चौक सिविल लाइन पोस्ट ऑफिस कलेक्ट्रेट होते हुए सुभाष चौक पर समाप्त हुई। इस अवसर छात्र छात्राओं द्वारा हाथों में बैनर एवं स्लोगन लेकर नारे लगाकर बिजनौर का भ्रमण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सौरभ शर्मा, डॉ दीप्ति डिमरी, डॉ सर्वेश शीतल, डॉ हितेश शर्मा, डॉ संदीप अग्रवाल, सभी विभागाध्यक्षों शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा। रैली में लगभग 3000 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## भाईदूज के दिन गायब युवक का शव नहर में मिला, प्रेम त्रिकोण में हत्या की आशंका

**कन्नौज, एजेंसी।** जिले के इंदरगढ़ थाना अंतर्गत जगतापुर गांव में बीए के एक छात्र का शव बुधवार को नहर में मिला। परिजनों का आरोप है कि उसके दोस्तों ने हत्या कर शव नहर में फेंक दिया है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में लिया था, जिनमें से एक आरोपित ने थाने से भागकर ट्यूबवेल पर सुसाइड करने की कोशिश की।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारण का पता चलेगा, वहीं मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जगतापुर गांव के रमेश गुप्ता का



बेटा रामू भाई दूज के दिन गायब हो गया था। शाम तक उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तीन दोस्तों को हिरासत में लिया था। बुधवार दोपहर में चटरुआपुर गांव के पास नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला, जिसे पुलिस ने बाहर निकाला और शव की शिनाख्त लापता छात्र रामू गुप्ता के रूप में की। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या कर नहर में फेंका गया है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। पुलिस की हिरासत में आया एक आरोपित अंकित बुधवार सुबह थाने से पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। वह थाने से करीब 2 किलोमीटर दूर पूरारायपुर गांव के पास एक ट्यूबवेल पर पहुंचा और दीवार पर सिर पटक कर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे गांव के किसानों ने पकड़ लिया और पुलिस को बुलाया। पुलिस अंकित को फिर से गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस अधिकारी इस मामले पर ज्यादा कुछ बोलने से बचते नजर आए।

**त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में वारदात का शक**

ग्रामीणों के अनुसार, रामू के दोस्त अंकित का प्रेम प्रसंग गुरसहायगंज के एक गांव की लड़की से था। हालांकि पिछले कुछ समय से लड़की की नजदीकियां रामू से बढ़ने लगी थीं।

## छठ पर्व : पूरे उत्तर प्रदेश में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने छठ पर्व के अवसर पर घाटों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पूरे राज्य में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता शुरू की है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, यह प्रतियोगिता आज से शुरू होकर आगामी आठ नवंबर तक चलेगी जिसमें विभिन्न संगठनों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस अभियान से जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की



गतिविधियां शामिल होंगी।

बयान के अनुसार, इस पहल के तहत लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए घाटों पर 'अर्पण कलश' रखे गए हैं और प्लास्टिक और थमोकील के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने के लिए घाटों को 'नो प्लास्टिक जोन' घोषित किया गया है। घाटों पर अस्थायी शौचालय और स्नानघर बनाए जा रहे हैं, जिनका नियमित रखरखाव किया जाएगा। बयान में कहा गया कि प्रतियोगिता की सफलता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ सारथी क्लब के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, गैर सरकारी संगठन और अन्य स्वैच्छिक संगठन इन प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। बयान के अनुसार, घाटों को सुंदर बनाने के लिए खास पहल की गई है। कूड़े–कचरे के उचित निपटान और क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़ेदान रखे गए हैं। घाटों को साफ रखने में सक्रिय नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं।

अभियान को गैर सरकारी संगठनों, सीएसओ और अन्य स्वयंसेवी संगठनों से मजबूत समर्थन मिल रहा है, जो न केवल घाटों पर सफाई अभियान चला रहे हैं, बल्कि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित भी कर रहे हैं। छठ बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्यौहार है। यह त्यौहार सूर्य देव की पूजा के लिए समर्पित है और इसे चार दिनों तक कठोर दिनचर्या का पालन करके मनाया जाता है। इस त्यौहार के अनुष्ठानों और परंपराओं में उपवास, उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देना, पवित्र स्नान और पानी में खड़े होकर ध्यान करना शामिल है।

# एक नजर

## वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार चाचा-भतीजे की मौत

**बलिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बुधवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के पास मंगलवार की शाम एक अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार 40 वर्षीय विजेंद्र कन्नौजिया और उसके 20 साल के भतीजे रितेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय विजेंद्र और रितेश किसी रिश्तेदार के घर से अपने गांव गोपालपुर संवरा लौट रहे थे। कुरैशी ने बताया कि इस मामले में रितेश के भाई अभय ज्ञान की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। उधर, सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मालदह-बिहरा मार्ग पर मंगलवार की शाम एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। इस घटना में 26 वर्षीय जितेंद्र राजभर और 22 साल का पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दोनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से जितेंद्र को, हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही जितेंद्र की मौत हो गयी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## पत्रकार हत्याकांड मामले में आरोपी दो भाई पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**बांदा (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर शहर में एक पत्रकार की हत्या के मामले में नामजद दो सगे भाई बुधवार को सुबह एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तार किए गए एक आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। फतेहपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह वाहन जांच के दौरान मलवां थाना क्षेत्र के कैंची मोड़ के वहिदापुर गांव के नजदीक पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार दो युवकों ने पुलिस पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे पैर में गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक के अलावा भाग रहे युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार घायल युवक की पहचान अनुराग तिवारी उर्फ अन्नू (44) और भाग रहे युवक की पहचान आलोक तिवारी उर्फ अक्कू (42) के रूप में हुई। गिरफ्तार युवक आपस में सगे भाई हैं और 30 अक्टूबर की रात फतेहपुर शहर में पत्रकार दिलीप सैनी की हुई हत्या के मुख्य आरोपी हैं। मिश्रा ने बताया कि इस मामले में नौ नामजद और छह अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज है। इसके पूर्व पांच नामजद आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। फिलहाल पुलिस दो नामजद और छह अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचे और कुछ कारतूस व एक कार बरामद हुई है।

## झड़प में घायल बुजुर्ग की मौत

अमेठी, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र में हुई झड़प में घायल 78 वर्षीय दलित व्यक्ति की बुधवार को मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को मतन का पुरवा गांव में जमीन के विवाद के चलते झड़प हुई थी, जिसमें प्रतिद्वंद्वी गुट द्वारा लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किए जाने के बाद विशेश्वर सरोज (78), राज, कालिका प्रसाद और ममता घायल हो गए थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया। वहां से सरोज को लखनऊ रेफर कर दिया गया था, जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने के निरीक्षक तनुज पाल ने बताया कि मामले में सुधराम, प्रदीप कुमार, शाही और राजकुमारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओंझ 109 (हत्या का प्रयास), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 118 (1) (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना), 351 (2) (आपराधिक धमकी) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल ममता सरोज ने बताया कि चार नवंबर को आरोपी सुधराम और अन्य आरोपी उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे और उसने इस संबंध में थाने में शिकायत पत्र दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जमीन से हटा दिया था। बाद में पांच नवंबर को आरोपियों ने उसके परिवार पर हमला कर दिया।

## युवक और युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बुलंदशहर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित स्याना क्षेत्र में एक ही गांव के रहने वाले युवक और युवती ने एक दिन के अंतराल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि स्याना क्षेत्र के सहानपुर गांव में रहने वाले मुस्लिम समुदाय की 18 साल की एक युवती ने पिछली तीन नवंबर की रात करीब साढ़े 11 बजे पंखे की कुंडी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि इसी गांव के रहने वाले दूसरे समुदाय के 22 वर्षीय एक युवक ने चार नवंबर को दोपहर करीब एक बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्याना थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि पूर्व में युवती के परिजनों ने युवक पर युवती को बहला फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाया था। इस मामले में युवक को गिरफ्तार भी किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों के परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रक और आटोरिक्शा की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**हरदोई, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार को एक ट्रक और आटोरिक्शा की जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि हरदोई के बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास आज सुबह एक ट्रक ने आटोरिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है।

## सामूहिक बलात्कार की झूठी सूचना देने पर दो लोग गिरफ्तार

**संभल, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के रजपुरा क्षेत्र में सामूहिक बलात्कार की झूठी सूचना देने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को बताया कि रजपुरा क्षेत्र के मौलनपुर गांव के निवासी संजू ने पिछली तीन नवंबर को थाने में सूचना दी थी कि उसकी पत्नी पिछली एक नवंबर को दीपावली पर जा रही थी। इसी दौरान उसके गांव के निवासी बिजलेश, उसके भाई शेर सिंह और संजू सहित चार लोगों ने उसकी पत्नी को गाड़ी में बैठाकर उससे सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच में पुलिस ने पाया कि संजू ने अपनी पत्नी की पिटाई की थी, जिसके बाद उसकी पत्नी कहीं और जाकर रुक गई। बाद में संजू उसे वापस लेकर आया था।

## एक नजर

### शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायि मनोज गोयनका उर्फ बिट्टू बाबू के पुत्र वेदांत गोयल का सड़क दुर्घटना मे हुई मौत

**पश्चिमी चंपारण/बेतिया,बिट्टू कुमार।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायि मनोज कुमार गोयनका उर्फ बिट्टू बाबू के 27 वर्षीय पुत्र वेदांत गोयंका का कुमार बाग अपने राइस मिल से बेतिया लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। बताया गया है कि वेदांत गोयनका का 7 माह पूर्व ही परिणर सूत्र में बंधे हुए थे। इस घटना से पूरा पश्चिमी चंपारण में शोकाकुल है। वही इनके परिवार में कोहरा मचा हुआ है। इस घटना को सुनकर जो जहां है वहां पर स्तब्ध होकर रह गया।

### छठ महापर्वः गायघाट विधायक निरंजन राय ने किया साड़ी एवं पूजन सामग्री का वितरण



**मुजफ्फरपुर।** गायघाट प्रखंड के केवटसा पंचायत के मिश्रौली ग्राम में लोक आस्था के महापर्व "छठ" के पावन अवसर पर शिव गंगा क्रेन सर्विस परिवार की ओर से 100 से अधिक छठ व्रतियों के बीच साड़ी एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में गायघाट के माननीय विधायक निरंजन राय ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर व्रतियों को सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर शिव गंगा क्रेन सर्विस परिवार के गंगा प्रसाद यादव, नवीन कुमार, प्रवीण कुमार, पप्पू कुमार सहित राजद के प्रमुख पदाधिकारी और पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### छठ घाटों पर सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे विधायक निरंजन राय

□आपदा प्रबंधन टीम के साथ किया निरीक्षण



**मुजफ्फरपुर।** छठ महापर्व के अवसर पर गायघाट प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर माननीय विधायक निरंजन राय ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला आपदा प्रबंधन विभाग के अपर समाहर्ता, अंचलाधिकारी गायघाट, और थाना प्रभारी बेनीबाद भी मौजूद रहे। विधायक राय ने सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ प्रखंड राजद अध्यक्ष पांचू महासेठ, जिला राजद प्रवक्ता अरविंद राय, जिला महासचिव सुनील कुमार राय, पूर्व प्रमुख सह प्रवक्ता शिवशंकर राय, प्रधान महासचिव राहुल यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष सह पंसस दिनेश राय और अन्य राजद नेता उपस्थित थे।

### छठ महापर्व की पहली शुरूआतः मुंगेर में मां सीता द्वारा किया गया था पहला छठ व्रत



**मुंगेर,दीपक कुमार तिवारी।** लोक आस्था के महापर्व छठ का इतिहास धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है, और इसे लेकर मुंगेर में कई लोककथाएं प्रचलित हैं। एक प्रमुख मान्यता के अनुसार, रामायण काल में मां सीता ने सबसे पहले मुंगेर में छठ व्रत किया था। माना जाता है कि मुंगेर के बबुआ गंगा घाट के पास ऋषि मुद्गल के आश्रम में मां सीता ने इस व्रत का अनुष्ठान किया था। इस स्थान को अब "सीता चरण मंदिर" के नाम से जाना जाता है, जहां माता के चरण चिन्ह और सूप के निशान एक विशाल पत्थर पर मौजूद हैं। आनंद रामायण में वर्णित कथा के अनुसार, भगवान राम के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर उन पर ब्राह्मण हत्या का दोष लगा, जिससे मुक्ति पाने के लिए मुद्गल ऋषि ने उन्हें यज्ञ का निर्देश दिया। इस दौरान मां सीता को सूर्य उपासना का व्रत करने की सलाह दी गई थी। मुंगेर के इस स्थल को अब छठ व्रत की परंपरा का प्राचीन केंद्र माना जाता है, और यहां स्थित मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु छठ पूजा करने आते हैं।

### नरपतगंज का चंदा छठ घाट आपसी सौहार्द्र का है प्रतीक

**अररिया।** जिले के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत स्थित चंदा स्थित केनाल छठ घाट आपसी सौहार्द्र के साथ-साथ आस्था का प्रतीक माना जाता है। हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग छठ से एवं आपसी सौहार्द्र के साथ मनाते हैं। यहां पर भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। छठव्रतियों के परिवार के साथ गांव के मुस्लिम परिवार के लोग सहभागी बनकर घाट निर्माण के साथ अन्य व्यवस्था में लगते रहे हैं। इस बार भी उमर फारूक के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोग छठ में सांप्रदायिक सौहार्द्र का मिठास घोलने में जुटे हैं। बुधवार को चंदा मुख्य केनाल नहर पर छठ पूजा को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं छठव्रतियों ने घाट पर तैयारी को अंतिम रूप प्रदान किया। स्थानीय समाजसेवी उमर फारूक ने बताया कि करीब दस वर्षों से ज्यादा समय से यहां पर छठ पर्व को लेकर दोनों समुदाय के वालंटियर के साथ घाट की साफ सफाई एवं छठ पूजा की तैयारी की जाती है। छठ पर्व के दिन यहां निशुल्क चाय स्टाल, शुद्ध पेयजल, लाइटिंग, टेंट आदि की व्यवस्था एवं छठव्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि यह छठ घाट आस्था का प्रतीक बन गया है। यहां पर जहां मुस्लिम समुदाय के बड़ी संख्या में युवा छठ पर्व को लेकर घाट पर मौजूद रहते हैं और मिलजुल कर छठ मानते है। छठ के दस दिन पहले से ही लोग घाट की साफ सफाई एवं अन्य तैयारी में जुट जाते है। स्थानीय पंचायत समिति मो. कासिम ने बताया कि आपसी सौहार्द के साथ छठ पर्व मनाया जाता है। लेकिन मुख्य नहर मेन केनाल साइफन के समीप छठ घाट होने से काफी भय की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से छठ घाट पर सुरक्षा के लिए गोताखोर की तैनाती की मांग की है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिमरिया घाट का किया निरीक्षण

□छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

**पटना(बिहार), दीपक कुमार तिवारी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बेगूसराय जिले के नवनिर्मित सिमरिया घाट का निरीक्षण कर छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं और मार्गों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे व्रती आसानी से घाट तक पहुंच सकें।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सिमरिया धाम में नव निर्मित धर्मशाला का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही राजकीय कल्पवास मेला क्षेत्र में साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राजेन्द्र सेतु के समानांतर निमार्णाधीन सिक्स लेन सड़क पुल की प्रगति की भी समीक्षा की और इसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, सांसद संजय कुमार झा, स्थानीय विधायकों सहित कई अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिमरिया धाम का विकास काफी अच्छा हुआ है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।




## दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स का शिलान्यास 13 नवम्बर को करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**दरभंगा।** बिहार को जल्द ही दूसरा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवम्बर को दरभंगा के शोभन बाईपास में बनने वाले एम्स का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारी की समीक्षा शुरू कर दी है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत, संयुक्त स्वास्थ्य सचिव संजय सिंह, डायरेक्टर डॉक्टर माधवानंद कार और दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर सहित जिले के अन्य आला अधिकारियों ने शोभन स्थित एम्स निर्माण स्थल का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान एक दिलचस्प घटना हुई, जब प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत ने सांसद गोपाल जी ठाकुर को हल्के मजाक में यह याद दिलाया कि उन्होंने शुरू से ही शोभन में एम्स निर्माण का समर्थन किया था, जबकि सांसद ठाकुर डीएमसीएच परिसर में इसे बनाने की मांग कर रहे थे। उनकी इस बात पर वहां मौजूद लोग

□तैयारी का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी"



ठहाके लगाने लगे, और सांसद ठाकुर ने भी इस माहौल में हंसी में उनका साथ दिया। दरभंगा एम्स का निर्माण 1261 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा और इसमें 750 बेड की सुविधा होगी। राज्य सरकार ने इसके लिए 187 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई है। निर्माण का कार्य ल्हरउउ कंपनी को सौंपा गया है। एम्स के इस नए संस्थान से बिहार और आसपास के क्षेत्रों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

## विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, परिजन ने दहेज के लिए हत्या का लगाया आरोप

**अररिया।** जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरुवा लक्ष्मीपुर वार्ड संख्या 14 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। छह माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। मायके पक्ष के लोगों ने बेटी की फंदे से लटका कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पिता के आवेदन पर पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मृत विवाहिता कि पहचान कुरवा लक्ष्मीपुर वार्ड संख्या 14 निवासी राहुल कुमार मेहता की 19 वर्षीय पत्नी रिया राज के रूप में की गई।

जानकारी देते हुए भागलपुर जिला के कहलगांव थाना क्षेत्र हरिचक गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि 19 वर्षीय बेटी रिया राज की शादी गत 19 अप्रैल को सिमराहा थाना क्षेत्र के कुरवा लक्ष्मीपुर वार्ड संख्या 14 निवासी संजय मेहता के पुत्र राहुल कुमार मेहता के साथ हुई थी।प्रेम प्रसंग में दोनों परिवार की सहमति से प्रेम विवाह हुआ था।आरोप है कि ससुराल वाले शादी के कुछ दिन बाद ही रिया को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी में उपहार स्वरूप 8 लाख रुपये दिए थे। इसके अलावा उनके द्वारा 3 लाख रुपये और देने की बात कही जा रही थी। इसी दौरान गत मंगलवार की शाम रिया के ससुराल पक्ष के लोगों ने दूरभाष के माध्यम से सूचना दी की वे दोनों पति-पत्नी आपस में झगड़ा कर खुद को घर में बंद कर लिया है, जबकि ठीक 2 घंटे बाद फिर से फोन कर बताया कि वह फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। जानकारी मिलने के



बाद मायके से पिता सहित अन्य लोग बुधवार को बेटी की ससुराल पहुंचे।जहां पहुंचने पर देखा तो बेटी का शव आंगन में चारपाई पर पड़ा था। जिसे देखते ही मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।मृतका के पिता ने बेटी को दहेज के खातिर जान से मारने का आरोप लगाया। इसी बीच मौका पाते ही ससुराल पक्ष के लोग भाग निकले। मामले पर सिमराहा थानाध्यक्ष प्रेम कुमार भारती ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अगली कार्रवाई होगी।

## सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन होगा अजगैबीनाथ, बिहार के डिप्टी सीएम का बड़ा ऐलान

**पटना,संवाददाता।** देश में ऐतिहासिक महत्व रखने वाले कई रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने की कड़ी में अब बिहार के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम भी जुड़ने वाला है। ईस्टर्न रेलवे के मालदा मंडल में पड़ने वाले इस स्टेशन का नाम बदलने को लेकर कोशिशें शुरू कर दी गयी हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इस बारे में पटना में 'बोल बम कावंडिया सेवा सम्मान समारोह' को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर अजगैबीनाथ किया जाएगा। इस सम्बन्ध में वे रेल मंत्री से मिलकर शीघ्र इस काम को पूरा करवाएंगे।

दरअसल, सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अजगैबीनाथ धाम करने के




प्रस्ताव को स्थानीय नगर परिषद ने जून महीने में ही पास किया था और इसको लेकर राज्य सरकार और नगर विकास विभाग को पत्र भी लिखा गया था। 2007 से ही यहां के मुख्य महंत, जूना अखाड़ा समिति, स्थानीय नागरिकों और पंडा समाज की मांग रही है कि सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अजगैबीनाथ धाम रखा जाए। भागलपुर जिले में पड़ने वाला सुल्तानगंज विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला, अजगैबीनाथ धाम और उत्तरवाहिनी गंगा के लिए प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि पहले सुल्तानगंज हिरण्य पुरी या अजगैबीनाथ धाम के नाम से जाना जाता था। यहां बौद्ध विहार हुआ करते थे। मुगल शासकों ने इसका नाम बदलकर सुल्तानगंज किया था। यहां श्रावणी मेले का बहुत महत्व है और दूर दूर से श्रद्धालु यहां सावन मास में आते हैं और यहां से गंगाजल लेकर भोले बाबा का जलाभिषेक किया जाता है। अजगैबीनाथ धाम भगवान शिव का प्रमुख तीर्थस्थल है। यह उत्तरवाहिनी गंगा किनारे स्थित है और श्रावण मास में यहां करोड़ों शिवभक्त कांवड़ियों के रूप में बोलबम यात्रा के लिए आते हैं।

## जमीनी विवाद में युवती की संदिग्ध मौत, नदी से मिला शव



**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** मुजफ्फरपुर जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के मधेपुर गांव में एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार शाम को बागमती नदी में युवती अंतरा खातून का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अंतरा के पिता मोहम्मद मोकीम ने बताया कि कुछ दिन पहले जमीन के विवाद में मारपीट हुई थी। उन्होंने बताया कि 4 तारीख को 2 बजे से उनकी बेटी घर से बाजार के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। जब अंतरा का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने सिवाईपट्टी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। अगले दिन, मंगलवार को, बागमती नदी में उनकी बेटी का शव मिला। मोहम्मद मोकीम का शक है कि उनकी बेटी की मौत का कारण जमीनी विवाद ही हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ जारी है।

## भोली सूरत वाली महिला निकली बड़ी 'खिलाड़ी'!

□एक मकान से की करोड़ों की कमाई

□पुलिस का घूमा सिर

**नालन्दा,संवाददाता।** तस्वीर में आप जिस महिला को देख रहे हैं, उसकी भोली सूरत पर मत जाइए। भोली सूरत वाली ये महिला धोखाधड़ी की बड़ी 'खिलाड़ी' है। इसने एक मकान को ही कई लोगों को बेचकर करोड़ों की कमाई की है। पुलिस को जब इसके बारे में पता चला था तो उसका भी सिर घूम गया था। ये महिला पिछले एक साल से फरार थी, जिसे मंगलवार को नालंदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

नालंदा पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला मीना देवी पर आरोप है कि उसने अपने पति और बेटे के साथ मिलकर एक ही मकान कई लोगों को बेचकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। मीना देवी पिछले एक साल से फरार चल रही थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह नालंदा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक में एनओसी लेने के लिए आने वाली है। पुलिस ने जाल बिछाकर मीना देवी को बैंक से ही धर दबोचा। मीना देवी कतरीसराय थाना क्षेत्र के गोवर्धन विगहा की रहने वाली है। धोखाधड़ी का मामला लहेरी थाना क्षेत्र का है। पीड़ित नीरज भान सिंह और केदार प्रसाद ने पुलिस को बताया कि मीना देवी ने अपने पति उदय कुमार वर्मा और बेटे अमित कुमार से साथ मिलकर अजंता होटल के पास स्थित अपने मकान को कई लोगों को बेच दिया। पीड़ितों ने बताया कि मीना देवी और उसके परिवार ने इस तरह 5 से 6 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।नीरज भान सिंह ने बताया कि उन्होंने इस संपत्ति के लिए 45 लाख रुपये दिए थे, लेकिन रजिस्ट्री के बिना ही परिवार फरार हो गया। वहीं, केदार प्रसाद ने बताया कि उनके बेटे ने आरोपी के बेटे अमित कुमार को व्यवसाय के लिए तीन चेक के माध्यम से 30 लाख रुपये दिए थे। अमित कुमार, जो मध्य विद्यालय कोरारी में शिक्षक हैं, वह अभी फरार हैं। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि आरोपी महिला और उसके पति एवं बेटे के खिलाफ लहेरी थाने में दो प्राथमिकी दर्ज हैं, साथ ही मानपुर में भी एक मामला दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मीना देवी मैरा- बरीठ से पैक्स का चुनाव लड़ने वाली थी और एनओसी लेने पहुंची थी, लेकिन इसी बीच पुलिस को इसकी भनक लग गई और पुलिस ने वहां से आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष का मानना है कि इस गिरफ्तारी से अन्य आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। मामले की जांच जारी है।

## दानापुर के 82 में से 20 छठ घाट खतरनाक घोषित

□जानिए गंगा किनारे कहा- कहां नहीं देना है अर्घ्य

**पटना,संवाददाता।** बिहार की राजधानी पटना से सटे दानापुर में लाखों श्रद्धालु छठ कर रहे हैं। ये सभी श्रद्धालु कैंट एरिया के अलावा आस- पास के पोखर से ज्यादा गंगा घाट पर छठ करते हैं। छठ घाटों का निरीक्षण करने के बाद दानापुर अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से डेंजर घाटों की सूची जारी की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी के मुताबिक दानापुर के कुल 82 घाट में से 20 घाट पूरी तरह खतरनाक हैं। यहां छठ करना और अर्घ्य देना खतरे से खाली नहीं है। वैसे में जिला प्रशासन ने इन बीस घाटों पर लोगों को जाने से मना किया है।

दानापुर इलाके में जिन बीस घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है। उसमें इमलीतला घाट, चाईटाला घाट, काली मंदिर घाट, गंगहारा घाट, हेतुनपुर घाट, गोढना घाट, मधुकर घाट, बीएस कॉलेज घाट, राजपुताना घाट, बनपर टोली घाट, बाबू साहब घाट, दलदली घाट, गोला घाट, चैनपुर कोठी घाट, मछुआ टोली घाट, कागजी मोहल्ला घाट, भट्टी तल घाट, चौधरानी घाट, कासिमचक (बड़ा घाट) और गोवर्धन घाट शामिल है। एसडीएम



दिव्य शक्ति ने बताया कि सभी घाटों पर कंट्रोल रूम, चेंजिंग रूम, वाच टावर, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था नगर परिषद प्रशासन के तरफ से की गई है। 177 मजिस्ट्रेट की नियुक्ति अनुमंडल स्तर पर की गई। साथ ही जिला स्तर से 22 मजिस्ट्रेट को पदस्थापित किया गया है। विभिन्न घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। अनुमंडल पदाधिकारी के मुताबिक खतरनाक घाटों को लाल कपड़े से मार्क कर घेर दिया गया है। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने छठ पूजा के दौरान होने वाली भीड़ को लेकर लोगों की सुरक्षा के साथ, घाटों पर उपयुक्त रोशनी और गोताखोरों की व्यवस्था की है। इसके अलावा एसडीआरएफ की तैनाती भी की गई है। छठ को लेकर हुई बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक

**कटिहार।** ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और अद्यतन स्थिति की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य रूप से योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन, खेल मैदान, लाइब्रेरी निर्माण, सोलर प्लांट अधिष्ठापन, जल जीवन हरियाली, कार्यों की प्रगति एवं अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई को लेकर डीएम ने समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायतों में उपयोगी योजनाओं का चयन करने और उन्हें प्रशासनिक




स्वीकृति प्राप्त कर शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण इस बैठक में उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और आवश्यक निर्देश देना था। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन हरियाली योजना के तहत सभी चिन्हित तालाब और कुआं का जीर्णोद्धार कार्य करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही, सभी पंचायतों में खेल मैदान और लाइब्रेरी का निर्माण करने और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।



चरण सिंह

विचार

# भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित होंगे डोनाल्ड ट्रंप !

डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद शांति की बात कही, जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप महात्मा बुद्ध के संदेश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर देश में युद्ध नहीं बुद्ध की बात करते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप भारत के लिए फायदेमंद साबित होंगे। डोनाल्ड ट्रंप भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए दिखाई देंगे। आर्थिक नीति के साथ ही पड़ोसी देशों से संबंध के मामले में भी डोनाल्ड ट्रंप भारत का साथ देते हुए दिखाई देंगे। वैसे भी पिछले कार्यकाल में डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को होने वाली अमेरिकी फंडिंग रोक दी थी।

देखने की बात यह है कि हाउडी मोदी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा लगवा दिया था। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर गुजरात में ट्रंप को बुलवाकर उनका भव्य स्वागत किया था। जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप चुनाव बीच में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हुए अत्याचार का मुद्दा उठाया उससे भारतीय मूल का वोट उन्हें मिले। डोनाल्ड ट्रंप को उनके ऊपर हमले को लेकर भी लोगों की सहानुभूति मिली। कमला हैरिस जिस तरह से चुनावी मैदान में थी, जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप पूरे चुनाव में छाये रहे उसको देखकर भी कहा जा सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस से यह चुनाव जीत लिया। देखने की बात यह है कि चुनावी सर्वे में डोनाल्ड ट्रंप को पीछे और कमला हैरिस को आगे दिखाया जा रहा था।

यह अपने आप में दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ तालमेल बैठाकर लद्दाख सीमा पर २०२० जैसी स्थिति बनवाई। ऐसे ही मोदी का प्रयास होगा कि अमेरिका को साथ लेकर इजरायल-ईरान, रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवाया जाए। देश में शांति का संदेश दिया जाए। भारत हथियारों की होड़ को न रोकने बल्कि हथियारों को नष्ट करने का भी पक्षधर है। दरअसल समाजवाद का प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया हथियारों की होड़ के विरोधी थे उनका मानना था कि यदि इस समय हथियारों की होड़ पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में दुनिया में अराजकता फैल सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोहिया का रास्ता अपनाते हुए दुनिया को शांति के रास्ते पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि उनके इस प्रयास में व्लादिमीर पुतिन, शी जिनपिंग के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप का साथ मिल गया तो निश्चित रूप से वह एक इतिहास लिखने में सफल साबित होंगे। डोनाल्ड ट्रंप और मोदी का प्रयास हुआ तो इजराइल और फिलिस्तीन के साथ ही ईरान का मुद्दा भी सुलझ सकता है।

# ट्रम्प की जीत के भारत के लिए मायने



-डॉ. सत्यवान सौरभ

अमेरिका एक तरह से भारत की तरह है, जो इस सदी की शुरूआत में नई दिशा की तलाश में था; चीजों को हिलाने और एक नया रास्ता बनाने के लिए दो आम चुनाव, एक नीरस दशक और नरेंद्र मोदी के उग्र आगमन की जरूरत पड़ी। व्यवसायी ट्रम्प के लिए, खातों को संतुलित करना और व्यापार घाटे को कम करना एक स्वाभाविक कार्य है, जिसे वे 2016 से 2020 तक की तरह ही लगन से अपनाएंगे। उनके पहले कार्यकाल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए, हम अमेरिका से चीन, भारत और यूरोप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों में तेल और गैस के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

ट्रम्प की जीत भारत के लिए व्यावसायिक रूप से चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। ट्रम्प की उल्लेखनीय वापसी के वास्तविक महत्त्व को समझने के लिए, हमें भावनाओं से आगे बढ़कर निहितार्थों की ओर बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्बंधों में सिर्फ. इतना ही काफी नहीं होता। निजी रिश्तों के साथ ही साथ दोनों देशों के आपसी हितों का तालमेल या टकराव नीतियों की दिशा तय करता है। इस लिहाज से ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए कैसा रहेगा, यह तो उनके जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद ही पता चलेगा। ट्रम्प को अब चीन या बहुपक्षवाद की तुलना में उनके उद्देश्यों के लिए अधिक गंभीर बाधा के रूप में फिर से स्थापित किया गया है। डीप स्टेट के लिए बदतर यह है कि इस बात की पूरी संभावना है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे दोनों युद्ध या तो संप्रभु बहुपक्षीय समन्वय द्वारा समाप्त कर दिए जाएंगे, या, उन्हें सामान्य रूप से व्यवसाय की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कालीन के नीचे दबा दिया जाएगा।

राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डेमोक्रेट तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेट के बीच कहर बरपाया है और लिज चेनी जैसे सच्चे रिपब्लिकन राजघराने ने डेमोक्रेट के लिए खुलकर प्रचार किया है। पहली नजर में यह भ्रामक लग सकता है, यहाँ तक कि अजीब भी, लेकिन ऐसा तब होता है जब राजनीतिक विचारधारा उतनी ही तेजी से खरगोश के बिल में चली जाती है जितनी कि अमेरिका में। अगर पार्टियों को अब यह नहीं पता कि वे किस लिए खड़े हैं, तो कल्पना करें कि आम राजनेता, पार्टियों के कार्यकर्ता और मतदाता कितने भ्रमित होंगे? अमेरिका एक तरह से भारत की तरह है, जो इस सदी की शुरूआत में नई दिशा की तलाश में था; चीजों को हिलाने और एक नया रास्ता बनाने के लिए दो आम चुनाव, एक नीरस दशक और नरेंद्र मोदी के उग्र आगमन की जरूरत पड़ी। व्यवसायी ट्रम्प के लिए, खातों को संतुलित करना और व्यापार घाटे को कम करना एक स्वाभाविक कार्य है, जिसे वे 2016 से 2020 तक की तरह ही लगन से अपनाएंगे।




ट्रम्प के पहले कार्यकाल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए, हम अमेरिका से चीन, भारत और यूरोप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों में तेल और गैस के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। महामारी तक उन्होंने यही सफलतापूर्वक किया और विडंबना यह है कि जो बिडेन ने भी इसे दोहराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पहले क्रम के प्रभाव अमेरिका के लिए अच्छे हैं क्योंकि अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में बढ़ी हुई गतिविधि का मतलब है अधिक नौकरियाँ, आर्थिक विकास, कम व्यापार घाटा और कम मुद्रास्फीति। तेल, विशेष रूप से 'शेल' तेल ने किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में अधिक योगदान दिया और ऐसा फिर से हो सकता है।

दूसरा पहलू यह है कि ट्रम्प के भीतर की ओर देखने से भारत में कुछ नौकरियाँ खत्म हो सकती हैं और हम कुछ वीजा युद्ध देख सकते हैं। चीन और भारत को अमेरिकी कच्चे तेल की खरीद करने के लिए राजी करना कूटनीतिक मोर्चे पर एक ईमानदार समझौता है, जिसका सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए व्यापक रूप से मतलब होगा कि भारत और चीन को घरेलू मामलों में बहुत अधिक अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना अपनी बढ़ती वैश्विक स्थिति को मजबूत करने के लिए अकेला छोड़ दिया जाएगा। निश्चित रूप से, कुछ शोर-शराबा होगा।

इसकी प्रतिक्रिया में, यह संभव है कि सऊदी अरब जैसे बड़े तेल और गैस निर्यातक बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए एकतरफा कीमतों में कटौती कर सकते हैं, जबकि अमेरिका कतर को निचोड़ने और ईरान को खेल से बाहर रखने के लिए अपने सभी शेष प्रभाव का उपयोग करता है। इस खेल की प्रगति का एक संकेतक यह है कि यह देखने के लिए प्रतीक्षा करें और देखें कि क्या भारत ईरान से कच्चे तेल की खरीद फिर से शुरू करता है या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो वैश्विक गतिशीलता कैसे बदलेगी, इस पर सभी दांव बंद हो जाएंगे, क्योंकि इसका मतलब होगा कि अमेरिका ने बहुध्रुवीयता को नई वैश्विक वास्तविकता के रूप में स्वीकार कर लिया है।

यूक्रेन और गाजा में चल रहे दो युद्धों पर अमेरिका की स्थिति में किसी तरह की वापसी होगी। दोनों युद्ध या तो बहुपक्षीय संप्रभुता के आदेश से समाप्त हो जाएंगे, या फिर सामान्य स्थिति में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बेरहमी से दबा दिया जाएगा। अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए जल्द से जल्द यह सामान्य हो जाना चाहिए, क्योंकि, हम भूल न जाएँ, महामारी के बाद एक रिकवरी वर्ष प्राप्त करने के बजाय, हमें दो बदसूरत छद्म युद्ध, बढ़ती मुद्रास्फीति और दुर्बल करने वाले व्यापार व्यवधान मिले, कुछ ऐसा जिससे भारत केवल इसलिए बच गया क्योंकि हमने रूस पर पश्चिम के प्रतिबंधों को चतुराई से दरकिनार कर दिया।

अब आगे अमेरिकी चुनावी सुधारों पर अब गंभीरता से बहस शुरू होगी। व्यवस्था टूट चुकी है और इसे ठीक करने की जरूरत है। सुधार किस तरह की रूपरेखा अपनाएगा, यह केवल विस्तार का विषय है, लेकिन, सिद्धांत रूप में, इसकी आवश्यकता पर बातचीत शुरू होगी। यह एकमात्र तरीका है जिससे अमेरिका सभ्यतागत पतन से बच सकता है जिसकी ओर वह वर्तमान में बढ़ रहा है और ट्रम्प यह जानते हैं। हालांकि, कड़े व्यापार रवैये के बावजूद ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप के कार्यकाल में भारत पर अमेरिकी व्यापार सरप्लस की जांच और संभावित प्रतिबंध लगाने का दबाव रहेगा। इसके बावजूद, अमेरिका की 'चाइना प्लस वन' रणनीति भारत के लिए अवसर ला सकती है।

'चाइना प्लस वन' एक व्यापार रणनीति है, जिसमें कंपनियाँ चीन पर निर्भरता घटाने के लिए अन्य देशों, जैसे भारत में अपने संचालन को बढ़ा रही हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन से आयातित सामान पर टैरिफ और मैन्युफैक्चरिंग को घरेलू स्तर पर लाने पर जोर के चलते यह रणनीति तेजी से उभरी थी। इस बार भी ट्रंप की वापसी से यह रुख और मजबूत हो सकता है, जिससे भारत जैसे देशों में निवेश और सप्लाई चेन विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।

# बुरे काम का बुरा नतीजा



ऊषा शुक्ला

बुरे काम नतीजा हमेशा बुरा ही होता है` बुरा काम करने से जीवन में आज के समय में जीवन समीकरण बदल गए हैं। जिसके चलते कर्मों की परिभाषा भी बदल गई है। कभी- कभी हम किसी का अच्छा करने जाते हैं तो उसके अच्छे के चक्कर में हमारे साथ बुरा हो जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि हमें किसी के भला करने की कोशिश ही नहीं करनी चाहिए।हम कितने भी आगे क्यों न बढ़ जाएँ, लेकिन यदि हमने किसी का नुकसान करके उस स्थान को प्राप्त किया है तो हमें कभी भी सुकून नहीं मिलता है। समयानुसार हमें कभी न कभी उस बुरे काम की फल भोगना पड़ता है ।कभी सफलता और खुशियाँ नहीं मिलती है`

बुरा काम करने से हमारा जीवन खराब हो जाता है` समाज में हमारी कोई इज्जत नहीं करता है` बुरे काम करने वालों को सब बुरी नजरों से देखते है कोई उनकी मदद नहीं करता है` जीवन में हमें अच्छे काम करने चाहिए` अपना जीवन ईमानदारी के साथ व्यतीत करना चाहिए` बुरे काम का फल हमें हमेशा बुरा मिलता है`हम जैसा कर्म करते हैं हमें वैसा ही फल प्राप्त होता है। जो काम हम आज करते हैं, आने वाले कल में उसका परिणाम निश्चित तौर पर मिलता है। काँटे के पेड़ पर फल नहीं, काँटे ही लगते हैं।हमारा उद्देश्य अच्छा है, सोच अच्छी है और हम कुछ भला करने के लिए बुरा कर रहे हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं है। यदि हम किसी गलत कार्य को या किसी बुराई को रोकने या खत्म करने के लिए बुराई का रास्ता अपना रहे हैं, तो बुराई होने के बावजूद अच्छाई की श्रेणी में गिनी जाएगी।मेहनत पर विश्वास रखने वालों का कहना है कि समय चाहे जैसा भी हो, अच्छाई और परिश्रम की हमेशा जीत होती है। हर धर्म में कर्म के मुताबिक फल मिलने की बात कही गई है। लोगों की सोच में भले ही परिवर्तन आ गया हो। लेकिन आज भी यदि कोई किसी का बुरा करता है उसके साथ भी बुरा होता है।भगवान ना किसी का बुरा किया, ना कर रहे हैं, ना आगे करेंगे।भगवान हमारे माता-पिता है, हर माता-पिता अपने बच्चों का भला ही करते हैं, कभी बुरा नहीं करते, ना कभी बुरा सोचते हैं, बच्चा चाहे जैसा भी हो, माता पिता कभी अपने बच्चों का बुरा नहीं करते, ना बुरा सोचते हैं। बूरा कौन करता है, आपको समझना है क्या बुरा आपका शरीर करता है, बूरा आपका मन करता है, आपकी आत्मा करती है, ।भगवान कभी किसी का बुरा नहीं करता।बूरा कौन कर रहा है, इसका पता लगाना बहुत जरूरी है, कारण जब तक पता नहीं लगेगा समाधान नहीं निकलेगा।आप आराम से बैठिए अपने आप से प्रश्न करिए, क्या मेरा शरीर बुरा करता है, जवाब मिलेगा नहीं, यह पांच तत्वों का बना हुआ है, जल्द धरती अग्नि वायु आकाश। यह कभी बुरा किसी का नहीं करता, क्योंकि धरती सबके लिए है जल सबके लिए है पानी सबके लिए है हवा सबके लिए आकाश सबके लिए है अग्नि सबके लिए है।यह तो सबका भला कर रही है। फिर मन बुरा कर रहा है, नहीं मन एक मेमोरी है, यह कभी किसी का बुरा नहीं करता ।फिर कौन बूरा कर रहा है, बूरा आपके विचार कर रही है, , विचार ही आपका बुरा कर रहा है। धार्मिक और दार्शनिक परंपराओं में, भगवान या ईश्वर को सामाजिक और मानवाधिकार से अलग माना जाता है, और उन्हें बुराई करने वाले के रूप में नहीं देखा जाता। बुराई या दुख का कारण मानव की स्वतंत्र इच्छा, कर्म, और सामाजिक परिपेक्ष्य से आता है। अलग-अलग धर्मों और दार्शनिक परंपराओं में इस परिपेक्ष्य में विभिन्न दृष्टिकोण होते हैं, लेकिन बहुत से लोग मानते हैं कि मनुष्य के कर्मों का परिणाम होता है और भगवान या ईश्वर केवल साक्षी रूप से होते हैं, जो इस प्रक्रिया को निगरानी करते हैं, लेकिन उसे नियंत्रित नहीं करते।इसलिए, बुराई करने वाला मानव होता है, और भगवान या ईश्वर को इसके लिए जिम्मेदार ठहराना नहीं होता है, क्योंकि वे मानवों की स्वतंत्र इच्छा और कर्म का सम्मान करते हैं।

# देश के भविष्य को अंधकार की ओर धकेलते प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं मशहूर टीवी चैनल

## पैसा कमाने की दौड़ में देश का चौथा स्तंभ मीडिया एवं कुछ प्रतिष्ठित व्यक्ति अपने कर्तव्य को भूलकर मोबाइल पर नए-नए ऐप (सॉफ्टवेयर डाटा) का (विज्ञापन) प्रचार कर आज नौनिहाल छात्र छात्राओं एवं युवा पीढ़ी को जुआ(सट्टा) परोस रहे हैं। वह भूल रहे हैं कि उनके इस कार्य से देश का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है



पवन कुमार

आज देश के बच्चे बच्चे के हाथ में मोबाइल है यह हमारे लिए गर्व का विषय है हमारा देश तरक्की की ओर अग्रसर है, बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं, ऑनलाइन लेनदेन हो रहा है, गूगल द्वारा नई-नई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं, सफर में मैप नक्शे का सहारा ले सकते हैं, देश विदेश में आसानी से बात की जा सकती है, और भी न जाने कितने सदुपयोग मोबाइल के हैं, लेकिन आज देखकर दुख होता है कि 90% नौनिहाल छात्र एवं युवा पीढ़ी मोबाइल में वीडियो गेम्स खेलते नजर आते हैं वीडियो गेम्स तक तो फिर भी ठीक है,गेम्स के द्वारा जुआ खेला जा रहा है, हमारे लिए शर्म की बात है की इन जुआ (सट्टा) वाले गेम्स का प्रचार हमारे देश के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं सुप्रसिद्ध टीवी चैनलों द्वारा किया जा रहा है।

आज नौनिहाल छात्र छात्राओं एवं युवा वर्ग इन जुआ खिलाने वाले गेम्स के आदी होते जा रहे हैं जिसके चलते उनका भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है, अगर बच्चों एवं युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में है तो निश्चित रूप से देश का भविष्य अंधकार में है। इसे में प्रश्न उठता है कि कहां है सरकारी तंत्र जो देश को जुआ(सट्टा) मुक्त करने की बात करते हैं, कहां हैं हमारे देश के समाज सेवी, कहां है वह संगठन जो लगातार समाज सुधार की बात करते हैं, कहां है विपक्षी नेता जो सत्ता के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहते हैं, कहां है देश के वर्तमान प्रधानमंत्री जो देश को विश्व गुरु बनाने की बात करते हैं, कहां खो गया देश का चौथा स्तंभ जो मीडिया के रूप में जाना जाता है। अगर मैं अपने विचार रखूं तो इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार देश का चौथा स्तंभ मीडिया है जो अपने कर्तव्य से भटक गया है। देश के मशहूर टीवी चैनल एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति, अधिकांश यूट्यूब्रो द्वारा इन सट्टा खिलाने वाले ऐप का प्रचार किया जा रहा है।




इस विषय पर हमने कुछ जिम्मेदार नागरिकों के विचार लिए हैं ।

अशोक कुमार गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं अध्यक्ष पत्रकार संघ कीरतपुर का कहना है कि आज के दौर में मोबाइल जरूर की विशेष वस्तु बन गया है। इसका अगर सही उपयोग किया जाए तो यह विकास और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकता है। लेकिन आज के युवा और नौनिहाल मोबाइल का गलत प्रयोग कर कर रहा है,मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल कर अपने भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं वहीं आर्थिक बबार्दी भी कर रहे हैं, आज मोबाइल हमारे लिए इस तरह की वस्तु बन गया है की थोड़ी देर भी मोबाइल खुद से दूर होने पर व्यक्ति बेचैन,परेशान हो जाता है, मोबाइल का सही उपयोग किया जाए तो इससे बहुत से कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। लेकिन आज स्थिति यह है कि नौनिहाल छात्र-छात्राएं एवं युवा वर्ग ऑनलाइन गेम खेल कर अपने भविष्य को अंधकार की ओर ले जा रहे हैं,स्थिति आत्महत्या तक पहुंच रही है। कुछ समाज के सभ्य लोग सेलिब्रिटीज, सुप्रसिद्ध टीवी चैनल नए-नए ऐप (डाटा प्रोग्राम) का प्रचार कर आज के नैनीताल छात्र-छात्राओं एवं युवा वर्ग को जुआ (सट्टा) खेलने की लत (आदत)लगा रहे हैं। जिस देश का भविष्य युवा वर्ग अंधकार की ओर जा रहा है, इन ऑनलाइन गेम खेलने की वजह से युवा वर्ग अनिद्रा से गुजर रहा है जिस कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगा है। दुख की बात तो यह है इन जुआ(सट्टा) खिलौने वाले ऑनलाइन गेम्स का प्रचार प्रतिष्ठित व्यक्ति क्रिकेटर,फिल्म स्टार एवं सुप्रसिद्ध चैनल हैं। और हम भली भांति जानते हैं की आज का युवा वर्ग क्रिकेटर्स एवं फिल्म स्टार को ही अपना आदर्श मानता है।

ऑनलाइन गेम्स के कारण ही बच्चे शारीरिक खेल से दूर हो रहे हैं जिससे उनका स्वास्थ्य हानि पहुंच रही है, वही वह सामाजिक कार्यों में हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं, परिवार से भी दूर होते जा रहे हैं, बच्चों में लगातार चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है, और ननिहाल अपनी बचपन की टोलियों से दूर होते जा रहे हैं, इसी के कारण अपने समाज संस्कृति और सभ्यता से भी दूर होते जा रहे हैं, इसी के कारण उनको मानसिक शारीरिक और आर्थिक नुकसान से गुजरना पड़ रहा है।

पैसा कमाने की दौड़ में प्रतिष्ठित व्यक्ति हो या मशहूर टीवी चैनल हो कोई भी हो अपनी जिम्मेदारी को भूल चुके हैं अब हमारा दायित्व बनता है कि हम अपने बच्चों का ध्यान रखें उनको मोबाइल पर गेम ना खेलने दें। सरकार को भी संबंध में कारगर सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि हमारे युवा और नैनीताल पीढ़ी का भविष्य सुखद बना पाए।

इसी विषय पर,



आदित्य शेखर सिंह राजपूत प्रबंधक ए डी एन जूनियर हाई स्कूल शहबाजपुर बिजनौर (उत्तर प्रदेश) महामंत्री आर्यावर्त रवा राजपूत एकता एवं सेवा समिति (बिजनौर)का कहना है।

कोरोना काल के बाद में मोबाइल फोन का प्रयोग बहुत बढ़ गया है ' यदि सदुप्रयोग किया जाये तो मोबाइल फोन एक बहुत उपयोगी गैजेट है एक कहावत भी है ग्रील्ली्.२ ॅ्ङ्क्वं री१५ल्ल३ु४३ ॅुं ॅ२३ी१. इसलिए मोबाइल फोन जैसे उपयोगी गैजेट का सही प्रयोग अति आवश्यक है ' किंतु देखने में आता है कि केवल 10% छात्र ही मोबाइल फोन का सदुप्रयोग करते ही नजर आ रहे हैं ' 90% नौनिहाल छात्र मोबाइल के अंधकार रूपी चक्रव्यूह में फंसते नजर आ रहे हैं ' हमारी युवा पीढी फिल्म स्टार्स और क्रिकेटर को अपना आदर्श मानते हैं और उनका अनुसरण करना ही अपना स्टाइल मानते हैं ' फिल्म स्टार्स और क्रिकेटर की तरह हेयर स्टाइल रखना, कपड़े पहनना, बातें करना, चलना फिरना, उठना बैठना आदि को युवा अपना अन्दाज मानते हैं

इस सबके के चलते एक बात नौनिहाल और युवा समाज के लिए घातक वो है ओनलाइन गेम रूपी जुआ ' ओनलाइन गेम्स के कारण युवा पीढ़ी व नौनिहाल अनेक प्रकार से अपना नुकसान कर के अपना भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं '

ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चे शारीरिक खेल कूद से दूर होते जा रहे हैं , बच्चे अपनी आँखों को खराब कर रहे हैं,

ऑनलाइन गेम्स पर पैसों से जुआ खेल कर माता पिता के धन की बबार्दी कर रहे हैं,

ऑनलाइन गेम्स मे हर समय लगे रह कर बच्चे मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं,

ऑनलाइन गेम्स पर रोज रोज पैसे की बाजी लगाकर बच्चे जुआ(सट्टा )के आदी हो रहे हैं,ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चे अपने अभिभावक (माता पिता) से भी कम बाते कर रहे हैं,

ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चे अपने घरों में चोरी करना सीख रहे हैं ,ऑनलाइन गेम्स की लत के कारण बच्चे रिश्तेदारों से उधार मांगते नजर आ रहे हैं,ऑनलाइन गेम्स के कारण एक ही स्थान पर बैठे रहने के कारण बच्चों में मोटापा का शिकार हो रहे हैं और उनकी पाचन शक्ति भी कमजोर हो रही है,ऑनलाइन गेम्स में कुछ गेम्स में बच्चे अपने आप को गेम का हीरो मान लेते हैं और हार होने अपना शारीरिक नुकसान कर रहे हैं,ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चे अनिद्रा का शिकार हो रहे है, ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चे सामाजिक रिश्तों से भी दूरियां बना रहे हैं, कुछ ऑनलाइन गेम्स के कारण तो बच्चों के आत्महत्या करने की सूचनाएं भी प्राप्त हुई हैं, कभी कभी ऑनलाइन गेम्स के कारण माता पिता की चोरी से लिये गये रुपयों की बबार्दी के कारण भी बच्चों के आत्महत्या के केस भी नजर आ रहे हैं ,ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चों में चिड़चिड़ापन की आदत भी पनप रही है और उनका मानसिक विकास भी अवरुद्ध हो रहा है लो

समझ नही आ रहा है कि हमारी नौनिहाल और युवा पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में बढ़ रहा है। जिस प्रकार कही जूआ, सट्टा या लॉटरी खेली जाती है तो पुलिस/ प्रशासन की सख्ती के कारण वो जुआ, सट्टा और लॉटरी के ठिकाना बंद करा दिये जाते हैं ताकि हमारी भोली भाली जनता की मेहनत की कमाई व्यर्थ ना चली जाये ' किंतु ये ऑनलाइन गेम्स रूपी जुआ तो वर्तमान परिपेक्ष्य में भयंकर दानव बनता चला जा रहा है लो हम सभी को इस विनाशकारी दैत्य के विरुद्ध खड़ा होना होगा '

हमारे सैलिब्रिटीज को भी सोचना होगा कि वो ऐसे ऑनलाइन गेम्स का प्रचार, प्रसार कतई ना करें जो कि आर्थिक जोखिम को दर्शता हो और बच्चे उस गेम के आदी बन जाये, क्योंकि सैलिब्रिटीज के द्वारा किये गये विज्ञापन का हमारे नौनिहाल अवश्य अनुसरण करते हैं ' माता पिता को भी जिम्मेदार बनना होगा और ध्यान रखना होगा कि उनके बच्चे ऑनलाइन गेम्स के जुये के जंजाल में ना धंसते चले जाएं ' सरकार को भी इस संबंध में कारगर सख्त कदम उठाना चाहिये ताकि हमारी युवा और नौनिहाल पीढ़ी का भविष्य सुखद बन पाये'

ऑनलाइन गेम्स के प्रति यह मेरा विचार और दृष्टिकोण है यदि किसी को इन विचारों से ठेस पहुँचती है तो मै क्षमा प्रार्थी हूँ '

इसी विषय पर।

मनोज कुमार जिला अध्यक्ष भारतीय सोशलिस्ट मंच (बिजनौर)।



का कहना है कि जिस तरह से आज हमारे देश के प्रतिष्ठित व्यक्ति क्रिकेटर्स फिल्म स्टार और भी कई स्पोर्ट्समैन एवं यूट्यूब्रो द्वारा मोबाइल पर जुआ (सट्टा) अप का विज्ञापन(प्रचार) हो रहा है और इनको अपना आदर्श मानने वाले नैनीताल छात्र-छात्राएं एवं युवा वर्ग जुआ का आदि होता जा रहा है जिसके कारण उनका भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। जिसकी मैं भारतीय सोशलिस्ट मंच की ओर से घोर निंदा करता हूं।

और सरकार से अपील करता हूं कि इसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं इन अप को बंद कर नौनिहाल छात्र-छात्राओं एवं युवा वर्ग को इस जंजाल से बाहर निकला जाए और देश के भविष्य को सुरक्षित किया जाए, क्योंकि नैनीताल छात्र-छात्राएं एवं युवा वर्ग ही देश का भविष्य है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### हिसार: डीएपी खाद नही मिली तो किसान ने कीटनाशक पीया



**हिसार।** उकलाना की नई अनाज मंडी में भीखे वाला निवासी एक किसान ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या के ली। परिजनों के अनुसार मृतक किसान रामभगत पिछले कई दिनों से बिजाई के लिए डीएपी खाद न मिलने से परेशान चल रहा था। अनाज मंडी में बुधवार को किसान के कीटनाशक पीने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और रामभगत को इलाज के लिए सामान्य अस्पताल उकलाना में भेजा। यहां से चिकित्सकों ने उसे बरवाला रेफर कर दिया। डॉ. उमेद ने बताया कि किसान की यहां आने तक मृत्यु हो चुकी थी। मृतक परिवार के रणधीर सिंह उर्फ भीरा का कहना है कि रामभगत डीएपी खाद ना मिलने से परेशान था। वह खाद के लिए कई दिनों से चक्कर काट रहा था लेकिन खाद नहीं मिली। काफी दिन पहले उसने खेत में पानी लगाया था और जमीन सूख रही थी। किसान की उकलाना में आढत है, डीएपी ना मिलने के कारण उसने कीटनाशक दवाई पी ली। मृतक रामभगत के पिता की पहले मृत्यु हो चुकी है और उसकी चार बहनें विवाहित है। अपनी पत्नी तथा दो बच्चों के साथ खेती करके अपना जीवन व्यतीत कर रहा था। वह लगभग दो एकड़ का किसान था। उधर, उकलाना पुलिस चौकी से एएसआई संजीव ने कहा कि अभी तक ना तो उनके पास कोई चिकित्सकों का संदेश आया है और ना ही ऐसी कोई शिकायत मिली है। इस विषय में कोई शिकायत या रूक्का आया तो पुलिस कार्रवाई करेगी।

### किसानों के खातों में 22000 करोड़ रुपये से अधिक जमा: कटारूचक्क

**चंडीगढ़।** पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा कि राज्य की अनाज मंडियों में पहुंचे 111 लाख टन धान में से 105 लाख टन की खरीद की गयी है और भुगतान के तौर पर किसानों के खातों में 22,047 करोड़ रुपये जमा किये गये हैं। श्री कटारूचक्क ने कहा कि मंगलवार को 6.18 लाख टन धान लिफ्टिंग की गयी, जो एक दिन की लिफ्टिंग के मामले में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और अब तक कुल वितरण 64,55,000 लाख टन है, जो लगभग 62 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि राज्य की 5086 चावल मिलों में से 4792 ने आवंटन के लिये आवेदन किया था और 4579 मिलों को आवंटित हो गयी है, जो इस प्रकार है, इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि वर्तमान राज्य सरकार का यह छठा खरीद सत्र भी बहुत सफल साबित होगा। मंत्री महोदय ने कहा कि इस बार राज्य को 185 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है और राज्य सरकार ने 190 लाख टन खरीद के लिये बारदाने और मुद्रा के रूप में पूरी व्यवस्था कर ली है।

### पराली जलाने से रोकने के लिये सख्ती नहीं, लोगों को बदलना होगा: कटारिया

**अमृतसर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, जो अपने चार दिवसीय सीमा दौरे पर हैं, कल शाम अटारी सीमा पर पहुंचे और सीमा पर री-ट्रीट समारोह का आनंद लिया। श्री कटारिया ने दिन-रात अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा करने की कर्तव्यनिष्ठा के लिये जवानों की पीठ थपथपाई। इस अवसर पर बी.एस.एफ राज्यपाल पंजाब को भी जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिये सिर्फ सख्ती की नहीं, बल्कि विकल्प की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे उद्योग की जरूरत है, जो पराली को ईंधन के रूप में इस्तेमाल करे या पराली से कच्चा माल लेकर उसे आगे प्रसंस्कृत करें। श्री कटारिया ने कहा कि सीमा पार से आने वाले मादक पदार्थों को रोकने के लिये लोगों के सहयोग की बहुत जरूरत है, जो अब ड्रोन की मदद से बहुत आसानी से पहुंच रहा है।

### पंजाब के सांसद सांस्कृतिक प्रदूषण का मुद्दा संसद में उठायें : इप्टा

**चंडीगढ़।** इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) की पंजाब इकाई ने प्रदेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के प्रमुखों से मंगलवार को अपील की कि वह अपने सांसदों को संसद में सांस्कृतिक प्रदूषण का मुद्दा संसद में उठाने को कहें। इप्टा पंजाब के प्रमुख एवं रंगकर्मी संजीवन सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि समाज में बढ़ते नशे, महिलाओं के खिलाफ अपराधों और गिरोहबाजी का कारण अश्लीलता, हथियारों, हिंसा और नशे को बढ़ावा देते गीत भी हैं, इसलिये इन पर रोक लगाने की जरूरत है। इप्टा पंजाब ने इस संदर्भ में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल के प्रमुखों, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पत्र लिख का यह मांग की है कि वह अपने सांसदों से संसद में सांस्कृतिक प्रदूषण का मुद्दा उठाने को कहें।

### पंजाब में 25 नवंबर से शुरू होगी गन्ने की पेराई, 62 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन की उम्मीद: खुड्डियां



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य में गन्ने की पेराई 25 नवंबर, 2024 से शुरू करने की घोषणा की है। यह निर्णय पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित पंजाब राज्य शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड की बैठक में लिया गया। श्री खुड्डियां ने बुधवार को बताया कि इस साल पंजाब में गन्ने के फसल क्षेत्र में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल के 95,000 हेक्टेयर की तुलना में इस साल एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की काश्त की गयी है। उन्होंने बताया कि पंजाब में नौ सहकारी और छह निजी चीनी मिलों सहित कुल 15 चीनी मिलें हैं, जिनमें लगभग 700 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में राज्य में 62 लाख क्विंटल चीनी के उत्पादन का अनुमान है। कृषि मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पेराई शुरू होने से पहले सभी प्रबंध पूरे कर लिये जायें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिये और उन्हें फसल का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाये।

# वंचित दो लाख प्रार्थियों को जल्द मिलेंगे प्लाट: नायब सैनी

## चुनाव में जीत के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को दे रहे हैं धन्यवाद



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवासीय भूमि से वंचित दो लाख पात्र प्रार्थियों को एक सौ-एक सौ वर्गगज के प्लॉट की सौगात देगी। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। इस योजना में राज्य के पांच लाख लोगों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया था। इन सभी योग्य लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में प्लॉट दिए जाएंगे।


मुख्यमंत्री सैनी बुधवार को भाजपा की सरकार बनने के बाद धन्यवाद देने के लिए सभाओं की श्रृंखला के तहत जिला कुरुक्षेत्र के लाडवा विधानसभा क्षेत्र में गांव उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी में बोल रहे थे। सभी गांवों में मुख्यमंत्री के आगमन पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। अनेक स्थानों पर मुख्यमंत्री को सम्मानसूचक पगड़ी पहनाकर तथा फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी के ग्रामीणों की सभी मांगों को पूरा किया और गांव मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी को 21-21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को 2100 रुपये की राशि देने के अपने चुनावी वायदे को पूरा करने की दिशा में काम करते हुए अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के आदेश दिए गए हैं और शीघ्र ही प्रदेश की महिलाओं को यह सौगात दी जाएगी। इस धन्यवादी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव दबखेडा में बड़े सामुदायिक केन्द्र की सौगात देने के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग चौपाल के नवीनीकरण की भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों को हाथ जोड़कर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाडवा विधानसभा के साथ-साथ प्रदेश में तेज गति के साथ विकास कार्य किए जाएंगे और प्रदेश में सभी सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों ने तीसरी बार सरकार बनाकर जो विश्वास और जिम्मेवारी हमें सौंपी है, उस विश्वास को बरकरार रखा जाएगा और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार तीन गुणा ताकत से प्रदेश का विकास करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने सहित किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदना, किसानों को समय पर मुआवजा देना और रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार बनते ही मरीजों को फ्री डायलिसिस की सुविधा दी है।

## जींद: हरियाणा की पारंपरिक कला को जीवित रखने का माध्यम है हरियाणवी उत्सव- कृष्ण बेदी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को दो दिवसीय हरियाणा उत्सव का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री कृष्ण बेदी, दिल्ली विश्वविद्यालय

सीपीडीएच निदेशक प्रो. गीता सिंह, सीआरएसयू वीसी डा. रणपाल सिंह रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हरियाणवी उत्सव हरियाणा की पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और खानपान को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह लोकगीत, लोकनृत्य, और पारंपरिक त्योहारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाता है ताकि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकें। इस प्रकार के आयोजनों में लोग विभिन्न जाति, धर्म और पृष्ठभूमि से आते हैं। जिससे आपस में भाईचारा और समरसता को बढ़ावा मिलता है। एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में यह समाज में एकजुटता का संदेश देता है। उत्सवों में स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है। जिससे वे न केवल अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त होते हैं। निदेशक प्रो. गीता सिंह ने कहा कि हरियाणा उत्सव हरियाणा राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और विकास को मनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उत्सव न केवल राज्य के लोगों को एकजुट करता है बल्कि राज्य की विविधताओं, ऐतिहासिक धरोहर, कला, संगीत और नृत्य को भी प्रदर्शित करता है। सीआरएसयू वीसी डा. रणपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा उत्सव एक ऐसा आयोजन है, जो इस राज्य की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को पूरे देश और दुनिया के सामने लाने का काम करता है। इस उत्सव में लोककला, खाद्य संस्कृति, हस्तशिल्प और खेलों को प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जाता है। यह आयोजन हरियाणा के लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ता है और युवाओं में इसे बनाए रखने के लिए जागरूकता फैलाता है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने संदेश दिया कि चलचित्रों के अत्यधिक प्रचलन से हरियाणवी गीत व सांग व संस्कृति फीके पडे लगे हैं। जिनके रंगों की छटा बरकरार रखने के लिए हरियाणा उत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है।

## अमृतसर में एक किग्रा हेरोइन, एक किग्रा आइस बरामद, तीन गिरफ्तार




**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करके सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलोग्राम आइस (मेथामफेटामाइन) और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी है। गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान अमृतसर के गांव भकना कला निवासी करणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब निवासी जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

पुलिस टीमों ने उनकी कार टोयोटा इटियोस को भी जब्त कर लिया है, जिसमें वे यात्रा कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी करणदीप छह साल बाद पंजाब लौटने से पहले दुबई और रूस के मॉस्को में रह रहा था। पंजाब लौटने के बाद आरोपी करणदीप ने विभिन्न सोशल मीडिया ऐप का इस्तेमाल करके पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्करों के साथ संपर्क स्थापित किया और अमृतसर और पड़ोसी जिलों में आगे की आपूर्ति के लिये सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि राज्य के क्षेत्र में नशीले पदार्थों की आपूर्ति के लिये पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा था। डीजीपी ने कहा कि जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी करणदीप विदेशी गैंगस्टर गुरदेव उर्फ जैसल के संपर्क में भी था। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन एयरपोर्ट अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और आगे-पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिये जांच जारी है। गौरतलब है कि गुरदेव जैसल कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा और सतबीर सिंह उर्फ सत्ता का प्रमुख गुर्गा है, जो पुलिस स्टेशन सरहाली में रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमले और पंजाब में लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की कई साजिशों के पीछे थे। पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि एक खुफिया सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुये, डीसीपी जांच हरप्रीत सिंह मंडेर की देखरेख में सीआईए स्टाफ-1 की पुलिस टीमों ने अमृतसर में अजनाला रोड पर पुली सुआ के पास एक नाका लगाया और उनके वाहन से नशीली दवाओं की खेप बरामद करने के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीपी ने कहा कि जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी की उम्मीद है।

## शहरों में एक और गांवों में दो घंटे में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश




**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहरी क्षेत्रों में एक घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दो घंटे के भीतर खराब ट्रांसफार्मर बदले जाएं। मंत्री अनिल विज बुधवार को चंडीगढ़ में विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। मंत्री विज ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह ट्रांसफार्मरों की खराबी के चलते लोगों को बिजली संकट की तरफ न धकेलें। प्रदेश में सभी ट्रांसफार्मर का लोड पता करने के लिए कहा गया है। जहां कनेक्शन का लोड अधिक हैं तो वहां नए व अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आज की बैठक में पीएम सूर्यघर योजना को लेकर भी समीक्षा की गई है। इस योजना के तहत अब तक एक लाख आवेदन आए हैं। जिन्हें 31 मार्च तक निपटा दिया जाएगा। इसके अलावा सोलर सिस्टम को अपग्रेड करने तथा उपलब्धता को लेकर रिपोर्ट मांगी गई है। विज ने कहा कि शॉट सर्किट से घर में लगी आग तथा डयूटी के दौरान कर्मचारियों की मौत के मामले में मुआवजा पॉलिसी में संशोधन के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में दोनो बिजली कंपनियों को लाइन लॉस 10 प्रतिशत से कम करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग में कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर को लेकर अभी नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसके लिए भी आला अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

## जालंधर में एक किग्रा अफीम सहित एक गिरफतार



**जालंधर।** अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी को एक बड़ा झटका देते हुये, पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने झारखंड और पंजाब के बीच चल रही ड्रग सप्लाई चेन को ध्वस्त करते हुए एक किलोग्राम अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा पुत्र करनैल सिंह निवासी गांव पंडोरी अरायण, थाना दसूहा, जिला होशियारपुर के रूप में हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (जालंधर ग्रामीण), हरकमल प्रीत सिंह खख ने बुधवार को कहा कि यह गिरफ्तारी अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क को खत्म करने में जालंधर ग्रामीण पुलिस की अथक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को नियमित वाहन जांच करते समय, पुलिस टीम ने वाई-पॉइंट, जंडू सिंघा पर एक ट्रक को रोका, जब चालक ने पुलिस नाकाबंदी से बचने का प्रयास किया। गहन जांच के बाद, टीम ने चालक की सीट के पीछे छिपे एक काले पैकेट में एक किलोग्राम अफीम बरामद की। इस संबंध में थाना आदमपुर, जिला जालंधर ग्रामीण में एनडीपीएस अधिनियम की धारा के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान, सुखविंदर सिंह ने खुलासा किया कि वह पिछले 20 वर्षों से ट्रक चालक के रूप में काम कर रहा है। उसने झारखंड के चंपारण में एक ढाबे से अफीम की सोर्सिंग करने और जालंधर के आसपास के इलाकों में इसकी आपूर्ति करने की बात कबूल की। श्री खख ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया जायेगा और अंतरराज्यीय ड्रग सप्लाई चेन में आगे और पीछे के संबंधों की जांच के लिये पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड से अफीम सप्लाई चेन को खत्म करने के लिये यह महज दो सप्ताह में दूसरी सफलता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले, सीआईए पुलिस टीम ने दो किलो 31 ग्राम अफीम बरामद की थी और उसी मार्ग से एक ट्रक जब्त किया था। उन्होंने कहा, ह्ल हम मादक पदार्थों की तस्करी, विशेष रूप से झारखंड और पंजाब के बीच संचालित अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हैं।

## मेटीरियल साइंस की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग में अहम भूमिका : प्रो . बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि प्रेडिक्टिव मॉडलिंग इन मेटीरियल साइंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग के उपयोग से प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार मिलेगा। इससे इस क्षेत्र में शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई बुधवार को भौतिकी विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्री-कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सत्येन्द्रा नाथ बोस हॉल में ह्यप्रेडिक्टिव मॉडलिंग इन मेटीरियल साइंस यूजिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंगह्ल विषय पर आयोजित इस प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला में अनेक वक्ताओं ने विचार रखे। प्री कार्यशाला का आयोजन भौतिकी विभाग के सौजन्य से 7 से 9 नवम्बर तक यहां होने वाले ह्यइमर्जिंग मेटीरियल्स एंड क्वांटम फोटोनिक्सह्ल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीईएमक्यूपी-2024) के संबंध में किया गया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने भौतिकी विभाग को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी तथा कहा कि यह कार्यशाला उभरती हुई सामग्रियों एवं क्वांटम फोटोनिक्स के विशेषज्ञों के ऐसे विविध समूह को एक मंच पर लाकर महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में नए विचारों और अनुप्रयोगों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मेटीरियल साइंस की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग में अहम भूमिका है। प्रतिभागी तकनीकी भविष्य को आकार देने में इमर्जिंग मेटीरियल्स एंड क्वांटम फोटोनिक्स की परिवर्तनकारी क्षमता का पता लगाएंगे। आईआईटी मंडी, हिमाचल प्रदेश से प्रो. आरती कश्यप ने विशेष वक्ता के तौर पर अपने संबोधन में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के स्वच्छ एवं सुंदर परिसर की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का विषय वर्तमान परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फिजिक्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानवता की भलाई के लिए हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर सकते हैं।



इस तकनीक से सामग्री को एकत्र व प्रबंधन करके विश्लेषण किया जा सकता है, जिससे हम श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। हम डेनसिटी फंक्शनल थ्योरी (डीएफटी), मशीन लर्निंग (एमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जटिल समस्याओं को हल कर सकते हैं। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग सभी के जीवन को छू रही है। इस क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल तकनीकी समाधान हासिल करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को इस क्षेत्र में शोध करके विश्व की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रेरित किया। डा. हरदेव सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, स्टाफ सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीन फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसिज एंड टेक्नोलॉजी प्रो. सुजाता सांघी, भौतिकी विभाग के अध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. आशीष अग्रवाल व आयोजन सचिव डा. हरदेव सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बिश्वनाथ में महापर्व छठ की धूम, व्रतियों का खरना से शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत



**बिश्वनाथ (असम)।** देशभर में सूर्योपासना एवं आस्था का महापर्व छठ की पूजा को लेकर उल्लास है। इस बीच बिश्वनाथ जिले के सभी घाट दुल्हन की तरह सजाए गए हैं। जिले के सदर बिश्वनाथ चारिआली शहर के दैनिक बाजार में व्रतधारी नंगे पांव छठ के विविध ऋतु फल, अर्घ्यपात और दौरी-सूप खरीदते दिखाई दिए। आज व्रतियों का खीर-पुड़ी एवं फल से खरना करने के बाद 36 घंटा निर्जला व्रत आरंभ हो जाएगा। व्रतियों ने गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी पूरी कर ली है। जिले के सभी छठ पूजा समिति के साथ बिश्वनाथ चारिआली शहर के आमबाड़ी में स्थित श्रीश्री केंद्रीय छठ पूजा घाट और पश्चिम चाराली छठ पूजा समिति के फलफली बाकरी की सजावट तथा आलोक सजा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि गुप्त काशी बिश्वनाथ घाट, हल्दियाबाड़ी, बालिचांग, असम-अरुणाचल सीमावर्ती डफलागढ़, हेलम, बेदेती, बरगांग, मोनाबाड़ी, बाघमारी, सतिया, ईटाखोला आदि स्थानों में भी लोक आस्था का महापर्व छठ की छटा देखते बन रही है। पूजा के लिए स्थानीय अल्पसंख्यक समाज के लोग भी फल और सूप-आदि पूजा सामग्री बेचते गए।

### धमतरी: गांजा तस्करी करते हुए चार युवक गिरफ्तार



**धमतरी।** दोपहिया वाहन में गांजा तस्करी कर रहे चार युवकों को पकड़ा गया है। आरोपितों पर नारकोटिक्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार धमतरी पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, दो संदिग्ध व्यक्ति एक लाल रंग मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट वाले में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुए ग्राम मौरीकला की ओर से ग्राम कोड़ेबोड़े की ओर आ रहे हैं, मुखबिर की सूचना पर ग्राम आलेखुंटा के पास आने जाने वालों वाहन पर निगाह रखी जा रही थी, तभी आरोपितों को दोपहिया वाहन में गांजा तस्करी करते पकड़ा गया। दोनों प्लास्टिक बोरी रखे हुये थे, दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम बलराम चन्द्राकर एंव विक्रम बघेल निवासी ग्राम अण्डा थाना अण्डा जिला दुर्ग का रहने वाला बताया गया। बोरी में रखे सामान के संबंध में पूछने पर बोरी में गांजा रखना स्वीकार किया। संदेही वलराम चन्द्राकर एंव विक्रम बघेल की तलाशी व बलराम व विकम बघेल के संयुक्त कब्जे के दो प्लास्टिक बोरियों की तलाशी में गांजा मिला। आरोपितों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर व भण्डारा महाराष्ट्र निवासी अनिल कुमार ठाकरे एंव उसके साथी मयंक यादव को देने ले जा रहे थे। अनिल कुमार ठाकरे एंव उसका साथी मयंक यादव पुराना धमतरी रोड में अभनपुर व कचना के बीच ढाबे के पास इंतजार कर रहे थे। संदेही बलराम चन्द्राकर एवं विकम बघेल के संयुक्त कब्जे से दो नग प्लास्टिक बोरियों में 11 किलो ग्राम एवं दूसरे बोरी में 17 किलो ग्राम कुल 28 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपितों पर नारकोटिक्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### काठमांडू के विमानस्थल से 5 किलो सोने की तस्करी में एक चीनी सहित 3 विदेशी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के विमानस्थल से सोने की तस्करी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से बुधवार को सुबह तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तस्करी के लिए लाया गया 5 किलो से अधिक सोना बरामद किया गया है। सोने की यह खेप स्पीकर के भीतर छिपा कर लाई गई थी। गिरफ्तार तस्करों में एक चीनी और दो म्यांमार के नागरिक हैं। डीएसपी थापा के मुताबिक बुधवार की सुबह शारजाह से काठमांडू आई एयर अरेबिया के विमान से आने वाले यात्रियों की नियमित जांच की जा रही थी।इसी दौरान तीन विदेशीं नागरिकों के पास से पांच किलो से अधिक सोना बरामद किया गया। सोना लाने वाले तीनों यात्रियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। विमान स्थल की सुरक्षा कमान संभाल रहे सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने बताया कि इन तीनों यात्रियों के पास से 5 किलो 700 ग्राम सोना बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए यात्रियों में चीनी नागरिक जियान जोंग और म्यांमार के नागरिक सान दाइंग तुंग तथा नोंग फु हैं, जिन्हें कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है।


### इजराइल में रक्षामंत्री गैलेंट की बर्खास्तगी पर नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के रक्षामंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त करने के फैसले से लोगों में भारी नाराजगी है। नागरिक सड़कों पर उतर आए और रातभर प्रदर्शन किया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, नेतन्याहू ने मंगलवार रात आश्चर्यजनक रूप से रक्षामंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त करने की घोषणा की। नेतन्याहू ने गैलेंट के स्थान पर विदेशमंत्री काट्ज को नियुक्त किया है। उन्होंने शीर्ष स्तर पर यह फेरबदल ऐसे समय पर की जब इजराइल की सेना गाजा में हमास और लेबनान में हिज्बुल्लाह खिलाफ लड़ रही है। बताया गया है कि गैलेंट गाजा में संघर्ष विराम समझौते पर जोर दे रहे थे, जिससे बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सके। गैलेंट की बर्खास्तगी ने इजराइल में असंतोष को जन्म दे दिया है। प्रदर्शनकारियों ने तेल अवीव राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर दिया।

## हमारा उद्देश्य समग्र विकास, छत्तीसगढ़ में हो रहा बढ़िया काम : राज्यपाल डेका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव के समापन तथा राज्य अलंकरण समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि, मैं असम प्रदेश से आता हूं। यह हरा-भरा प्रदेश है। छत्तीसगढ़ और असम राज्य में कई समानताएं हैं। छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा हुआ है। दोनों ही राज्य प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर राज्य है। प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर सतत आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना के 24 वर्षों में हमने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। एक युवा राज्य के रूप में हमारा उद्देश्य सिर्फ आर्थिक विकास नहीं बल्कि समग्र विकास है जिसमे हर नागरिक का उत्थान हो सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत 2047 की संकल्पना को हम सबको साकार करना है। इसमे हर नागरिक, हर युवा पूरे उत्साह से योगदान देगा। प्रदेश के विकास में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई योजनाएं प्रारंभ की गई है। महिलाओं को समाज में सम्मान जनक स्थान दिलाने के लिए महतारी वंदन योजना जैसी अभिनव योजनाएं संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने



संबोधन की शुरूआत अलंकृत हो रही सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए की। उन्होंने कहा कि आज अलंकृत हो रही विभूतियों में नारायणपुर के बुटलू राम माथरा जी भी हैं। उनकी सराहना ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने भी की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्योत्सव 03 करोड़ छत्तीसगढ़ियों की एकता और अखण्डता का प्रतीक है। पिछले 2 दिनों में हम लोगों ने 24 वर्षों की यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ को मिली उपलब्धियों का जश्न मनाया, लेकिन आज का यह अवसर अपनी आगे की यात्रा के बारे में बात करने का अवसर है, विकास की नई ऊंचाईयों को छूने का संकल्प लेने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल हम लोग राज्य स्थापना की रजत जयंती मनाएंगे, उसके आगे की यात्रा राज्य के स्वर्णिम भविष्य के साथ स्वर्ण जयंती की ओर आगे बढ़ने की यात्रा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी माताएं-बहनें भावी विकास के लिए हमारी ताकत हैं। हमारी महतारी वंदन योजना के फलस्वरूप प्रदेश की माताएं और बहनें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। महिला सशक्तिकरण से ही हम प्रदेश का सशक्तिकरण कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में शांति स्थापित करते हुए लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की पुण्य भूमि में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। माओवाद के खिलाफ कड़ाई के साथ लड़ रहे हैं। राज्य में माओवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने, बस्तर की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से हम बस्तर ओलंपिक का आयोजन कर रहे हैं।प्रदेश के किसानों, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं सहित समस्त नागरिकों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति में भागीदार बनें। आप सभी के प्रयासों से विकसित छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करेंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया भर से बधाइयों का तांता

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी जीत की घोषणा करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। फ्लोरिडा में अपनी जीत का जश्न मना रहे ट्रंप ने इसे अविश्वनीय और ऐतिहासिक बताया। इस बीच दुनिया भर से उन्हें बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए हैं।


इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को ह्यइतिहास की सबसे बड़ी वापसीह्न के लिए बधाई दी है। नेतन्याहू ने कहा, "इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई! व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए एक नई शुरूआत और इजराइल और अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता प्रदान करती है। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, "अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी वापसी! राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई। दुनिया के लिए एक बहुत जरूरी जीत! ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ट्रंप को "ऐतिहासिक चुनावी जीत" के लिए बधाई दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।" उन्होंने कहा, "सबसे करीबी सहयोगी के रूप में हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विकास और सुरक्षा से लेकर नवाचार और तकनीक तक मुझे पता है कि आने वाले वर्षों में अटलांटिक के दोनों किनारों पर यूके-यूएस विशेष संबंध समृद्ध होते रहेंगे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्रंप को उनकी प्रभावशाली चुनावी जीत पर बधाई है। उन्होंने कहा, "मुझे सितंबर में ट्रम्प के साथ हमारी शानदार बैठक याद है, जब हमने यूक्रेन-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, विजय योजना और यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की थी। उन्होंने कहा,"मैं वैश्विक मामलों में "शक्ति के माध्यम से शांति" दृष्टिकोण के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। यह बिल्कुल वही सिद्धांत है जो व्यावहारिक रूप से यूक्रेन में न्यायपूर्ण शांति ला सकता है। मुझे उम्मीद है कि हम इसे एक साथ क्रियान्वित करेंगे। हम ट्रंप के निर्णायक नेतृत्व में एक मजबूत संयुक्त राज्य अमेरिका के युग की आशा करते हैं। हम संयुक्त राज्य अमेरिका में यूक्रेन के लिए निरंतर मजबूत द्विदलीय समर्थन पर भरोसा करते हैं।

## पूसीरे 5647 अप्रेंन्टिसों को देगा नौकरी से संबंधित प्रशिक्षण

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) ने अपने विभिन्न मंडलों और कारखानाओं में 5647 एक्ट अप्रेंटिस स्लॉट के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण पहल की घोषणा की है। अप्रेंटिस अधिनियम 1961 के तहत, इस पहल का उद्देश्य नामांकित ट्रेडों में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है, जिससे इस क्षेत्राधिकार के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। इस केंद्रीकृत अप्रेंटिस अधिसूचना में एक विस्तृत कार्यक्रम का विवरण दिया गया है, जिसमें 4 नवंबर से 3 दिसंबर, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बुधवार को बताया है कि इस अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के माध्यम से, पूसीरे का उद्देश्य फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक और कई अन्य तकनीकी श्रेणियों जैसे ट्रेडों में भविष्य के पेशेवरों को कौशल विकास और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इतने अधिक संख्या में अप्रेंटिस को शामिल करके, पूसीरे आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और उम्मीदवारों को रोजगार के लिए तैयार कौशल से सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उम्मीदवारों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान कार्य स्टाइपेंड का लाभ भी मिलेगा। चयन प्रक्रिया एक मेरिट प्रणाली पर आधारित होगी, जिसमें उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यताओं, जैसे कि मैट्रिकुलेशन और आईटीआई पाठ्यक्रमों में प्राप्त अंकों का मूल्यांकन किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन चरण के बाद, सफल उम्मीदवार अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम में शामिल होंगे, जो उन्हें ऐसे तकनीकी कौशल बनाने में सक्षम करेगा जो उद्योग मानकों को पूरा करते हैं और आज के रोजगार क्षेत्र



प्रणाली क्रम के अनुसार प्रासंगिक हैं।

प्रशिक्षण स्लॉट प्रदान करने वाले मंडलों में कटिहार, अलीपुरद्वार, रंगिया, लमडिंग और तिनसुकिया शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक मंडलों के विभिन्न ट्रेडों में अप्रेंटिसशिप की सुविधा उपलब्ध है। यह पहल समाज की मांगों को पूरा करने के लिए एक कुशल प्रतिभा पूल बनाने और सतत आर्थिक विकास का समर्थन करने के प्रति पू.सी. रेलवे की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इच्छुक उम्मीदवारों को अंतिम समय की तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए अपने आवेदन जल्दी जमा करने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवार पूसीरे की रेलवे रिक्रूटमेंट सेल (आरआरसी) की ऑफिशियल वेबसाइट www.nfr.indianrailways.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और प्रशिक्षण स्लॉट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, उम्मीदवारों को रेलवे रिक्रूटमेंट सेल, पूसीरे की ऑफिशियल वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

## भाजपा संगठन और सत्ता के बीच बेहतर तालमेल: श्रवण सिंह बगडी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि उपचुनावों को लेकर भाजपा संगठन और सत्ता दोनों में बेहतर तालमेल बनाकर चल रही है। सत्ता के मंत्रीगण जहां आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचा रहे है, वहीं संगठन के पदाधिकारी भाजपा की रीति और नीति जन-जन तक पहुंचा रहे है। ऐसे में उपचुनावों में भाजपा कार्यकर्ता के साथ सरकार के मंत्रीगण और संगठन के पदाधिकारी आमजन के साथ मिलकर कमल के फूल के लिए कार्य कर रहे है। भाजपा में संगठित होकर कार्य कर रही है इससे उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत निश्चित होगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि विधानसभा उपचुनावों को लेकर प्रवास कार्यक्रम के दौरान गुरूवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ चौरासी विधानसभा में प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रामगढ़, भागीरथ चौधरी रामगढ़ और दौसा में भाजपा के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील करेंगे। इसी तरह दौसा विधानसभा में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, अजीत माण्डन और महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी प्रचार-प्रसार करेंगे। झुंझुनूं विधानसभा में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, मंत्री मदन दिलावर, अविनाश गहलोत, सुमित गोदारा, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत और भाजपा प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनियां, खींवसर विधानसभा में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, ओटाराम देवासी, सुरेश रावत और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी प्रवास करेंगे। अलवर के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, सरकार के मंत्री गौतम दक, भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, और महेंद्र कुमावत तथा देवली उनियारा विधानसभा में मंत्री हीरालाल नागर, भाजपा महामंत्री दामोदर अग्रवाल और विधायक जितेंद्र गोठवाल भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे।

## किसान संघर्ष समिति का कर्नाटक के भूमि अधिग्रहण प्रभावित के किसानों के बीच दिया गया भाषण



**नंदगुड़ी, बंगलुरू।** बटोगे तो हारोगे जुड़ोगे तो जीतोगे मैं पिछली बार बेंगलुरु में दक्षिण भारत के पांच राज्यों के संयुक्त किसान मोर्चे के सम्मेलन में गांधी भवन में आया था, तब कर्नाटक के किसानों ने बताया था कि बड़े पैमाने पर किसानों की जमीन का अधिग्रहण अलग-अलग परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है। एसकेएम ने कृषि भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया था और सतत संघर्ष का ऐलान किया था।

आज तक जहां कहीं भी अधिग्रहण किया गया है, वह विकास के नाम पर किया गया है। मेरा सवाल यह है कि क्या विकास केवल और केवल किसान, किसानी और गांव को समाप्त कर ही किया जा सकता है? यदि जवाब हां है, तो इसे विनाशकारी विकास कहा जाएगा। जिसका किसान संगठन विरोध करते थे,करते हैं और करते रहेंगे। विकास की कीमत कौन चुकाएगा? यह भी सबसे बड़ा सवाल है। दुनिया में अमरीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक आदिवासियों को विकास के नाम पर खत्म कर दिया गया? यही प्रक्रिया किसानों के साथ भी चल रही है। क्या सरकारें यह भी नहीं जानती कि जब किसान की जमीन अधिग्रहित की जाती है तो इसका मतलब होता है कि किसान परिवार के स्थाई जीविकोपार्जन के साधन को यानि जीवनयापन के श्रोत को छीन लेना, किसान परिवारों का रोजगार समाप्त कर देना। मेरा सवाल यह है कि सरकार जब बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है तब उसे रोजगार से लगे किसानों को उजाड़ने का क्या अधिकार है। इसलिए जब 2013 में अंग्रेजों के जमाने के 1894 के भू अधिग्रहण कानून को बदलकर कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने नया कानून लाया था, तब यह कहा गया था कि किसानों की बहु फसलीय जमीन का अधिग्रहण अंतिम विकल्प के तौर पर किया जाएगा। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इसे अंतिम विकल्प के तौर पर ही मानकर यह परियोजना पर आगे बढ़ रही है? आज देश के किसानों के सामने और देश के सामने खेती को बचाने का सबसे बड़ा संकट है। खेती बचेगी, तो देश बचेगा, खेती खत्म होगी तो देश की खाद्य सुरक्षा पर संकट आ जाएगी। इसलिए नए कानून में कहा गया की अंतिम विकल्प के तौर पर सरकार यदि किसानों की जमीन अधिग्रहित करती हैं तो सरकार को अन्य जमीनों को कृषि योग्य बनाकर किसानों को देना होगा।

मैं सरकार से यह भी जानना चाहता हूं कि उनकी ही पार्टी और सरकार द्वारा 2013 में बनाए गए और संसद में पारित किए गए कानून को मानती है या नहीं? इस कानून को अस्वीकार करने वाले बंगलुरू के विकास के लिए जो कानून बनाया गया है उसको लेकर उनका क्या विचार है? कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में जब विपक्ष में भी थी तब सदन के बाहर और सदन के अंदर भूमि अधिग्रहण का विरोध करती थी, भूमि अधिग्रहण के तौर तरीकों पर सवाल खड़े करती थी, किसानों के पक्ष में खड़ी होती थी। लेकिन आज यह स्थिति क्यों और कैसे बदल गई ? क्या सरकार पर भू माफिया हावी हो रहा है? क्या बिल्डर लॉबी सरकार पर ग्रेटर बेंगलुरु बनाने के लिए दबाव डाल रही है? मैं सरकार के लोगों को याद दिलाना चाहता हूं कि कर्नाटक की सरकार किसानों ने बनाई है। भाजपा को किसान विरोधी नीतियां लागू करने के कारण सत्ता से हटाया है। वह किसान ही है जिसके चलते मोदी 400 पार की बात करते हुए 240 पर सिमट गए । हरियाणा में हाल ही के चुनाव में भी किसानों ने भाजपा को हराने के लिए वोट दिया लेकिन भाजपा ईवीएम की तिकड़म से, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से, अडानी अंबानी के पैसे के दम पर केवल 0. 6% वोट से जीत पायी। महाराष्ट्र और झारखंड में भी किसान भाजपा को हराएंगे। हम किसान संगठन भाजपा को हराने के लिए



'भाजपा को बेनकाब करो, विरोध करो, दंडित करो' अभियान चला रहे हैं। मैं तो एक और खुला प्रस्ताव सरकार को देना चाहता हूं। वह महाराष्ट्र रायगढ़ की तरह किसानों के बीच रायशुमारी करा लें। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में किसानों ने रऐ का विरोध किया, तब सरकार ने वहां रायशुमारी कराई, वोटिंग कराई। 90% किसानों ने खिलाफ में वोट किया। फिर वह योजना रद्द हो गई। वह योजना एशिया की सबसे बड़ी अंबानी की योजना थी।

मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह चुनाव कराए ताकि उसे किसानों की राय मालूम हो सकें, लेकिन चुनाव में यदि किसान अधिग्रहण के पक्ष में वोट देते हैं तो अधिग्रहण का क्या तरीका होगा इस पर सरकार किसानों से बात करें। अपने ही बनाए हुए 2013 के कानून को कितने प्रभावशाली तरीके से लागू कर किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिया जा सकता है, यह सुनिश्चित करें। एक मॉडल देश के सामने प्रस्तुत करे। यह एक अवसर है जिसका उपयोग सिद्धारमैया जी के नेतृत्व में चल रही सरकार अवश्य करेगी यह मेरा विश्वास है। मैं किसानों से कहूंगा कि वह मेरे साथ नारा लगाए "कोई नहीं हटेगा, प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ेगा ", "जान देंगे पर, जमीन नहीं देंगे। किसानों से मैं यह भी अपील करना चाहूंगा कि वह ग्राम सभा और मोहल्ला सभा में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजें। अधिक से अधिक चिट्ठियां डाक से और ईमेल से मुख्यमंत्री महोदय को भेजें। मेरा यह भी सुझाव होगा कि किसानों को जल्द से जल्द भूमि अधिग्रहण के खिलाफ अनिश्चितकालीन सत्याग्रह की शुरूआत करनी चाहिए, वह भी इस संकल्प के साथ जब प्रोजेक्ट रद्द किया जाएगा तब ही पीछे हटेंगे। यदि कुछ लोग ऐसे हैं जो चाहते हैं कि उन्हें जमीन का ज्यादा से ज्यादा मुआवजा मिलें उन्हें मैं बताना चाहता हूं कि मेधा पाटकर जी के नेतृत्व में नर्मदा घाटी में जब किसानों ने भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, तब जमीनें 50 हजार रुपए एकड़ से अधिग्रहित की जाती थी लेकिन आंदोलन के चलते सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर घाटी के तमाम किसानों को 60 लाख रुपए तक देने पड़े थे। छिंदवाड़ा में पेंच व्यपवर्तन परियोजना के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण का 50 हजार रूपए मुआवजा दिया जा रहा था, हमने जब इसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया तब 10 लाख रुपए देने को मजबूर होना पड़ा। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह अब तक कर्नाटक में किसानों की जमीनों के अधिग्रहण प्रभावित किसानों के पुनर्वास को लेकर श्वेत पत्र जारी करे। यहां उपस्थित किसानों से अपील करूंगा कि वे बंगलुरू के जिन किसानों का संपूर्ण पुनर्वास नहीं हुआ है ,उनके संघर्ष में शामिल हों और उन्हें अपने संघर्ष के साथ जोड़ें। आजकल एक जुमला चल रहा है 'बटोगे तो काटोगे। मैं किसानों से कहना चाहता हूं कि यदि बटोगे तो हारोगे जुड़ोगे तो जीतोगे किसान एकता जिंदाबाद! अपना हक लेकर रहेंगे!

# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला स्विगी का आईपीओ

- ग्रे मार्केट में स्विगी के आईपीओ को फीका रिस्पॉन्स
- 12 रुपये प्रीमियम पर हो रही है ग्रे मार्केट में ट्रेडिंग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी स्विगी का 11,327.43 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। इस आईपीओ में 8 नवंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के पहले कल 5 नवंबर को स्विगी का एंकर बुक ओपन हुआ था, जिसमें कंपनी ने 151 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,085.02 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटा ली है।

स्विगी का आईपीओ इस साल का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ है। इसके पहले हुंडई मोटर ने 27,870 करोड़ रुपये का आईपीओ लाकर घरेलू शेयर बाजार के इतिहास में अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च करने का रिकॉर्ड बनाया था। स्विगी के आईपीओ की लॉन्चिंग के साथ ही ग्रे मार्केट में भी इसका सौदा शुरू हो गया है। आज ग्रे मार्केट में आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 390 रुपये पर 12 रुपये यानी 3.08 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ इसकी बोली लगाई जा रही है।

इसके पहले कल स्विगी का एंकर बुक ओपन हुआ था, जिसके जरिए कंपनी ने 151 एंकर इन्वेस्टर्स ने 50,85,02,32,290 रुपये जुटा लिए हैं। एंकर इन्वेस्टर्स को कुल 13,03,85,211 शेयर 390 रुपये के भाव पर जारी किए गए हैं। एंकर इन्वेस्टर्स को जारी किए गए शेयरों में से 40.65 प्रतिशत शेयर 19 डोमेस्टिक म्युचुअल फंड्स की 69 स्कीमों के लिए जारी किए गए हैं।

आज सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होने के बाद निवेशक 8 नवंबर तक इस आईपीओ में आवेदन कर सकते हैं। 11,327.43 करोड़ के इस आईपीओ के लिए 371 से 390 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 38 शेयर का है। इस आईपीओ में 75 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व किया गया है, जबकि 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए और 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है। इस आईपीओ में कंपनी अपने कर्मचारियों को प्रति शेयर 25 रुपये का डिस्काउंट ऑफर कर रही है। 11 नवंबर को कंपनी के शेयर निवेशकों को अलॉट कर दिए जाएंगे, जबकि 13 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग होगी।

आईपीओ के तहत 4,499 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 17,50,87,863 शेयरों की ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बिक्री की जाएगी। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार नए शेयर की बिक्री से जुटाए जाने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी सब्सिडियरी स्कूट्सी का कर्ज कम करने, अपने डार्क स्टोर नेटवर्क का विस्तार करने, ब्रांड मार्केटिंग और बिजनेस प्रमोशन करने तथा आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। वहीं ऑफर फॉर सेल के जरिए जुटाए जाने वाले पैसे शेयर बेचने वाले पुराने शेयर होल्डर्स को मिलेंगे।

## अक्टूबर में भारत की सेवा पीएमआई बढ़कर 58.5 पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू और विदेशी स्तर पर ग्राहकों की अच्छी मांग के कारण इस साल अक्टूबर में भारत के सेवा क्षेत्र की पीएमआई इसके पिछले महीने के 57.5 से बढ़कर 58.5 पर पहुंच गई। एचएसबीसी इंडिया सेवा परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सितंबर में 57.5 रहा, जो उत्पादन और नए कारोबार में तेज विस्तार के कारण अक्टूबर में बढ़कर 58.5 पर पहुंच गया। पीएमआई का 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार का संकेत देता है, वहीं 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दशार्ता है।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई के अनुसार, भारतीय सेवा प्रदाताओं ने अक्टूबर में उत्पादन विस्तार की मजबूत दर बनाए रखी। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा लगभग 400 सेवा क्षेत्र कंपनियों के पैनल को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों से संकलित किया जाता है। इसमें उपभोक्ता (खुदरा को छोड़कर), परिवहन, सूचना, संचार, वित्त, बीमा, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएँ शामिल हैं। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, "भारत की सेवा पीएमआई सितंबर में अपने दस महीने के निचले स्तर से उबरकर अक्टूबर में 58.5 पर पहुंच गई। अक्टूबर के दौरान, भारतीय सेवा क्षेत्र में उत्पादन और उपभोक्ता मांग में मजबूत वृद्धि हुई। विस्तार का अनुभव किया। साथ ही रोजगार सृजन भी हुआ, जिसने 26 महीने का उच्चतम स्तर हासिल किया।"

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट के लिए डोनाल्ड ट्रंप बन रहे हैं ट्रंप कार्ड

### बिटकॉइन ने पहली बार 75 हजार डॉलर के स्तर को पार किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के नतीजे व रुझान आने लगे हैं। इनमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुमत के करीब पहुंचते नजर आ रहे हैं। चुनावी रेस में ट्रंप के आगे निकलने के कारण क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भी तेज हलचल नजर आ रही है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन आज उछल कर 75 हजार डॉलर के स्तर को भी पार कर गई। भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12 बजे तक ये क्रिप्टो करेंसी 75,011.06 डॉलर के सर्वोच्च स्तर को टच कर चुकी है। इसके पहले इसी साल 14 मार्च को बिटकॉइन ने 73,797.68 डॉलर के स्तर पर पहुंच कर रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन अमेरिका में काउंटिंग के रुझानों ने इस क्रिप्टो करेंसी में नई जान फूंक दी है।



भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के ऑपरेशन हेड रवनीत खन्ना का कहना है कि अमेरिका में हो रहे चुनाव से क्रिप्टो करेंसी मार्केट पर काफी असर पड़ा है। जो बाइडेन और कमला हैरिस की पॉलिसी शुरू से ही क्रिप्टो करेंसी के खिलाफ रही है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में न केवल क्रिप्टो करेंसी की महत्ता को स्वीकार किया था, बल्कि इसे वैकल्पिक मुद्रा के रूप में मान्यता देने की बात का समर्थन भी किया था। यही कारण है कि अगर अमेरिका के चुनाव परिणाम में डोनाल्ड ट्रंप सरकार बनाने की स्थिति में आ जाते हैं, तो क्रिप्टो करेंसी मार्केट, खासकर बिटकॉइन में मजबूती का नया रिकॉर्ड बन सकता है। वहीं, अगर अंतिम समय में किसी उलटफेर की वजह से कमला हैरिस जीतती हैं, तो क्रिप्टो करेंसी मार्केट का सेंटीमेंट भी निगेटिव हो सकता है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट के भविष्य को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव नतीजे काफी अहम माने जा रहे हैं। कमला हैरिस के पहले के कुछ बयानों की वजह से इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर सत्ता में कमला हैरिस आईं तो क्रिप्टो करेंसी मार्केट के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों का निर्माण हो सकता है। दूसरी ओर, डोनाल्ड ट्रंप को क्रिप्टो इंडस्ट्री के लिए पहले से ही पॉजिटिव माना जाता है। इस साल की शुरूआत में जब डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की बात कही थी, तब भी उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिहाज से क्रिप्टो करेंसी के चलन को जरूरी बताया था।

अमेरिका के चुनाव और बिटकॉइन की चाल पर नजर डाली जाए तो 2012 से ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव के 90 दिनों के अंदर जबरदस्त रिटर्न देता रहा है। 2012 के चुनाव के बाद 90 दिन में इस क्रिप्टोकरेंसी ने 87 प्रतिशत का रिटर्न दिया था। इसी तरह 2016 के चुनाव के बाद बिटकॉइन ने 44 प्रतिशत और 2020 में चुनाव के 90 दिन के अंदर इस क्रिप्टो करेंसी ने 145 प्रतिशत का रिटर्न दिया था।

## अमेरिकी चुनाव रुझानों से शेयर बाजार में उत्साह, सेंसेक्स व निफ्टी में जोरदार तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार कुछ मिनट के लिए लाल निशान में भी गिरा, लेकिन इसके बाद अमेरिकी चुनाव के ट्रेंड से उत्साहित विदेशी निवेशकों ने खरीदारी शुरू कर दी, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली भी होती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार की चाल में लगातार तेजी बनी रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.68 प्रतिशत और निफ्टी 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयर 2.89 प्रतिशत से लेकर 2.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाइटन कंपनी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी लाइफ और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,367 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,963 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 404 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 6 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 295.19 अंक की मजबूती के साथ 79,771.82 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से पहले 10 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 79,459.12 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके तुरंत बाद खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। थोड़ी ही देर में ये सूचकांक 600 अंक से ज्यादा उछलकर 80 हजार अंक के स्तर को पार करके 80,115.34 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में इसकी चाल में मामूली गिरावट भी आई।

## सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ पीएनबी का सतर्कता जागरूकता सप्ताह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निदेशों और इस वर्ष की थीम 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति' के अनुरूप, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, पंजाब नैशनल बैंक ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 मनाया। उद्घाटन समारोह दिल्ली के द्वारका स्थित बैंक के कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित किया गया, जहां पीएनबी के अध्यक्ष के.जी. अनंतकृष्णन, पीएनबी एमडी एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनकी विरासत को एकता और ईमानदारी/सत्यनिष्ठा के प्रणेता के रूप में सम्मानित किया गया।

पीएनबी एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल ने बैंक की नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और सत्यनिष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, पीएनबी ने कई आउटरीच और जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया, जिसमें साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) और वॉकथॉन सम्मिलित थे, पीएनबी सीवीओ राघवेन्द्र कुमार ने नई दिल्ली स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय से झंडी दिखाकर दोनों गतिविधियों का शुभारंभ किया, ताकि भ्रष्टाचार के खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## इसाउटे समूह ने भारत में उत्पादन का किया विस्तार

**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**नोएडा।** भारत में बुधवार को मेडिकल इमेजिंग (अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी) में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने राजधानी नई दिल्ली के पास (बी-15, सेक्टर 60 नोएडा, उत्तर प्रदेश) में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है, जिसे उसकी सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाया और प्रबंधित किया गया है।




नया इसाउटे विनिर्माण स्थल 'मेड इन इंडिया' के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैबळट ए, माई लैबळट ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा, जिसे संबंधित स्थानीय निकायों द्वारा नियामक और गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं के पूरा होने के तुरंत बाद विपणन किया जाएगा। ये अल्ट्रासाउंड सिस्टम इसाउटे के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के नवीनतम परिणाम हैं। ये ऑगमेंटेड इनसाइटळट फंक्शन को एकीकृत कर वर्कफ्लो को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए उपयोगकर्ताओं को एक अभिनव टचस्क्रीन कंट्रोल पैनल मुहैया करते हैं। इसके साथ, वे अपने कॉम्पैक्ट फुटप्रिंट, बैटरी चालित, हल्के और मोबाइल डिजाइन के साथ सबसे अधिक मांग वाले हेल्थकेयर पेशेवरों की जरूरतों को भी पूरा करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित सुविधाओं और उन्नत इमेजिंग तकनीक का संयोजन भारतीय हेल्थकेयर पेशेवरों को आत्मविश्वासपूर्ण, इनफॉर्म्ड-डिसीजन लेने में सक्षम बनाएगा, जिससे सटीक निदान परिणाम सुनिश्चित होंगे।



इसाउटे के लिए, नया उत्पादन संयंत्र मजबूत विकास संभावनाओं वाले बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक विकल्प है, जहां इतालवी कंपनी 20 से अधिक वर्षों से काम कर रही है। यह देखभाल और सहानुभूति के कल्चर को एक साथ लाता है जिसके जरिये एसाओटे दुनिया भर में प्रौद्योगिकी, समावेशन और वहनीय संस्कृति के प्रचार के माध्यम से लोगों की भलाई में और बेहतर करने के लिए अपने दैनिक कार्य करता है।

इसाउटे एस.पी.ए. के सीईओ फ्रेंको फोंटाना ने कहा, 'ऑन-साइट उत्पादन और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के माध्यम से प्रमुख बाजारों में हमारी उपस्थिति को मजबूत करना, जहां इसाउटे ब्रांड कई वर्षों से जाना जाता है, अंतरराष्ट्रीय विकास रणनीति का हिस्सा है और पर्यावरणीय और सामाजिक स्थिरता के सिद्धांतों को दशार्ता है जो वैश्विक समझौते के अनुरूप हमारे दैनिक कार्यों में हमारा मार्गदर्शन करते हैं।'

इसाउटे सब्सिडियरी - भारत और भारतीय उपमहाद्वीप के कंट्री बिजनेस डायरेक्टर धीरज नासा ने कहा, 'जो चीज हमें आत्मविश्वास देती है वह है हमारी इनोवेटिव स्पिरिट, हमारा ग्राहक फोकस, हमारी विकास मानसिकता, एसाओटे ब्रांड और एक टीम, जो आगे आने वाली चुनौतियों का सामना करने से नहीं डरती और ग्राहकों और भागीदारों के लिए मूल्य बनाने का आनंद लेती है। एसाओटे ग्रुप के साथ मिलकर भारत में एक नया अध्याय लिखने से ज्यादा शक्तिशाली कुछ नहीं है, जिसमें बेहतरीन 'इतालवी नवाचार और डिजाइन] के साथ 'भारतीय कौशल और भारत डिजिटलीकरण' शामिल है।'

## एक नजर

### एसीएमई सोलर का आईपीओ खुला, निवेशक 8 नवंबर तक लगा सकेंगे बोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्षय ऊर्जा कंपनी एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 06 नवंबर को निवेशकों के लिए खुल गया। इस इश्यू के लिए निवेशक 8 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी के शेयर 13 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होंगे। एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा 275-289 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक न्यूनतम 51 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 51 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 2,900 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी का आईपीओ 2,395 करोड़ रुपये के नए शेयरों के निर्गम और एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस के द्वारा 505 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। गुरुग्राम स्थित कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 1,795 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग अपने कर्ज के भुगतान के लिए करेगी तथा इसका एक हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाएगी। एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड भारत की एक अक्षय ऊर्जा कंपनी है, जिसके पास सौर, पवन, हाइब्रिड और फर्म और डिस्पैचेबल अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं का पोर्टफोलियो है। इस कंपनी की स्थापना 2015 में एसीएमई समूह के नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय को समेकित करने और भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में अवसरों का लाभ उठाने के लिए की गई थी।

### एप्पल को पछाड़ कर फिर से दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी एनवीडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनवीडिया एपल को पछाड़कर दूसरी बार दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। एनवीडिया ने बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के आधार पर एप्पल को पीछे छोड़ दिया है। कारोबार के दौरान मंगलवार को एनवीडिया का शेयर करीब 3 फीसदी की उछाल के साथ 3.43 ट्रिलियन डॉलर पर बंद हुआ, जो एप्पल के 3.38 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप से ज?यादा है। दूसरी ओर माइक्रोसॉफ्ट 3.1 लाख करोड़ डॉलर के मार्केट कैप के साथ तीसरे पायदान पर रही है। एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सन हुआंग के नेतृत्व में कंपनी ने पहली बार जून में एप्पल को पीछे छोड़ा था, लेकिन तब ये सिर्फ एक दिन के लिए था। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनने के मामले में ग्राफिक्स चिप निमार्ता एनवीडिया ने मार्केट वैल्यू के आधार पर एप्पल को पीछे छोड़ा है। एनवीडिया ने 28 जुलाई को समाप्त दूसरी तिमाही में 30 अरब डॉलर की आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही से 15 फीसदी और पिछले साल से 122 फीसदी अधिक है। कंपनी के सीईओ जेन्सन हुआंग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उनकी 'हॉपर' चिप्स की मांग बनी हुई है और आगामी 'ब्लैकवेल' चिप्स को लेकर भी काफी उत्साह है। डेटा सेंटर में एआई और तेज कंप्यूटिंग तकनीक के लिए बड़े स्तर पर अपग्रेड हो रहे हैं, जिसके चलते कंपनी की कमाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। गौरतलब है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में वर्ष 1991 में 3डी गेम खेलने के लिए चिप्स बनाने के लिए स्थापित एनवीडिया ने हाल के वर्षों में एक बहुत ही अलग कारण से अपनी पहचान बनाई है।

### एक्मे सोलर ने एंकर निवेशकों से जुटाए 1,300 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्षय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर (एसीएमई सोलर) होल्डिंग्स लिमिटेड ने एंकर निवेशकों से 1300 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई वेबसाइट पर मंगलवार देर रात साझा किए परिपत्र के अनुसार, 'एंकर राउंड' में अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फंड और अबक्कस फंड ने शेयर आवंटित किए। परिपत्र के अनुसार, एक्मे सोलर होल्डिंग्स ने 58 कोषों को 289 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 4.5 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं। इस तरह कुल लेनदेन का आकार 1,300.50 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने अपने 2,900 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 275-289 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ आज छह नवंबर को खुल गया और आठ नवंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशकों ने पांच नवंबर को शेयरों के लिए बोली लगाई थी। गुरुग्राम स्थित कंपनी का आईपीओ 2,395 करोड़ रुपये के नए शेयर और एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस द्वारा 505 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। एक्मे सोलर होल्डिंग्स का इरादा नए निर्गम से हासिल 1,795 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज के भुगतान के लिए करने का है। इसका एक हिस्सा सामान्य कंपनी कामकाज के लिए भी रखा जाएगा। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में अपने खंड को सौर ऊर्जा परियोजनाओं से विविधीकृत तथा विस्तारित किया है।

### आईएलएंडएफएस समूह ने सितंबर के अंत तक 38,082 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईएलएंडएफएस समूह ने 30 सितंबर 2024 तक अपने लेनदारों को 38,082 करोड़ रुपये का कर्ज चुका दिया है। कर्ज में डूबी कंपनी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष दायर ताजा हलफनामे में यह जानकारी दी । स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, '30 सितंबर 2024 तक प्रतिवादी नंबर एक (आईएल एंड एफएस) समूह के लेनदारों को दिया गया कुल ऋण 38,082 करोड़ रुपये है।' इसमें परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण से 20,289 करोड़ रुपये, ऑटो-डेबिट, ग्रीन एंटिटी प्रिंसिपल सर्विसिंग, एनएफबी रिलीज से 8,140 करोड़ रुपये और अंतरिम वितरण से 9,653 करोड़ रुपये शामिल हैं। वसूली प्रक्रिया के अनुसार, आईएल एंड एफएस का नया निदेशक मंडल अपने समूह की संस्थाओं द्वारा प्राप्त गैर-निधि-आधारित सीमाओं को समाप्त करने में लगा हुआ है। आईएल एंड एफएस समूह उनके द्वारा जारी बैंक गारंटी या ऋण पत्रों को जारी और रद्द कर रहा है। इसमें कहा गया, 'इन प्रयासों (कोष-आधारित ऋण के निर्वहन के साथ) के परिणामस्वरूप करीब 8,140 करोड़ रुपये का ऋण समाधान हुआ है।' इसके अलावा, वह राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण(एनसीएलएटी) के आदेशों के अनुसार घरेलू संस्थाओं को अंतरिम वितरण के जरिये नकद भुगतान भी कर रहा है। स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, '30 सितंबर 2024 तक अंतरिम वितरण के माध्यम से कुल ऋण 11,045 करोड़ रुपये चुकाया गया, जिसमें से 9,653 करोड़ रुपये बाहरी वित्तीय लेनदारों को चुकाए गए।' इसने समग्र ऋण समाधान लक्ष्य 61,000 करोड़ रुपये रखा है।

### राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप के जीत के करीब पहुंचने के साथ ईरानी मुद्रा सर्वकालिक निचले स्तर पर

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप जीत के करीब पहुंचने के बीच ईरान की मुद्रा रियाल बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रियाल का भाव 7,03,000 हो गया। वर्ष 2015 में दुनिया की ताकतों के साथ ईरान के परमाणु करार के समय एक रियाल का भाव एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32,000 था। ट्रंप 2018 में एकतरफा तरीके से इस करार से हट गए थे। इससे दोनों देशों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया, जो आज भी कायम है।




## लोक आस्था का महापर्व है छठ। परम नियम-निष्ठा और सात्विकता के साथ चार दिवसीय यह पर्व नहाय-खाय से शुरू हो गया। रांची में बिहार, यूपी और झारखंड सहित अन्य प्रांतों के लोग भी इस पर्व को लेकर बहुत उत्साहित हैं। लोगों का मानना है कि यही एक ऐसा पर्व है, जिसमें एक दूसरे से किसी भी प्रकार का वैर भूलकर सहयोग के लिए लोग आगे आते हैं।

## छठ पूजा शुभ मुहूर्त

छठ पूजा सूर्यदेव की उपासना के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्यदेव की बहन है। इसलिए छठ पर्व पर छठ देवी को प्रसन्न करने के लिए सूर्य देव को प्रसन्न किया जाता है। महाभारत में भी छठ पूजा का उल्लेख किया गया है। पांडवों की माता कुंती को विवाह से पूर्व सूर्य देव की उपासना कर आशीर्वाद स्वरुप पुत्र की प्राप्ति हुई जिसका नाम कर्ण था। पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने भी उनके कष्ट दूर करने के लिए छठ व्रत की थीं।

### छठ पर्व का महत्व

हिन्दू धर्म में छठ पर्व का विशेष महत्व है। इस पर्व को महिला और पुरुष समान रूप से मानते हैं। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से आरंभ होकर सप्तमी तक चलता है। पहले दिन यानि चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के रूप में मनाया जाता है। दूसरे दिन यानि पंचमी को खरना व्रत किया जाता है। इस दिन शाम के समय व्रती प्रसाद के रूप में खीर और गुड़ के अलावे फल आदि का सेवन करती हैं। इसके साथ ही अगले 36 घंटे के लिए निर्जला व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि खरना पूजन से छठ देवी खुश होती हैं और घर में वास करतीं हैं। छठ पूजा की अहम तिथि षष्ठी को किसी नदी या जलाशय के में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का समापन होता है।

**इस साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि 7 नवंबर की देर रात 12.41 बजे से शुरू होगी और इसका समापन 8 नवंबर की देर रात 12.34 बजे होगा। ऐसे में 7 नवंबर, गुरुवार के दिन ही संध्याकाल का अर्घ्य दिया जाएगा। सुबह का अर्घ्य अगले दिन 8 नवंबर को दिया जाएगा।**

दिवाली के बाद सबसे बड़ा त्योहार आता है छठ पूजा। इस पर्व को छठ, छठी, डाला छठ, डाला पूजा, सूर्य षष्ठी जैसे अनेक नामों से जाना जाता है। छठ का भोजपुरी में अर्थ होता है छठा दिन। कार्तिक महीने की चतुर्थी से शुरू होकर सप्तमी तक मनाया जाने वाला ये त्यौहार चार दिनों तक चलता है। मुख्य पूजा कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की छठी के दिन की जाती है। इस दौरान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर उपासना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। इस दिन सूर्य की भी पूजा की जाती है। माना जाता है जो व्यक्ति छठ माता की इन दिनों पूजा करता है छठ माता उनकी संतानों की रक्षा करती हैं। मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा के लिए कई कथाएं प्रचलित हैं इनमें से एक प्रमुख है कि विजयादशमी के दिन लंकापति रावण के वध के बाद दिवाली के दिन भगवान राम अयोध्या पहुंचे। रावण वध के पाप से मुक्त होने के लिए भगवान राम ने ऋषि-मुनियों की सलाह से राजसूर्य यज्ञ किया। इस यज्ञ के लिए अयोध्या में मुग्दल ऋषि को आमंत्रित किया गया। मुग्दल ऋषि ने मां सीता को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को सूर्यदेव की उपासना करने की सलाह दी। इसके बाद मां सीता मुग्दल ऋषि के आश्रम में रहकर छह दिनों तक सूर्यदेव भगवान की पूजा की थी। इसके बाद से ही यह पर्व मनाया जाता है। मुख्य पूजा 26 अक्टूबर को की जाएगी।

पहले जिस प्रकार से पूजा की परंपरा थी, उसमें अब बहुत कुछ बदल गया है। नदी, तालाबों में जाकर अर्घ्य देने की जगह अब कई व्रती अपने-अपने घर पर कुएं या हौज में पानी भरकर वहीं पर खड़े होकर भगवान भास्कर का ध्यान कर अर्घ्य दे देती हैं। इसके पीछे कारण यह है कि पहले नदी, तालाब का पानी दूषित नहीं था। अब कई नदी-तालाबों का पानी दूषित हो गया है। व्रती के कपड़े पर ध्यान दिया जाए तो पहले व्रती बिना सिलाई वाले ही कपड़े अर्घ्य के समय इस्तेमाल करती थीं। उसी कपड़े में भोर का भी अर्घ्य



दिया जाता था। खास कर धोती या साड़ी ही लोग पूजा के समय इस्तेमाल करते थे। इसमें में भी बदलाव आया है। बुजुर्ग व्रती ही केवल साड़ी या धोती में अर्घ्य देते देखी जाती हैं। पहले दीपावली खत्म होते ही घरों में महिलाएं छठ व्रत का गीत सुबह और शाम में गाना शुरू कर देती थीं। अब यह परंपरा लगभग खत्म हो चुकी है।

सनातन धर्म में अनेक व्रत वर्णित हैं जिनमें सूर्य षष्ठी व्रत अर्थात् छठ व्रत का विशेष महत्व है। यह श्रद्धा, स्वच्छता, पवित्रता एवं शुचिता के साथ किया जाने वाला व्रत है। व्रत करने से मनुष्य की अन्तरात्मा एवं अंतर्मन शुद्ध होता है। किसी भी विशेष अनुष्ठान को करने से पूर्व पूर्णरूपेण शुद्धि की आवश्यकता होती है। अतः भगवान भास्कर के महाव्रत छठ के लिए तो पवित्रता, शुद्धता एवं सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। व्रत के समय में व्रती की बुद्धि निर्मल और सात्विक रहनी चाहिए तथा उसे काम, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, द्वेष आदि मानसिक विकारों से दूर होना चाहिए। व्रत का नियम सबके लिए एक समान है, जिससे समानता का भाव मिलता है। छठ व्रत की तैयारी के क्रम में सभी अपने घरों की पूर्णरूप से सफाई करते हैं।

मनुष्य के भोजन का प्रभाव उसके बुद्धि, विचार तथा मन पर पड़ता है। अतः व्रत से पूर्व नहाय खाय द्वारा शरीर रूपी घर को बाहर व भीतर से शुद्ध किया जाता है, जिससे मन काम, क्रोध, ईर्ष्या आदि गंदगी से दूर रहे। नहाय अर्थात् स्नान करना- इस क्रम में व्रती प्रातः नित्यकर्म से निवृत्त होकर नदी, सरोवर अथवा शुद्ध जल से घर में विधिवत स्नान करके भगवान भास्कर का ध्यान करते हैं। स्नानोपरांत साफ तथा पवित्र पात्र में सात्विक भोजन तैयार करते हैं। भोजन में अरवा चावल का भात, चने की दाल, लौकी अर्थात कद्दू की सब्जी आदि सात्विक भोजन तैयार कर भोग लगाकर प्रसाद के रूप में भोजन किया जाता है। सुपाच्य एवं सात्विक भोजन से बुद्धि विचार में भी सात्विकता आती है जिससे आध्यात्मिक विचारों का अभ्युदय होता है तथा व्रत के दौरान पेट संबंधी विकार का भय भी नहीं रहता है। नहाय खाय में यही भोजन सभी के लिए एक समान होता है, जो व्रत में एकरूपता का संचरण करता है।स्नान -ध्यान के बाद पीतल या मिट्टी के बर्तन में आम की लकड़ी जलाकर प्रसाद बनाया जाता है। इसमें कद्दू, चना दाल व अरवा चावल का विशेष महत्व है। इसी का प्रसाद व्रती ग्रहण करती हैं, जो पड़ोस के लोगों में भी बांटा जाता है। व्रती नहाय-खाय के दिन से ही बिस्तर त्याग देती हैं। जमीन पर कंबल या दरी बिछा कर सोती हैं। दूसरे दिन परवैतिन उपवास रहकर सांयकाल देवी-देवताओं व सूर्य भगवान को अ?र्घ्य अर्पित करती हैं। भगवान को भोग स्वरूप रोटी, खीर चढ़ाई जाती है। खरना के समय शोर नहीं करना होता है। खरना के वक्त व्रती के कानों में आवाज जाती है, तो वे खाना उसी समय छोड़ देती हैं। व्रती के प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही सभी लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

खरना के अगले अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती नदी, तालाब, कुआं या घर में पोखरा बनाकर अर्घ्य देती हैं।सुबह में उदीयमान भास्कर को अ?र्घ्य दिया जाता है। श्रद्धालुओं में व्रती के हाथों प्रसाद व आशीर्वाद पाने की प्रतीक्षा होती है।

## सामाजिक समता का भी पर्व है छठ

**हमारे** सामाजिक जीवन में उत्सव आनंद का संदेशवाहक होते हैं। रोजमर्रा की उथल-पुथल के बीच हम उत्सव के क्षणों को सहेज कर जीते हैं। अभी उत्सव का मौसम चल रहा है। दीपोत्सव के बाद बिहार के लोक आस्था का महापर्व छठ जो आदि और वर्तमान दोनों में उतना ही प्रयोजनमूलक है मनाया जाएगा।बिहार का लोक जीवन सामजिक और धार्मिक खांचों में बंटा हुआ है। सांस्कृतिक रूप से भी यहां के लोगों का इन्हीं दो धड़ों के बीच बंटकर रह जाने को विवश होना शायद विडंबना बन चुकी है। लेकिन इन सब के बीच उत्सवधर्मिता इन बंटे हुए खांचों के बीच एक सेतु काम करती है। लोक आस्था का पर्व छठ भले ही सूर्योपासना से माना जाता हो लेकिन इसका एक और पहलु है जो शायद अब तक नेपथ्य में ही रहा है। धार्मिक आस्था का यह पर्व समाजिक समता का सबसे बड़ा सूत्रधार है।

चार दिन तक चलने वाला यह पर्व सामाजिक रूप से हर तबके को आपस में करीब लाता है। पर्व की खासियत ही यही है कि कर्मकांडों की जटिलता से यह ऊपर है।छठ घाटों पर एक बनी छठ माता के टीले पूजा के लिए बने तो जरूर होते हैं लेकिन समाज के हर तबके को करीब लाते हैं। यही एक ऐसा पर्व जहां खांचे पूरी तरह से खत्म हो जाते हैं छठ व्रती पूरी तरह से अपने आप को एक अति सामान्य मानते हैं और व्रतियों के प्रति लोगों का आदर असमान्य होता है फिर वह चाहे किसी जाति या आर्थिक स्तर का हो।सामाजिक समता इन चार दिनों में हर कोने में नजर आती है। विशेषता ही है कि



एक धनाढ्य का छठ अगर एक निचले तबके का व्यक्ति कर रहा हो तो उसकी धनाढ्यता उसके समाने गौण ही रहेगी। यही स्थिति बंटे हुए जाति वर्गों में भी रहती है।छठ का महत्व इससे भी आगे है। बिहार का सांस्कृतिक पहचान के रूप में निकट के वर्षों में इसकी पहचान बनी है। छठ का इतिहास भले ही समृद्धि की चोटी पर है लेकिन इस पर्व का भूगोल भी बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश से बाहर निकला है। दिल्ली की यमुना और मुंबई के मरीन ड्राइव पर होने वाली बिहारियों की भीड़ इसकी तस्दीक करती है। सूबे के सियासतदानों की भी इसमें महती भूमिका है। बिहार से बाहर रहने वाले लोग भले ही बिहार को हृदय से स्वीकारने में हिचकिचाएं लेकिन छठ घाटों पर इसकी ब्रांडिंग करने से नहीं चूकते।

## यूं मनाया जाता है छठ पर्व

दीपावली के बाद भैयादूज के तीसरे दिन से छठ पर्व आरंभ होता है। यह पर्व 4 दिनों तक मानाया जाता है। इसमें पहले दिन सैंधा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ली जाती है। अगले दिन से उपवास आरंभ होता है। इस दिन रात में खीर बनती है। व्रतधारी



रात में यह प्रसाद लेते हैं। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य यानी दूध अर्पण करते हैं। अंतिम यानी चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य चढ़ाते हैं। इस पूजा में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इन दिनों लहसुन, प्याज वर्जित है। जिन घरों में यह पूजा होती है, वहां भक्तिगीत गाए जाते हैं।

## छठ धार्मिक के साथ -साथ सांस्कृतिक पर्व भी

आस्था,श्रद्धा और विश्वास का पर्व है छठ पर्व। सूर्य की अराधना होती है, उपासना होती है। भारत वर्ष में जब कभी ऋतु परिवर्तन होता है तो उस समय एक न एक त्योहार अवश्य होता है। इस समय ठंड का मौसम दस्तक देने लगा है। उसकी तैयारी अर्थात उसके स्वागत की तैयारियों का प्रारंभ छठ व्रत उपवास से प्रारंभ हो जाता है। सूर्य दक्षिणायन होते है। जिससे तापमान मे कमी होने लगती है। छठ व्रत बिहार की संस्कृति का एक हिस्सा है। यह धार्मिक पर्व के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्व भी है। समय जरूर बदला है किंतु बिहार की संस्कृति नहीं बदली है। छठ के घाटों पर मेला लगा रहता है। बेहिचक लोग परिचित-अपरिचित सभी से प्रसाद की याचना करते हैं। इस प्रसाद को पाना ही बड़ी उपलब्धि मानते हैं तथा बड़ी श्रद्धा से ग्रहण करते हैं।



## छठ पूजा प्रकृति आराधना का महापर्व



छठ महापर्व आदि दे[redacted]
आराधना का भी त्योहार है। [redacted]
है। खेतों में लहलहाती ध[redacted]
किसान मन प्रकृति [redacted]
गोविंद, तुभ्यमेव स[redacted]
होकर उनकी आराध[redacted]
कि यह एक ऐसा त्यो[redacted]
ही बाजार होता है ज[redacted]
देव को अर्घ्य देने के [redacted]

**छठ** - केला, मूली, नींबू, [redacted]
किसान खुद ही उपजाता था। [redacted]
वह भी खेती-किसानी करने [redacted]
चुके पुरबिया लोगों को अब य[redacted]
बाजार भी बिल्कुल अलग है। [redacted]

सार समाचार

## कैंडी में लंका टी10 सुपर लीग का पहला संस्करण खेला जाएगा

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रमुख स्थलों में से एक, प्रतिष्ठित पहाड़ी राजधानी कैंडी में लंका टी10 सुपर लीग का पहला संस्करण खेला जाएगा। तदनुसार, टूनामेंट के सभी मैच 12 से 22 दिसंबर तक कैंडी के पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

श्रीलंका के वार्षिक क्रिकेट कैलेंडर में सबसे नया जोड़ा गया लंका टी10 सुपर लीग, शीर्ष श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ-साथ बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय सितारों के अलावा युवा और उभरते सितारों को भी शामिल करेगा। श्रीलंका पहले से ही लंका प्रीमियर लीग की मेजबानी कर रहा है, जो एक पेशेवर टी20 लीग है।

इस टूनामेंट में छह टीमें- कोलंबो स्ट्राइकर्स, गैल मार्वल्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स, जाफना टाइटन्स, कैंडी बोल्ट्स और नेगोम्बो ब्रेव्स -इस टूनामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि प्रत्येक टीम में अधिकतम 17 खिलाड़ी और न्यूनतम 15 खिलाड़ी होंगे, जिनमें सात अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे। श्रीलंका के सबसे खूबसूरत स्थलों में से एक पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम ने 2010 में अपनी शुरूआत के बाद से सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की है। इस मैदान पर तीन आईसी पुरुष 50 ओवर के विश्व कप मैच, नौ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच और तीन वनडे एशिया कप मैच आयोजित किए गए हैं। यह स्थल, जो कैंडी बोल्ट्स का घर है, श्रीलंका क्रिकेट के चार उत्कृष्टता केंद्रों में से एक का आधार भी है, जो खेल के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। टी10 खेल का सबसे नया और सबसे छोटा प्रारूप है जो पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

## जेपी ग्रीन्स ग्रेटर नोएडा में नाइट गोल्फ फेस्टिवल का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स, ग्रेटर नोएडा, 5 से 7 नवंबर तक तीन दिवसीय भव्य नाइट गोल्फ फेस्टिवल की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जिसका उद्घाटन क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने किया। इस कार्यक्रम में ग्रेग नॉर्मन द्वारा डिजाइन किए गए भारत के पहले चैंपियनशिप गोल्फ कोर्स के आकर्षक माहौल में 350 गोल्फर खेलेंगे।

देहाती थीम के साथ, यह फेस्टिवल गोल्फ, लाइव मनोरंजन, खरीदारी, भोजन और मौज-मस्ती का एक रोमांचक मिश्रण पेश करता है, जो निवासियों और आगंतुकों दोनों के लिए एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। गोल्फ के रोमांचक राउंड के अलावा, फेस्टिवल में बॉलीवुड और अंग्रेजी रेट्रो कलाकारों द्वारा लाइव संगीत, गोल्फ परिधान और जीवनशैली उत्पादों के लिए शॉपिंग स्टॉल और लिव एंड लर्न फाउंडेशन (एनजीओ) द्वारा एक प्रदर्शन भी शामिल होगा।

उपस्थित लोग विभिन्न काउंटरों पर स्वादिष्ट भोजन और पेय पदार्थों का आनंद ले सकते हैं और बूमरैंग झ्र क्लब हाउस में आराम कर सकते हैं, जो दोस्तों और परिवार के साथ आराम करने के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मजेदार खेल और गोल्फ क्लिनिक भी शामिल हैं।

जेपी होटल्स लिमिटेड की प्रबंध निदेशक मंजू शर्मा ने अपना उत्साह साझा किया: ह्लनाइट गोल्फ फेस्टिवल जेपी ग्रीन्स को गोल्फ के प्रति उत्साही और परिवारों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने का एक रोमांचक अवसर है। यह एक अनूठा अनुभव बनाने के बारे में है जहां हमारा समुदाय एक साथ आ सकता है, अपने पसंदीदा खेल का आनंद ले सकता है और परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बिता सकता है। हमें एक ऐसा कार्यक्रम पेश करने पर गर्व है जो एक शानदार वातावरण में खेल, मनोरंजन और जीवनशैली का सबसे अच्छा मिश्रण है। जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स की विश्व स्तरीय सुविधाओं और शांत परिवेश ने इसे न केवल गोल्फर के लिए स्वर्ग बना दिया है, बल्कि व्यावसायिक बैठकों के लिए भी एक पसंदीदा स्थान बना दिया है।




17 साल बाद

# भारत-पाकिस्तानी खिलाड़ी खेलेंगे एकसाथ !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट फैंस के लिए एक खुशखबरी है कि एफ्रो-एशिया कप दोबारा से शुरू होने वाला है. अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन ने बीते शनिवार अपनी वार्षिक बैठक की, जिसमें 6 लोगों की एक अंतरिम समिति का गठन किया गया, जो एशिया और अफ्रीकी क्रिकेटरों को अधिक अवसर प्रदान करने के प्रति कदम उठाएगी. यह समिति अन्य देशों के क्रिकेट संघों से संपर्क साधकर अलग-अलग महाद्वीपों के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने पर जोर देगी. एफ्रो-एशिया कप भी उन्हीं में से एक हो सकता है.

एफ्रो-एशिया कप में एशिया इलेवन और अफ्रीका इलेवन टीम आमने-सामने आती हैं. यह टूर्नामेंट पहली बार 2005 में खेला गया, जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका ने की, वहीं 2007 में इसे भारत ने होस्ट किया था. इसका तीसरा संस्करण साल 2009 में केन्या में होने वाला था, लेकिन उस साल एफ्रो-एशिया कप खेला ही नहीं जा सका. यह टूर्नामेंट इसलिए भी खास हो सकता है क्योंकि इसमें भारत और पाकिस्तानी प्लेयर साथ खेलते हुए नजर आ सकते हैं, जिनके बीच पिछले डेढ़ दशक से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है.

एसीए के अंतरिम चेयरमैन तावेंगा मुकुलानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि क्रिकेट में अधिक अवसरों के अलावा एफ्रो-एशिया कप दोनों पक्षों के लिए आर्थिक दृष्टि से फायदेमंद साबित होगा. मुकुलानी ने कहा, ÷हमने एशिया क्रिकेट काउंसिल के अधिकारियों से बात की है और साथ ही अफ्रीकी क्रिकेट संघों से भी संपर्क साधा गया है. वे सब एफ्रो-एशिया कप को दोबारा शुरू करने के पक्ष में हैं. याद दिला दें कि साल 2005 में हुई तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर छूटी थी. उस समय वीरेंद्र सहवाग, शाहिद अफरीदी और सनथ जयसूर्या एकसाथ खेलते दिखे थे. वहीं 2007 में एशिया इलेवन ने 3-0 से अफ्रीका इलेवन का सूपड़ा साफ किया था. इस बार शोएब अख्तर, एमएस धोनी, जहीर खान और मोहम्मद आसिफ जैसे दिग्गजों ने महफिल लूटी थी.

## 24-25 नवंबर को सऊदी अरब में होगी आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी को सऊदी अरब के जेद्दाह में 24-25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। यह दूसरा साल है जब आईपीएल की नीलामी विदेश में हो रही है, लेकिन इस बार यह आयोजन पर्थ में चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के साथ टकरा रहा है। आईपीएल की मेगा नीलामी को काफ़ी दर्शक देखते हैं क्योंकि इसमें 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी अगले तीन वर्षों (2025-27) के लिए अपनी टीम तैयार करेंगी।

हाल ही में सभी फ्रेंचाइजी ने कुल मिलाकर 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसमें दक्षिण अफ़्रीका के विकेटकीपर-ऑलराउंडर हेनरिक क्लासेन को सबसे महंगे रिटेंशन के रूप में शामिल किया गया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 23 करोड़ रुपये में अपनी टीम में रिटेन किया है। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और वेस्टइंडीज़ के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ निकोलस पूरन (लखनऊ सुपर जायंट्स) 21 करोड़ रुपये की राशि के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे महंगे रिटेंशन रहे।आईपीएल 2025 के लिए प्लेयर रजिस्ट्रेशन 4 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ, जिसमें कुल 1,574 खिलाड़ियों (1,165 भारतीय और 409 विदेशी) ने नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण किया है। रजिस्ट्रेशन किए गए खिलाड़ियों में 320 कैप्ड खिलाड़ी, 1,224 अनकैप्ड खिलाड़ी, और 30 एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी शामिल हैं। दो दिवसीय नीलामी में राजस्थान रॉयल्स के पास 41 करोड़ का सबसे छोटा बजट होगा क्योंकि राजस्थान की टीम उन दो टीमों में से एक थी जिन्होंने अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी अपने मुख्य समूह के छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है, लेकिन उनके पास 51 करोड़ का बजट होगा क्योंकि उनके रिटेंशनों में दो अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। दोनों टीमों के पास नीलामी में राइट-टू-मैच कार्ड नहीं होंगे। पंजाब किंग्स के पास सबसे मजबूत बजट होगा, जो 110.5 करोड़ रुपये है, क्योंकि उन्होंने कुल 120 करोड़ के बजट में से केवल 9.5 करोड़ रुपये अनकैप्ड जोड़ी शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को रिटेन करने में ख़र्च किए हैं। पंजाब के पास नीलामी में अधिकतम चार राइट-टू-मैच कार्ड होंगे। पांच टीमों (मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स, सनराइजर्स और सुपर जायंट्स) ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिससे उनके पास नीलामी में केवल एक राइट-टू-मैच कार्ड होगा। रॉयल चैलेंजर्स ने तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया था। इस कारण से उनके पास तीन राइट-टू-मैच कार्ड होंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने चार खिलाड़ियों को रिटेन किया था और वे दो राइट-टू-मैच कार्ड के साथ नीलामी में जाएंगे।

## रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की एएफसी चैंपियंस लीग में बड़ी जीत

**रियाद, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं।



इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी।

वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया। मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम दक्षिण कोरिया के दो बार के चैंपियन उल्सान एचडी पर 3-0 से जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

## 1574 खिलाड़ियों की सूची से बेन स्टोक्स गायब

**मुंबई, एजेंसी।** इंग्लैंड के बेन स्टोक्स 1,574 खिलाड़ियों की सूची से गायब हैं जबकि पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली आईपीएल मेगा



नीलामी से पहले 1.25 करोड़ रुपए के बेस प्राइज पर खुद को पंजीकृत किया है। फ्रैंचाइजी द्वारा अपनी राय देने के बाद सूची को छोटा किया जाएगा जिसमें ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, आर अश्विन और युजवेंद्र चहल सहित सभी मार्की भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें उनकी टीमों से रिलीज कर दिया गया था। इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी ने खुद को 2 करोड़ रुपए के बेस प्राइज पर सूचीबद्ध किया है।

बॉक्सिंग:

# भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने जीता डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब

ब्रिटेन के कोनोर को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है।

ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कोनोर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी।

जांगड़ा ने कहा, यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका। हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। उन्हें उम्मीद है कि यह खिताब अधिक भारतीय मुक्केबाजों को पेशेवर बनने के लिए प्रेरित करेगा। जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अभी तक 12 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, जिनमें सात नॉकआउट जीत शामिल हैं। उन्होंने एमेच्योर मुक्केबाज के रूप में 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

फीडे महिला ग्रां प्री:

# दिव्या को मिली पहली जीत हम्पी की पहली हार




**सिमकेंत , कज़ाकिस्तान, एजेंसी।** विश्व महिला शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024-2025 का हिस्सा फीडे महिला ग्रां प्री के दूसरे चरण के पांचवें राउंड में रोमांचक मुकाबलों के साथ अब टूर्नामेंट नें आधा पड़ाव पार कर लिया है , पांचवें राउंड में हुए पांच में से चार खेल निर्णायक साबित हुए। रूस की अलेक्सांद्रा गोर्याचकिना ने चीन की तान झोंगयी पर शानदार जीत दर्ज कर एकल बढ़त हासिल कर ली है यह अलेक्सांद्रा की लगातार तीसरी जीत थी। यह दिन अप्रत्याशित मोड़ों से भरा हुआ था, जहां सबसे आगे चल रही भारत की कोनेरु हम्पी को कज़ाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा ने मात दी तो भारत की दिव्या देशमुख ने मंगोलिया की मुंगुनतूल बटखुयाग को पराजित करते हुए इस स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। ग्रीस की स्तावरोला त्सोलाकिदौ ने जर्मनी की एलिज़ाबेथ पैट्ज़ पर कठिन जीत हासिल की। वहीं, बुल्गारिया की नुर्ग्युल सलीमोवा और रूस की लाग्नो काटरेना का मुक़ाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

# डेविड वॉर्नर सिडनी थंडर्स के नए कप्तान

- **12 दिन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बैन हटाया था**

**सिडनी, एजेंसी।** डेविड वॉर्नर ने जनवरी 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपना आखिरी मैच खेला था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर बिग बैश लीग के अगले सीजन के लिए सिडनी थंडर्स के नए कप्तान बनाए गए हैं।



वे क्रिस ग्रीन की जगह लेंगे। यह जानकारी बुधवार रात फ्रेंचाइजी ने दी। वॉर्नर 2011 में इस फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर चुके हैं। 12 दिन पहले 25 अक्टूबर को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कंडक्ट कमीशन ने वॉर्नर के ऊपर से लाइफ टाइम कप्तानी का बैन हटाया था।

वे साल 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बॉल टेम्परिंग करने के लिए बैन किए गए थे। बॉल टेम्परिंग मामले में वॉर्नर के अलावा बॉल टेम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी दोषी पाए गए थे, जिन्हें एक-एक साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया गया था। उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बैन वापस लेने की अपील की थी। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को चैंपियन बना चुके हैं वॉर्नर डेविड वॉर्नर अपनी कप्तान में सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग में चैंपियन बना चुके हैं।

स्त्रऌ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 8 रन से हराकर 2016 के सीजन का टाइटल जीता था। 17 दिसंबर को एडिलेड स्ट्राइकर्स से पहला मुकाबला सिडनी थंडर की टीम 17 दिसंबर को अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम इस सीजन का पहला मुकाबला कैनबरा में एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ खेलेगी।

फ्रेंचाइजी लीग में सिर्फ एक खिताब जीत सकी है। टीम ने 2015-16 के सीजन में मेलबर्न स्टार्स को हराकर टाइटल जीता था। सिडनी थंडर्स ने फाइनल मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स को 3 विकेट से हराया था।



# चचेरी बहन के साथ रानी मुखर्जी ने मनाया काली पूजा का त्यौहारा

बीते दिनों काली पूजा का त्योहार बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपनी चचेरी बहन तनिषा मुखर्जी के साथ मनाया। इस समारोह में उनकी करीबी दोस्त काजोल भी शामिल हुईं। इस अवसर पर दोनों बहनें बेहद खूबसूरत नजर आईं। एक्ट्रेस रानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बैंगनी रंग के भारतीय परिधान में नजर आ रही हैं, जिसमें सुनहरे और सफेद रंग की डिटेलिंग की गई है। इस वीडियो में रानी, काजोल की छोटी बहन तनिषा और अन्य दोस्तों के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। काली पूजा, हिंदू देवी काली को समर्पित है, जिसे हिंदू कैलेंडर के अश्वयुज या कार्तिक महीने की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, मिथिला, झारखंड, ओडिशा, असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले महीने दुर्गा पूजा के दौरान भी रानी, काजोल और तनिषा को एक साथ देखा गया था। इस दौरान, बहनों को सिंदूर खेला जैसे शुभ कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए देखा गया था। रानी मुखर्जी की पेशेवर जिंदगी की बात करें तो वह जल्द ही 'मर्दानी' के नए भाग में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की घोषणा 22 अगस्त को की गई थी। यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन हाउस ने यूट्यूब पर एक टीजर जारी किया है, जिसमें पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ाया गया है। मर्दानी' 2014 में रिलीज हुई थी, और इसका दूसरा भाग 'मर्दानी 2' 2019 में आया था। 'मर्दानी' की कहानी शिवानी शिवाजी रॉय नामक एक जिद्दी पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अपहृत किशोरी के मामले को सुलझाने के प्रयास में मानव तस्करी के रहस्यों का पता लगाती है। पहले भाग का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था, जिसमें जीशु सेनगुप्ता, ताहिर राज भसीन और सानंद वर्मा जैसे अभिनेता भी सहायक भूमिकाओं में थे। 'मर्दानी 2' में रानी ने एक बार फिर अपने किरदार शिवानी को दोहराया है। इस बार उनकी कहानी एक 21 वर्षीय बलात्कारी और हत्यारे के खिलाफ है, जिसका किरदार विशाल जेठवा ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन गोपी पुथ्रन ने किया था।

# दिवाली पार्टी में शामिल नहीं हुए गोविंदा

हर साल की तरह इस बार अभिनेता गोविंदा दिवाली पार्टी में शामिल नहीं हो पाए। उन्हे डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी थी। यह जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी पतनी सुनीता गोविंदा ने दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनकी पत्नी सुनीता गोविंदा के स्वास्थ्य के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि पिछले महीने गोविंदा गलती से अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली चलाकर घायल हो गए थे। इस वीडियो में सुनीता को अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ पैपराजी के सवालों का जवाब देते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, सर एकदम ठीक हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम करने का बोला है, इसलिए वह इस साल दीपावली नहीं मना रहे हैं, सिर्फ मैं बच्चों के साथ मना रही हूं। बता दें कि अक्टूबर को यह घटना उस समय हुई जब गोविंदा अपने घर में अपनी पिस्टल साफ कर रहे थे। गोली चलने से उनके पैर में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए जुहू के क्रिटिकेयर अस्पताल ले जाया गया। अभिनेता को 4 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी, और उन्होंने इस घटना की जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की थी। अस्पताल के बाहर व्हीलचेयर पर बैठे गोविंदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा था, मैं देश के सभी लोगों को उनके प्यार, प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं प्रशासन, पुलिस और एकनाथ शिंदे को खास तौर पर शुक्रिया कहना चाहता हूं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद ने मुझे सुरक्षित रखा है। आपके प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। जय माता दी। गोविंदा ने गोली चलने की घटना को याद करते हुए कहा, यह एक गहरी चोट थी, और जब यह लगी तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। ऐसा लगा जैसे कुछ हो गया हो। मैं कोलकाता में एक शो के लिए जा रहा था, और सुबह करीब 5 बजे गोली चल पड़ी। मैं दंग रह गया और फिर मैंने खून का फव्वारा निकलता देखा। मेरे डॉक्टर मेरे साथ थे और उन्होंने मेरी मदद की।






# भूल भुलैया 3 की थिएटर ऑक्यूपेंसी सिंघम अगेन से ज़्यादा

बालीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 की थिएटर ऑक्यूपेंसी सिंघम अगेन से कहीं ज़्यादा है। भूल भुलैया 3 ने शानदार शुरुआत की है। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म ने देशभर के सिनेमाघरों में सुबह के शो में जोरदार ओपनिंग की है। जयपुर के सिनेमाघरों ने भूल भुलैया 3 के लिए रिकॉर्ड ऑक्यूपेंसी देखी, जिसके 86,000 देखे गए, जबकी सिंघम अगेन के सिर्फ 28,000 एडमिशंस हुए। इंदौर में भी कुछ ऐसा ही हाल था, जहां भूल भुलैया 3 में 26,000 एडमिशंस हुए थे, वहीं सिंघम अगेन के सिर्फ 10,000 एडमिशंस हुए। भूल भुलैया 3 एडवांस बुकिंग काउंटर पर पहले ही सिंघम अगेन से आगे निकल चुकी है, और अब अपने पहले दिन पर भी जबरदस्त इम्पैक्ट बना रही है। जिस तरह का रिस्पॉन्स मिल रहा है, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म सफलता की राह पर है और एक नया बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड सेट करेगी। यह वाकई खास बात है कि कार्तिक आर्यन सिंघम अगेन में अजय देवगन और अक्षय कुमार जैसे बड़े स्टार्स के सामने अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा का रोल निभाते हुए नजर आएंगे जो सुपर हिट भूल भुलैया 2 से है। उनके साथ तृप्ति डिमरी, ओरिजिनल मंजुलिका (विद्या बालन) और उनकी पार्टनर इन क्राइम यानी माधुरी दीक्षित भी नजर आएंगी। अनीस बज्मी द्वारा डायरेक्टेड और भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। यह फिल्म बॉलीवुड की पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी फेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

# अमिषा को 'चलते चलते' रिजेक्ट करने का है मलाल




बालीवुड स्टार ऋतिक रोशन और सनी देओल संग ब्लॉकबस्टर दे चुकी एक्ट्रेस अमीषा पटेल को मलाल है कि उन्होंने 2003 की सुपरहिट फिल्म को रिजेक्ट किया था। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में थे। फिल्म का नाम 'चलते चलते' है। अमीषा ने फिल्म को रिजेक्ट किया, तो यह रोल रानी मुखर्जी के पास गया। इस फिल्म को रिजेक्ट करने का उन्हें आज भी दुख है। उन्होंने करियर में आए उतार-चढ़ाव पर भी बात की। अमीषा ने खुलासा किया कि उनके सेक्रेटरी ने उन्हें 'चलते चलते' के ऑफर के बारे में सही से जानकारी नहीं दी थी, जिसके चलते उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया। अमीषा पटेल ने कहा, 'अपने प्रोफेशन में, मैंने कुछ फ़िल्में मिस कर दीं। कुछ फ़िल्में बहुत सफल रहीं और कुछ असफल रहीं। मैंने शाहरुख़ खान की फिल्म 'चलते चलते' में काम नहीं किया क्योंकि मुझे नहीं पता था कि यह फ़िल्म मुझे ऑफ़र की गई थी। मेरे सेक्रेटरी ने मुझे नहीं बताया कि यह फिल्म ऑफर की गई थी।' अमीषा पटेल ने आगे कहा, 'जब फिल्म रिलीज होने वाली थी और शाहरुख खान इसके लिए डबिंग कर रहे थे, तो वे मुझे डबिंग स्टूडियो में ले गए और मुझे कुछ एडिट दिखाए। उन्होंने कहा, 'आओ, मैं तुम्हें फिल्म के एडिट दिखाता हूं जिसे तुमने मना कर दिया था।' मैंने जवाब दिया, 'शाहरुख, मैंने क्या मना किया है?' और उन्होंने कहा, 'इस फिल्म को।'卐 अमीषा पटेल ने बाद के सालों में एक भी हिट फिल्में नहीं दीं। लेकिन अमीषा ने 2023 में 'गदर 2' के साथ शानदार कमबैक किया।

फिल्म को मिले-जुले रिव्यू मिले। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 686 करोड़ रुपए की कलेक्शन किया, जो 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लिस्ट में शामिल थी। बता दें कि ऋतिक रोशन के साथ 'कहो ना प्यार है' से पॉपुलैरिटी पाने और सनी देओल के साथ 'गदर' की बड़ी सफलता के बाद, अमीषा पटेल को अपने फ़िल्मी करियर में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।

# दीपिका का लेडी सिंघम के रूप में जोरदार रहा है प्रभाव

बालीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में खुद को साबित किया है। इस फिल्म में उनका प्रभाव लेडी सिंघम के रूप में जोरदार रहा है। एक्ट्रेस के किरदार के इंट्रोडक्शन ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है, कई लोगों ने स्क्रीन पर उनके मजबूत प्रेजेंस और पॉवरफुल परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की है। दीपिका अपनी वर्सेटिलिटी के लिए जानी जाती हैं, और उन्होंने शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की इंटेंस दुनिया में बिना किसी दिक्कत के कदम रखा है। बता दें कि उन्होंने फेंचाइजी में नई एनर्जी और एक मजबूत महिला किरदार शक्ति शेट्टी को इंट्रोड्यूस किया है। उनका आउटस्टैंडिंग एंट्री सीन अब हॉट टॉपिक बन गया है, जिसे देखते हुए फैंस उनकी डेरिंग परफॉर्मेंस और दूसरे किरदारों के साथ मजबूत केमिस्ट्री की खूब तारीफ कर रहे हैं। खासतौर पर अजय देवगन के फेमस किरदार बाजीराव सिंघम के साथ। बहुत ही पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद फैंस लेडी सिंघम शक्ति शेट्टी को मेन किरदार के रूप में एक स्टैंडअलोन फिल्म बनाने की मांग कर रहे हैं।

इतना ही नहीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी को टैग करके लेडी सिंघम की कहानी को और आगे बढ़ाने की रिक्वेस्ट तक की है। ये देखना कमाल है कि चेन्नई एक्सप्रेस के बाद जहां रोहित शेट्टी और दीपिका पादुकोण ने मीनम्मा को इंट्रोड्यूस किया था और वह एक यादगार किरदार बन गई। ऐसे में अब शक्ति शेट्टी के जरिए फिर से एक्टर और डायरेक्टर की इस जोड़ी ने एक और सक्सेसफुल प्रोडक्ट देकर सबको इंप्रेस कर दिया है। नेटिजन्स के प्यार के साथ-साथ क्रिटिक्स भी दीपिका पादुकोण की तारीफ कर रहे हैं।





# आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप की शादी को हुए 16 साल पूरे

बॉलीवुड कपल आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप की कल वेडिंग एनिवर्सरी थी। यह बालीवुड कपल अपनी शादी की 16वीं सालगिरह मना रहा है। वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर कपल ने एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर एक दूसरे को एनिवर्सरी की शुभकामनाएं दी है। फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शादी की तस्वीरें शेयर कर पति को सालगिरह की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'यह काफी लंबा सफर रहा है! श्री गणेश के चित्रों से लेकर लाल जेबरा फूलों के बैकग्राउंड और बनावटी पोज के साथ यह सफर काफी लंबा रहा। हैप्पी एनिवर्सरी। इसके साथ ही ताहिरा ने पिछले साल गलत तारीख पर बधाई देने वाली बात भी याद करते हुए लिखा-आपको पिछले साल गलत डेट पर बधाई देने की भरपाई करते हुए हैप्पी एनिवर्सरी। उन्होंने आगे लिखा 'जब आप शर्मिंदगी का जश्न मनाते हैं तो आप वास्तव में प्यार में होते हैं। शेयर की गई तस्वीरें आयुष्मान और ताहिरा दूल्हा-दुल्हन के गैटअप में बेहद प्यारे लग रहे हैं। बता दें, इस कपल ने साल 2008 में शादी रचाई थी और शादी के बाद दो बच्चों बेटे विराजवीर और बेटी वरुष्का का स्वागत किया। आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप कॉलेज के दिनों से एक दूसरे को जानते हैं।

# कृति सेनन ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ मनाया दीवाली का जश्न

दिवाली का त्यौहार बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने अपने परिवार के साथ मनाया। कृति सेनन ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ दीवाली का जश्न मनाते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जो तेजी से सुर्खियों में आ गईं। कृति ने इस मौके पर ट्रेडिशनल इंडियन स्टाइल के कपड़े पहने, जिसमें उन्होंने वेलवेट के थ्री-पीस सेपरेट्स सेट्स चुने। उनके इस ऑउटफिट में मैचिंग कुर्ता और पैंट के साथ एक कंट्रास्ट शेड का दुपट्टा शामिल था। कृति ने अपने लुक को सिंपल रखा, बिना किसी जूलरी के, लेकिन उनकी मेकअप ने पूरे लुक को और भी आकर्षक बना दिया। उन्होंने झिलमिलाते आईशैडो और न्यूड लिप्स के साथ अपने चेहरे को हाइलाइट किया। कृति के साथ तस्वीरों में उनकी बहन नुपुर सेनन भी नजर आईं, जिन्होंने लाल रंग का सूट पहना था। नुपुर ने अपने लुक को हेवी इयरिंग्स के साथ पूरा किया। कृति और कबीर की अफवाहें तब शुरू हुई थीं जब कृति ने यूपी टी20 सीजन 2 के लॉन्च इवेंट से अपनी परफॉर्मेंस का एक बीटीएस वीडियो साझा किया था, लेकिन कपल ने इन चर्चाओं पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। कृति के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने हाल ही में लीगल थ्रिलर फिल्म दो पत्ती में डबल रोल निभाया है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके अलावा काजोल और शहीर शेख जैसे सितारे भी हैं।



# शाहरुख के जन्मदिन पर जारी हुआ 'फौजी 2' का ट्रेलर

अभिनेता शाहरुख खान ने अपने आगामी शो 'फौजी 2' का ट्रेलर लॉन्च किया गया। शो में गौहर खान, विक्की जैन और कई नए कलाकारों की कास्टिंग की गई है। शाहरुख ने अपने जन्मदिन के खास मौके पर शो का ट्रेलर जारी कर अपने प्रशंसकों एक और तोहफा दिया है।

'फौजी 2' का प्रसारण 18 नवंबर से हर सोमवार से गुरुवार रात 9 बजे दूरदर्शन पर किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत गौहर खान के साइकिल चलाते हुए एक सीन से होती है, जिसके बाद दर्शकों को बॉक्सिंग, तैराकी, हैवी जिम वर्कआउट और बाइक रेसिंग जैसे विभिन्न खेलों में जवानों की चुनौतियों का सामना करते हुए दिखाया गया है। यह शो शाहरुख खान के मूल शो 'फौजी' का सीक्वल है, जो भारतीय टेलीविजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। गौहर खान ने शो के बारे में बात करते हुए कहा, इस तरह की रचनात्मक टीम के साथ मिलकर हमारे समय के प्रतिष्ठित शो में से एक बनाने से ज्यादा खास कुछ नहीं हो सकता। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं, जिसने कई दिलों को छुआ है। हम सभी यह देखने का इंतजार नहीं कर सकते कि हमने इस बार इसमें क्या नया किया है। 'फौजी' एक भावना है, इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम उस शो की विरासत को बनाए रखें जो सभी के दिलों में एक खास जगह रखता है। दूरदर्शन के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, फौजी अपने समय के सबसे सफल धारावाहिकों में से एक था, जो आज भी दर्शकों के दिलों को छूता है। जब हमें 'फौजी 2' का कॉन्सेप्ट मिला तो हम इसे लेकर रोमांचित थे। हम इसके मूल को बरकरार रखते हुए एक बार फिर सभी को उस अनुभव देने के लिए उत्सुक हैं।

'फौजी 2' का निर्देशन संदीप सिंह ने किया है, जबकि इसका सह-निर्माण विक्की जैन और जफर मेहदी ने किया है। क्रिएटिव हेड समीर हल्लीम हैं। शीर्षक गीत श्रेयस पुराणिक ने लिखा है, जिसे सोनू निगम ने अपनी आवाज दी है। निर्माता संदीप सिंह ने कहा, फौजी 2 उस क्लासिक को ट्रिब्यूट है जिसने हमें शाहरुख खान जैसी प्रतिभा से परिचित कराया। हम इसे नए तरीके से पेश कर रहे हैं। इस शो का निर्देशन सब मोह माया है' और 'ए वेडिंग स्टोरी' के निर्देशक अभिनव पारीक ने किया है, जबकि निशांत चंद्रशेखर भी निर्देशक की भूमिका में हैं।

